धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
20.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 220



12 आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने संगम में लगायी डुबकी

## न्यूज डायरी

### चैंपियंस ट्रॉफी: पहले ही मैच में हारा पाकिस्तान

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में ही मेजबान पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों 60 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी। टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107), ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की पारियों के बाद विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर की शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को उसे 60 रनों से हरा दिया

### आज भारत- बांग्लादेश भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में टीम इंडिया जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है। गेंदबाजी इकाई चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति टीम को खल रही है।

### सीएम के वरीय आप्त सचिव बने सुनील कुमार

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव बनाये गये। संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना में कहा गया है कि सुनील श्रीवास्तव को एक दिसंबर 2024 के प्रभाव से सीएम के वरीय आप्त सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति बिल्कुल अस्थाई और को-टर्मिनस है और किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

### गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गये हैं। वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग मार कर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं।

### पांच राज्यों को आपदा मद में 1554 करोड़

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार मंजूरी दी।

### ज्ञानेश कुमार ने संभाला सीइसी का पद भार

**नयी दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी मतदान है, इसलिए जो 18 साल की आयु पार कर चुका है, उसे मतदान करना चाहिए। हीं डॉ. विवेक जोशी ने भी चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80700 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | 101000 | रु./प्रति किलो |

दिल्ली में सीएम के नाम की घोषणा का इंतजार





# डमरू और शंख ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

## तीन दिनों तक छाया रहेगा उमंग और उल्लास, उदघाटन में बोले पर्यटन मंत्री- झारखंड का विकास प्राथमिकता

### पर्यटन क्षेत्र के विकास को सरकार कृत संकल्पित

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ हो गया। महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपिन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। बुधवार को पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पर्यटन विकास का संकल्प लेते हुए दीप प्रज्वलित कर ग्यारहवें महोत्सव समारोह का उदघाटन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, डीसी रमेश घोलप, इसपी विकास कुमार पाण्डेय, बौद्ध धर्म गुरु भंते प्रज्ञा दीप, भंते तिसावरो, पुजारी नागेश्वर तिवारी, झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचन्द जैन, शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी तथा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उपस्थित थे। अब तीन दिनों तक छाया रहेगा उमंग और उल्लास।






**संख-डमरू ध्वनि ने समां बांधी :** समारोह के उद्घाटन के दौरान डॉ विपिन मिश्रा के वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। उपायुक्त और एसपी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन से पूर्व सभी अतिथियों ने मां भद्रकाली और सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

(शेष पेज 11 पर)

### आपसी सद्भाव बढ़ाने पर जोर

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी धर्मों के बीच सह-अस्तित्व और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने पर जोर दिया। धर्म ने कभी भी लोगों को आपस में लड़ने की शिक्षा नहीं दी है। हिंदुस्तान में सभी धर्म सहजीविता के आधार पर एक-दूसरे की भावनाओं और आस्थाओं का सम्मान करते हुए साथ-साथ चलते आये हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया कि इटखोरी महोत्सव को धार्मिक समावेशन का प्रतीक बनाया जाये, ताकि इसकी पहचान पूरे राज्य, देश और विश्व स्तर पर स्थापित हो। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह स्थल अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के कारण वैश्विक पहचान बनायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

# गिरिडीह सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

## मधुबन के लट्टकट्टो में स्कॉर्पियो और बाइक में टक्कर

### तेज रफ्तार के कारण हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी-गिरिडीह पथ पर एक तेर रफ्तार के कारण भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा हुआ है। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक बाइक और स्कॉर्पियो के बीच जबरदस्त टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकरायी। मरने वालों में से चार लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे और बाकी लोग बाइक पर सवार थे।

यह हादसा मधुबन थाना इलाके के लट्टकट्टो में हुआ। मंगलवार की देर रात स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान लाइट से स्कॉर्पियो चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने पहले बाइक सवार को धक्का मार दिया फिर पेड़ से जा टकरायी। सूचना पर मधुबन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। एसडीपीओ सुमित कुमार ने घटना की पुष्टि की और बताया कि छह लोगों की जान चली गयी है। मरने वालों में चार स्कॉर्पियो पर सवार थे तो दो बाइक पर।



घटना में सिर्फ एक शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने काफी मशक्कत से वाहन से शव को बाहर निकाला।

(शेष पेज 11 पर)

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम, आज शपथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 12 दिनों तक नये सीएम के नाम पर जारी सस्पेंस बुधवार को खत्म हो गया। भाजपा विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री होंगी। विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में रेखा गुप्ता दिल्ली नये मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लग गयी। दिल्ली के नये सीएम की 'ताजपोशी' के लिए, रामलीला मैदान में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गुरुवार दोपहर 12:35 बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना नये मुख्यमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। 27 साल बाद दिल्ली विधानसभा में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिली है। 70 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है।

रामलीला मैदान में पीएम मोदी की मौजूदगी में दिल्ली की नयी सीएम की 'ताजपोशी' होगी। गुरुवार दोपहर 12:35 बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना उन्हें मुख्यमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी दिल्ली की झुग्गी बस्तियों के प्रधानों से मिलेंगे। समारोह में दिल्ली की करीब 250 झुग्गी बस्तियों के प्रधानों को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रामलीला मैदान में 5,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी और 10 से अधिक अर्धसैनिक बलों की कंपनियां तैनात रहेंगी।



### पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में लगी मुहर

बुधवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी के पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ की उपस्थिति में रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगी। दिल्ली के सीएम की रेस में प्रवेश वर्मा के अलावा सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता और शिखा राय जैसे कई चेहरों का नाम लिया जा रहा था, लेकिन, आखिरकार बाजी रेखा गुप्ता ने मार ली। नेता घोषित होते ही विधायकों और नेताओं ने रेखा गुप्ता को बधाई दी। उनके समर्थक जश्न मना रहे हैं। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, मैं रेखा गुप्ता को विधायक दल की नेता चुने जाने बधाई देना चाहती हूं। मुझे पता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में वह दिल्ली में विकास का एक नया अध्याय लिखेंगी।

**चौथी महिला सीएम :** रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला सीएम होंगी। इससे पहले उनसे पहले कांग्रेस की शीला दिक्षित, भाजपा की सुषमा स्वराज और आम आदमी पार्टी की आतिशी दिल्ली की सीएम रही हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# इडी ने धनबाद के प्रमोद सिंह को किया गिरफ्तार

### एनआरएचएम घोटाला

### तीन दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी एजेंसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, धनबाद। नेशनल रुरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रमोद कुमार सिंह धनबाद के रहने वाले हैं। एनआरएचएम में हुए जिस घोटाला मामले में ईडी ने प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है, वह 9 करोड़ से अधिक रुपये का है। जानकारी के मुताबिक, एजेंसी की ओर से प्रमोद को 12 समन दिया जा चुका था। लेकिन वह एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ। इसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**अब तीन दिन पूछताछ करेगी एजेंसी :** प्रमोद कुमार को गिरफ्तार करने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां ईडी ने कोर्ट से प्रमोद को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत मांगी। लेकिन कोर्ट ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। ईडी ने धनबाद के कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह की 1.63 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया था। ईडी ने दो सितंबर 2024 को जानकारी देते हुए बताया था कि प्रमोद कुमार सिंह और उनके परिवार से संबंधित 1.63 करोड़ (लगभग) की अचल संपत्ति को जब्त किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### एक अफसर पर भड़के वित मंत्री

### कहा -मन नहीं लग रहा तो विदा ले लें

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एक अधिकारी पर भड़क गये। खुले मंच पर जिला पशुपालन पाधिकारी को उन्होंने जम कर खरीखोटी सुनायी। श्री किशोर ने यहां तक कह दिया कि-रास नहीं आ रहा तो पलामू से विदा ले लीजिए महोदय। 45 वर्ष से राजनीति में हूं, मुझे मत सिखाइए। उन्होंने कहा, हाथ जोड़कर विनती है कि पलामू जिला के लिए कुछ बेहतर करें। वित्त मंत्री शिवाजी मैदान में झारखंड सरकार में वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर प्रमंडलस्तरीय कृषि मेला को संबोधित करने के लिए खड़े हुए थे। संबोधन से पहले वित्त मंत्री ने पलामू के पशुपालन पदाधिकारी से विभाग के लक्ष्य और उपलब्धि के बारे में जानकारी मांगी थी, लेकिन उन्हें जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी। इसी बीच पशुपालन पदाधिकारी उनके पास डाटा लेकर पहुंचे।

# नहीं मिला मैट्रिक का एडमिट कार्ड, छात्र ने कर ली खुदकुशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिलने से हतोत्साहित एक छात्र ने खाया जहर खा कर जान दे दी। बुधवार को कांस्टेंट लिवांस अस्पताल मांडर में इलाज के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार राय खेलरी निवासी भरत नायक के पुत्र पवन नायक (16) को हाई स्कूल राय से मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिल पाया था। इससे दु:खी होकर घर में रखा सल्फास खा लिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे आनन फानन में मांडर स्थित कांस्टेंट लीवंश अस्पताल पहुंचाया। सल्फास का मात्रा अधिक एवं आने में विलम्ब होने के कारण शरीर मे जहर फैल चुका था। डॉक्टरो के काफी प्रयास के बावजूद पवन को बचाया नहीं जा सका। परिजनों के बयान पर स्कूल के शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई हेतु खेलारी थाना को भेज दी गयी है। बताया जाता है की पवन को एडमिट कार्ड नहीं मिलने से वह स्कूल के शिक्षकों को बोलते हुए स्कूल से निकला था, अगर हमें कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार आपलोग खुद होंगे। पवन की बातों को स्कूली टीचरों ने गंभीरता नहीं लिया। अगर स्कूल प्रबंधन थोड़ा भी गंभीर होता, तो आज यह घटना नहीं होती। मांडर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।



**छात्र क्लास नहीं करता था :** इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक से बात करने पर बताया कि छात्र स्कूल में क्लास नहीं करता था। इस कारण जैक के द्वारा निर्धारित 75% मापदंड वाले ही छात्र का ही फॉर्म भरने की अनुमति है।

(शेष पेज 11 पर)

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर जमकर लताड़ा, कहा

# पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और उसे 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' बताया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने यूएन सुरक्षा परिषद में कहा, पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध 20 से अधिक आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है। साथ ही सीमा पार आतंकवाद को समर्थन प्रदान करता है। हरीश ने कहा, इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, भारत, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और हरकत उल मुजाहिदीन (एचयूएम) जैसे आतंकी समूहों के माध्यम से इस देश द्वारा किए गए आतंकी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा, वास्तव में, यह पाकिस्तान ही है जिसने जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के चुनाव में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के लोगों ने फिर से भारत के प्रति अपनी निष्ठा को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पिछले साल ही सफल चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया।



### सुरक्षा परिषद में सुधार जरूरी : गुटेरस

उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह समय अधिक व्यापक सहमति बनाने का है ताकि संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में विश्वास बना रहे। उन्होंने वैश्विक शासन में सुधार पर आयोजित एक बैठक में कहा कि सुरक्षा परिषद को बड़ा और आज की जियोस्ट्रैटिजिक वास्तविकताओं के अनुरूप अधिक भागीदारीपूर्ण बनाया जाना चाहिए। गुटेरेस ने याद दिलाया कि पिछले साल वैश्विक नेताओं द्वारा पारित पैक्ट फॉर द फ्यूचर में भी वठरठ सुधार की आवश्यकता को स्वीकार किया गया था। उन्होंने कहा कि अब हमें इस गति को बनाए रखते हुए क्षेत्रीय समूहों और सदस्य देशों के बीच व्यापक सहमति बनानी होगी ताकि सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

(शेष पेज 11 पर)

# मैराथन बैठक करने कल रांची आयेंगे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। बुधवार को पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी को सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

## खबर एक नजर में

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा आमंत्रण मिला है। उस आमंत्रण पर श्री महतो बुधवार को दिल्ली रवाना हो गये। 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह है। यह जानकारी पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

### दिव्यांगों ने मांगी 2500 रुपये पेंशन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखण्ड दिव्यांग आंदोलन संघ का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से राज्य के दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की भांति ही 2500 रुपये पेंशन राशि सुलभ कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### चिकित्सकों के समतुल्य राशि देने की मांग



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गुमला के चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा एवं अन्य ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल से राज्य के आयुष चिकित्सकों को एमबीबीएस चिकित्सकों के समतुल्य राशि प्रदान करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल अपर मुख्य सचिव से मिला



**रांची।** अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी से बुधवार को वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन की नवगठित राज्यस्तरीय समिति के प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए राज्य के सभी जिलों में इसकी इकाइयों की आवश्यकता बतायी। बताया कि वर्तमान में संगठन की बोकारो, गिरिडीह, गोड्डा, खूंटी, पाकुड़, पलामू, साहेबगंज, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले में इकाइयां नहीं हैं। अपर मुख्य सचिव ने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### राजीव झावर ने किया सरेंडर मिली जमानत

**रांची।** अवैध तरीके से आवंटित खदान मामले में चार्जशीटेड आरोपी ऊषा मार्टिन के एमडी राजीव झावर ने बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। साथ ही, आरोपी ने जमानत याचिका भी दाखिल की। सुनवाई पश्चात अदालत सशर्त जमानत प्रदान की। अदालत ने उन्हें ₹50-50 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत दी है। उन पर साल 2005 में गलत तरीके से ऊषा मार्टिन को माइंस आवंटन कराने का आरोप है। सीबीआई ने 22 सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड कंपनी के निदेशक, कंपनी के सहायक उपाध्यक्ष एसके सिंह, एनके पटौडिया इंद्र देव पासवान, तत्कालीन खान सचिव अरुण कुमार सिंह पर जांच पूरी करते हुये जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसी मामले में हाल में ही सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने सीएम सेजेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की

# जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली, जारी हो एग्जाम कैलेंडर: अंबा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली है। 22 अगस्त 2024 को डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा के रिटायर होने के बाद अब तक जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है। इसे लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की और वार्ता कर एक पत्र सौंपा। पत्र के जरिये अंबा प्रसाद ने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ-साथ जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने की भी मांग की है। यह जानकारी अंबा प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।





**पद खाली रहने से कई नियुक्तियां रूकीं**

बताते चलें कि 22 अगस्त 2024 को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा अपने पद से रिटायर हो गयीं। नीलिमा केरकेट्टा को 2022 में जेपीएससी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था लेकिन नीलिमा के रिटायर होने के बाद से यानी छह माह से जेपीएससी के अध्यक्ष का पद खाली है। जेपीएससी का अध्यक्ष नहीं होने से 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर बहाली नहीं हो सकी है। अध्यक्ष नहीं होने से रिजल्ट जारी करने में देरी हो रही है। वहीं अभ्यर्थी इंटरव्यू की तारीख के इंतजार में बैठा हैं।

**मुख्यमंत्री जी इसे गंभीरता से लेंगे:** सरकार ने पहले ही यह प्रस्ताव पास किया है कि एक महीने के भीतरजेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जायेगा। हमें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को उनका हक मिल सके।

**अनिश्चितता में है लाखों युवाओं के भविष्य :** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने अपने पोस्ट में लिखा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद की नियुक्ति और जेपीएससी-जेएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर वार्ता कर पत्र सौंपा। कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही देरी से लाखों युवाओं के भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है।

### आजसू ने जेपीएससी अध्यक्ष और कुलपतियों की नियुक्ति की मांग उठायी

**रांची।** आजसू ने मुख्यमंत्री के नाम बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में ज्ञापन सौंपकर जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति और नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, रजिस्ट्रार के रिक्त पदों को भरने का आग्रह किया। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि लगभग छह महीनों से जेपीएससी अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसके कारण सभी परीक्षाएं और परिणाम बाधित हैं। नीलांबर-पीतांबर विश्विद्यालय में 15-20 दिनों से कुलपति नहीं हैं, जिससे विश्वविद्यालय का पूरा काम ठप पड़ गया है।

# झारखंड में चल रहा अबुआ दिशुम, दिकू राज: रमाकांत

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार बिना नियोजन एवं स्थानीय नीति के बाहरियों को बेच रही नौकरियां



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो हेमंत सोरेन एवं उनकी सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि झारखंड में अबुआ दिशुम अबुआ दिशुम दिकू राज स्थापित किया जा रहा हैं। यही कारण है कि राज्य में बनी लोकप्रिय नियोजन एवं स्थानीय नीति को निरस्त कर बगैर नीति बनाये बाहरियों को नौकरियां बेच रहें हैं। साथ ही, सरकारी पैसा से चेहरे चमकाने के लिये विज्ञापन में पानी की तरह बहा रहे हैं। सरकार ढिंढोरा पिट रही है कि हम झारखंडी युवाओं को नौकरियां बांट रहे हैं, जो सत्य से परे है। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों से अबतक के कार्यकाल के बीच जेएसएससी एवं सरकारी संस्थाओं के द्वारा जितने भी नियुक्तियां हुई हैं। उनमें से 75 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी झारखंड के बाहर के हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जितनी भी नियुक्तियां की है, सभी में जमकर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति हो या लेब टेक्नीशियन की या नगर विकास, आवास विभाग या फिर अन्य विभाग की हों।सरकार संरक्षित धांधलियां हुई। उन्होंने नियुक्तियों पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिकूओं के बीच घिरे हैं। सीएम भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू,नीलांबर-पीतांबर वीर शहीदों के सपनों को नीलाम कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि मालदार पदों पर भ्रष्ट अधिकारियों की पोस्टिंग कर लूटने की खुली छूट दी गयी है।हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप में जेल से बाहर निकली पूजा सिंघल की ईडी के मना करने के बावजूद पोस्टिंग की गई।ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग बन चुका है। उन्होंने कहा कि मईयाओं के खाते में हर महीने के 11 तारीख को राशि भेजने में सरकार विफल हो चुकी है।

# जेपीएससी परीक्षा की जांच के लिए दायर पीआइएल पर अब 17 मार्च को सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रथम, द्वितीय जेपीएससी और अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी की सीबीआई जांच जल्द पूरी करने के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में अब 17 मार्च को सुनवाई होगी। बुधवार को सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत में पूरक शपथपत्र दाखिल किया गया है। इस मामले में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है। सुनवाई के दौरान आरोपपत्र की कॉपी भी सीबीआई ने हाईकोर्ट में पेश की।

इसके बाद जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत ने 17 मार्च को अगली सुनवाई निर्धारित की।




इस संबंध में बुद्धदेव उरांव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में गड़बड़ी की गई है। इसकी सीबीआई जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। जेपीएससी के अधिकारियों की मिलीभगत से अयोग्य अभ्यर्थियों को पास किया गया। सभी लोग अभीनौकरी कर रहे हैं। ऐसे में इन्हें उनके पद से हटाते हुए सीबीआई जांच जल्द पूरी की जाए।

# आज से तीन दिन ओला-बारिश का ऑरेंज अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिन गरज के साथ ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि 20 से 22 फरवरी तक हल्की बारिश के साथ हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा हो सकती है। राज्य में 23 तक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में एक से तीन डिग्री तक गिरावट होगी जबकि, रात के तापमान में बड़े बदलाव नहीं होंगे। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 14 जिलों में 22 फरवरी को ओलावृष्टि के आसार हैं। इनमें 20 और 21 को सरायकेला, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़ और बोकारो में ओलावृष्टि के साथ तेज हवा के साथ हल्की बारिश होगी।



जबकि 22 को पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, दुमका, जामताड़ा, लोहरदगा में ओलावृष्टि के साथ तूफानी हवा चलेगी। 22 को राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। राज्य में मौसम बदलाव की प्रक्रिया शुरू होने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। बुधवार को रांची का न्यूनतम तापमान 16.4 और अधिकतम दर्ज किया गया। जबकि, राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री गुमला का रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, देश के उत्तरी भागों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी बंगाल से लेकर तेलंगाना तक एक निम्न दबाव क्षेत्र बन गया है। इसके प्रभाव से राज्य में हवा के रूख में परिवर्तन आया है। इससे अगले चार दिनों तक झारखंड का मौसम प्रभावित रहेगा और तेज हवा के साथ बारिश होगी।

| जिलों का न्यू. तापमान (डिग्री में) |
|---|
| गुमला 11.6 |
| गढ़वा 13.0 |
| चतरा 13.6 |
| खूंटी 14.1 |
| मेदिनीनगर 14.5 |
| देवघर 14.9 |
| बोकारो 15.1 |
| रांची 16.4 |
| जमशेदपुर 18.4 |
| पू सिंहभूम 20.6 |

पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान गरज और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि और कहीं-कहीं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 20 से 22 तक विभिन्न हिस्सों में बारिश का पूवार्नुमान है। राज्य में 23 तक बादल छाए रह सकते है।

**अभिषेक आनंद,**
**वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division Ranchi.**

**Short Notice- Inviting e-quotation Invitation Notice**
**Notice No. RCD/Ranchi-02/2024-25, (2nd Call), (First PR No.-345813)**

Quotations are invited for "Cast in situ pile of 2.00 m dia boring work as per below details, at Different ROB projects in Ranchi district in the state of Jharkhand."
All charges for executing "bored cast-in-situ M35 grade R.C.C. Pile excluding Reinforcement complete as per Drawing and Technical Specifications and removal of excavated earth with all lifts and lead upto 2000 m. (Piling rig of Bauer BG40 or of equivalent capacity inclusive of mobilization & demobilization of resources, Internal shifting of resource, fuels & lubricants, operator, all accessories tools, tackles, polymer, consumables and workmen)"

Quotatioers should quote their rates for unit mentioned in the table. The quotationer may quote rate for the item/work concerned. The rates should be exclusive of GST and Labour Cess.

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration certificate.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
4. Quotationer may quote rate for all the Works/Items / any Items for which they are concerned.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer must submit complete rate analysis of all E-quoted items/Work duly signed by the quotationer.
7. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate.
8. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer RCD, Road Division, Ranchi.

Detail requirement for qualifying quotationer and experience can be seen in terms and conditions on jharkhandtenders.gov.in.

नोट :- (1) वेबसाईट में ई-कोटेशन प्रकाशन की तिथि- 20.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई-कोटेशन अपलोड की तिथि- 20.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे।
(3) ई-कोटेशन खोलने की तिथि- 06.03.2025 के अपराह्न 12:30 बजे।
(4) ई-कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची।
(5) ई-कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :- 0651-2361018
(6) ई-कोटेशन खोलने का स्थान :- मुख्य अभियंता(या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Address for Communication :-**
Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Ranchi.
Near State Guest House, Mohrabadi, Ranchi-834008.
e-mail ID -eercdranchi-jhr@nic.in, eercdranchi.jhr@gmail.com

**Executive Engineer**
**RCD, Road Division, Ranchi.**

**PR 346744 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25)#D**



**अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार।**
**(खाद्य सुरक्षा-शाखा)**

**आम सूचना।**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 (Food Safety and Standard Act,2006) के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने वाला कानून है। इस कानून के तहत् खाद्य पदार्थो के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित किया जाता है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(FSSAI) की स्थापना की गयी है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य व्यवसाय शुरू करने से पहले लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है।

1. FSS Act-2006 की धारा-63 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों को (जैसे-किराना दुकान, खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, उत्पादक, वितरक, पूर्तिकार, प्रसंस्करणकर्त्ता, भण्डारक, पैकेजिंग, परिवाहक, मीट, मछली एवं चिकन बिक्री कर्त्ता, होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेन्ट, दवाखाना, मिठाई बिक्री कर्त्ता, फल और सब्जी दुकान, राईस मिल, आटा मिल, तेल मिल, पानी पैकेजिंग, चाय दुकान, गन्ना जूस, फुचका-चाट-छोला दुकान इत्यादि) को बिना वैध FSSAI License/Registration के कारोबार करना दंडनीय अपराध है, एवं इसमें धारा-63 के तहत् 10 लाख रूपये तक का जुर्माना किया जा सकता है।
2. FSSAI Registration के लिए आवश्यक दस्तावेज- पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और दुकान का बिजली बिल लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
3. FSSAI License के लिए आवश्यक दस्तावेज- आधार कार्ड और दुकान का बिजली बिल, FSMS Plan form, Self Declaration form, GST Certificate, और पैन कार्ड लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। सभी मीट, मछली एवं चिकन दुकान के लिए स्थानीय पंचायत या नगर निगम से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी होटल/रेंस्टोरेंट संचालक को सूचित किया जाता है कि खाद्य पदार्थ में उपयोग किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता किसी भी FSSAI/ NABL Accredited Notified Lab से जॉंच करा कर जॉंच प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
5. FSSAI एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एंव परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के आदेश संख्या-226(F) दिनांक-11. 10.20219 के आदेशानुसार सभी तरह के खाद्य कारोबारकर्त्ता को FoSTaC का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। सभी खाद्य कारोबारी FoSTaC का प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। FoSTaC प्रशिक्षण हेतु आयोजन की सूचना खाद्य सुरक्षा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लातेहार।**
**अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।**

PR 346763 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 24-25 (D)


# स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के 14 अधिकारियों का तबादला

## अलका बनीं उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बुधवार को 14 शिक्षा अधिकारियों का तबादला किया है। जारी अधिसूचना के तहत अलका जायसवाल को उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा बनाया गया है। वहीं दुर्गानंद झा के वार्ध्यक्य सेवानिवृति के पश्चात क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमंडल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार दुर्गानंद झा को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमंडल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

वहीं, अलका जायसवाल को उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा, नीलम आइलिन टोप्पो को उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा, प्रवीण रंजन को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग एवं प्राचार्य इंदिरा गांधी आवास विद्यालय हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार, मनोज कुमार को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कोल्हान प्रमंडल चाईबासा का अतिरिक्त प्रभार, निशु कुमारी को प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रातू, संतोष गुप्ता को प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाकुड़, कैलाश मिश्रा को जिला शिक्षा पदाधिकारी सरायकेला खरसावां का अतिरिक्त प्रभार, अभिषेक बड़ाईक को प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा का अतिरिक्त प्रभार से विमुक्त कर दिया गया है। दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर को जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा, अभिजीत कुमार को जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा, रामजी कुमार को जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा, दीप्ति कुमारी को संयुक्त सचिव झारखंड अधिविध परिषद और अभिषेक झा को जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद बनाया गया है।

# बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने गंगा मैया से सबके कल्याण की मंगलकामना भी की। बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा कि आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने लिखा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है।

# जेएसएलपीएस की सीइओ कंचन सिंह और माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने किया योगदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी (जेएसएलपीएस) में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) के पद पर बुधवार को कंचन सिंह ने योगदान कर दिया है। इनके अलावा माध्यमिक शिक्षा निदेशक के पद पर राजेश प्रसाद और उत्पाद आयुक्त के पद पर विजय कुमार सिन्हा ने भी योगदान कर दिया है। इनके अलावा डीके सिंह सिंह ने वित्त विभाग में, प्रीति रानी उद्योग विभाग में सीता पुष्पा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर योगदान कर दी हैं। इधर योगदान के साथ ही जेएसएलपीएस की सीईओ कंचन सिंह का जेएसएलपीएस के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बूके देकर स्वात किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने की हर संभव कोशिश होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि किसी भी काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।





वाणिज्यकर विभाग के अधिकारियों को मिली पोस्टिंग

# रतनलाल गुप्ता बनाये गये राज्यकर अपर आयुक्त प्रशासन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वाणिज्यकर विभाग ने राज्य के कई अधिकारियों को प्रोन्नति दी है। इसके बाद उन्हें पोस्टिंग दे दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार रतनलाल गुप्ता को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन रांची प्रमंडल बनाया गया है। इसी तरह विनय कुमार सिन्हा को राज्य कर अपर आयुक्त अपील रांची प्रमंडल बनाया गया है। वहीं, अवधेश कुमार मेहरा को राज्य कर अपर आयुक्त मुख्यालय, कंचन लाल को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन रांची प्रमंडल, प्रेम आरसेन कुजूर को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन संथाल परगना प्रमंडल, दिलीप कुमार को अपर आयुक्त प्रशासन धनबाद प्रमंडल, कंचन बरवा को राज्य कर अपर आयुक्त अपील धनबाद प्रमंडल, जीव नारायण मंडल को अपर आयुक्त प्रशासन हजारीबाग प्रमंडल, प्रदीप खलखो अपर आयुक्त मुख्यालय रांची, योगेंद्र प्रसाद को राज्य कर संयुक्त आयुक्त हजारीबाग अंचल, सुनील कुमार चौधरी को राज्य कर संयुक्त आयुक्त तेनुघाट अंचल, राम प्रवेश प्रसाद को राज्य कर संयुक्त आयुक्त दुमका अंचल, अनूप गौरव को राज्य कर संयुक्त आयुक्त झरिया अंचल, मनोज कुमार को राज्य कर संयुक्त आयुक्त पलामू अंचल डाल्टनगंज, संजय कुमार गुप्ता को राज्य कर संयुक्त आयुक्त जमशेदपुर अंचल, गालीव अंसारी को राज्य कर संयुक्त आयुक्त धनबाद अंचल, विश्वजीत कुमार सिंह राज्य कर संयुक्त आयुक्त पूर्वी अंचल रांची, फिरदौस राजा खां को राज्य कर सहायक आयुक्त साहिबगंज अंचल, मौसमी नागेश को राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर अंचल, ब्रजेश कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त दक्षिणी अंचल रांची, रंजना कुमारी को राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, फिरोज अहमद को राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, श्रवण कुमार प्रजापति को राज्य कर सहायक आयुक्त आदित्यपुर अंचल जमशेदपुर, सुरेंद्र कुमार गोप को उपनिदेशक वित्त रिम्स रांची, अंजू कुमारी भाकुनी को राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर प्रमंडल, राजन जॉन खालखो को राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, उज्जवल मिंज को राज्य कर सहायक आयुक्त तेनुघाट अंचल, शशि कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त धनबाद एवं संथाल परगना प्रमंडल, रितेश कुमार सिंह राज्य कर सहायक आयुक्त पाकुड़ अंचल, जॉर्ज सिन्हा को राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, अनिर्वान आइच को राज्य कर सहायक आयुक्त नगरीय अंचल धनबाद, सुनील कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त धनबाद अंचल ,नीरज कुमार राज्य कर सहायक आयुक्त पलामू अंचल, श्रृंगी शरण राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर प्रमंडल, कृष्ण कांत महतो राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, मनोज प्रजापति वित्त विभाग झारखंड रांची , मोहम्मद गुफरान अहमद राज्य कर सहायक आयुक्त बोकारो अंचल, संतोष कुमार सिंह राज्य कर सहायक आयुक्त दक्षिणी अंचल रांची, अजय कुमार सिंह राज कर सहायक आयुक्त प‍ि्मी अंचल रांची, विकास कुमार राज कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, केश्वर राम राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, संतोष कुमार राज कर सहायक आयुक्त दक्षिणी अंचल रांची, अब्दुल खालिक राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, अमोद कुमार राज कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, रविंद्र कुमार राज कर सहायक आयुक्त आदित्यपुर अंचल जमशेदपुर, रविंद्र प्रसाद राज्य कर सहायक आयुक्त विशेष अंचल रांची, संजय विनीत होरो राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर अंचल, देवेंद्र नाथ पिंगुवा राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर प्रमंडल, गुलाब चंद्र उरांव वित विभाग झारखंड रांची, शैलेश कुमार श्रीवास्तव राज्य कर पदाधिकारी देवघर अंचल, फिरोज आलम राज कर पदाधिकारी हजारीबाग अंचल, किरण कुमारी राज्य कर पदाधिकारी मुख्यालय रांची, मो. इमरान राज्यकर पदाधिकारी बोकारो अंचल, महेंद्र महतो राज्यकर पदाधिकारी हजारीबाग अंचल, मो शफीक राज्यकर पदाधिकारी हजारीबाग अंचल भेजा गया है। इनके अलावा प्रदीप टोप्पो, राहुल कुजूर, शुभ्रा निशांत, राघवेंद्र कुमार विपुल, संजय कुमार और दोमनिक लकड़ा की सेवा वित्त विभाग को सौंपी गयी है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



आमबगान साकची के मैदान में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा और आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की यह भव्य प्रतिमा लगी है। अब इस मैदान को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान के नाम से जाना जाता है।

# इस्ट प्लांट बस्ती में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 29 मार्च से 5 अप्रैल तक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन ईस्ट प्लांट बस्ती बमार्माइंस जमशेदपुर में 29 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जाएगा। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए जल कलश यात्रा 29 मार्च शनिवार सुबह 7.00बजे से यज्ञ स्थल ईस्ट प्लांट बस्ती नियर टी टी एस मैदान से होगी। महायज्ञ लिए 30 मार्च रविवार पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश,अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्ज्वलन होगा।

उक्त जानकारी आयोजन समिति के महासचिव राजेश झा व उनके सहयोगियों ने दी। उन्होंने बताया कि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक नित्य हवन प्रातः 7 बजे सुबह से और रुद्राभिषेक दोपहर एक बजे तक आयोजित होगा जबकि सुंदर कांड का पाठ अपरान्ह 3.00 बजे से शुरु होगा। श्री त्रिदंडी स्वामी, संत सुंदरराज (यतिराज) जी महराज एवं कई संत और महात्मा के मुखारबिंद से प्रतिदिन सुंदर कांड का पाठ होगा।




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित राजेश झा,मनमोहन चौबे व अन्य पदाधिकारी।

झा ने बताया कि महायज्ञ की पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा 5 अप्रैल को अपरान्ह 3.00 बजे से होगा।

पत्रकार वार्ता में कोषाध्यक्ष बिनोद शाही, गंगाधर पांडे, यज्ञ प्रभारी कुलवंत सिंह बंटी, प्रदीप कुमार झा, प्रदीप कुमार मलिक ,राज किशोर शाही, मनोज श्रीवास्तव, मोहन चौबे, दुर्गा राव, संतोष ठाकुर, संजय जी, अनमोल सिंह, जवाहर प्रसाद संजीव पांडे, राम सूरत राम, ब्यूटी तिवारी, अधिवक्ता विनीता मिश्रा , रिपु शर्मा, मुन्ना चौबे, प्रीति सिंह भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज



### धातकीडीह में दिन दहाड़े मुन्ना घोष के बेटे शिवम की गोली मारी

**जमशेदपुर।** बुधवार के बेखौफ अपराधियों ने धातकीडीह में दिन दहाड़े मुखी बस्ती निवासी मुन्ना घोष के बेटे शिवम घोष को गोली मार दी। शिवम पैदल ही धातकीडीह मेन रोड पर अपने साथियों के साथ जा रहा था कि अपराधियों ने घेर कर उसे गोली मार दी। शिवम घोष का इलाज टीएमएच में चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि घटना के बाद अपराधी आरामा से मौके से फरार भी हो गए। गोली लगने पर लोग शिवम को टीएमएच लेकर गये। घटना के बाद बस्ती वासियों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। बस्तीवासियों को नियंत्रित करने के लिए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष भी पहुंचे। सिटी एसपी ने घटना को सीसीटीवी में देखा और अधीनस्थ पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शिवम बाल कटाने के लिए धातकीडीह आया था तभी अपराधियों ने उसे गोली मारी।

### गम्हरिया में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**गम्हरिया।** झामुमो की ओर से बुधवार को आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड 6 से 8 तक सदस्यता अभियान चलाया गया। आदित्यपुर नगर संयोजक शंकर मुखी के नेतृत्व में चलाए गए इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान करीब 500 महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया जिसका मौके पर उपस्थित झामुमो जिला संयोजक डॉ0 शुभेन्दु महतो और पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली ने स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के क्रम में जिले के सभी गांवों से काफी संख्या में युवा और महिलाएं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इससे स्पष्ट झलक रहा है कि आगामी चुनावों में राज्य की जनता भाजपा को यहां से खदेड़ने का कार्य करेगी। इस मौके पर झामुमो महिला नेत्री कविता दास, सुशीला तांती, सोनामनी समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जादूगोड़ा में दो दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का फाइनल 23 को

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा के बगुलासाई में आयोजित 41वां दो दिवसीय (18 – 19 फरवरी) फुटबॉल महाकुंभ के अंतिम दिन घाटशिला की लाहा फुटबॉल एकेडमिक व जादूगोड़ा की झकास एंड झकास टीम फाइनल में पहुंच गई। दोनों के बीच मुख्य मुकाबला सह समापन आगामी 23 फरवरी को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की मौजूदगी में होगी। बताते चलें कि जादूगोड़ा की रूरल यूथ क्लब बगुलासाई की ओर से 18–19 फरवरी को 41वां फुटबॉल महाकुंभ रखा था। इसमें तीन राज्यों से 16 टीमें पहुंची थी। अंत में सभी टीमों के बीच कड़े मुकाबले के बाद घाटशिला की लाहा फुटबॉल एकेडमिक व जादूगोड़ा की झकास एंड झकास टीम फाइनल में पहुंची है।

# अब कंपनी क्षेत्र की तर्ज पर स्वच्छ बनेगा गोविंदपुर, डोर टू डोर कचरा उठाव शुरू

- विधायक एवं जिला परिषद का प्रयास लाया रंग,जेएनएसी ने शुरु किया कचरा उठाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर हाउसिंग कॉलोनी में कचरा निस्तारीकरण एक बड़ी समस्या थी। अर्ध शहरी क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या घनत्व बहुत ज्यादा होने के कारण कचरे का निष्पादन नहीं हो पा रहा था। बीमारियों का खतरा बना हुआ था। विगत 2 वर्षों से जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष द्वारा खठअउ से शुल्क के आधार पर मांग की जा रही थी, स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए खठअउ से त्रिपक्षीय वार्ता कर पहले चरण में 2 गाड़ी के माध्यम से हाउसिंग कॉलोनी से इसकी शुरूआत की गई है।



कचरा उठाव सुविधा के लिए वाहनों को झंडी दिखाते विधायक व अन्य।

इस संबंध में विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि अभी 2 गाड़ी के माध्यम से कचरा का कलेक्शन किया जा रहा है आने वाले दिनों में आवश्यकता के अनुसार योजना को प्राइवेट कॉलोनी में भी किया जाएगा एवं विधायक फंड से 2 और अतिरिक्त गाड़ी की व्यवस्था की जायेगी। हमारा प्रयास गोविंदपुर के साथ साथ आने वाले दिनों में परसुडीह, घोड़ाबांधा क्षेत्र में भी। योजना को शुरू करने की है।

जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो कि जनसहभागिता से ही पूरी होगी। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सामाजिक सहयोग की अपेक्षा है। सर्वप्रथम JNAC के सुपरवाइजर द्वारा घर घर जा कर सर्वे फॉर्म भरा जाएगा, जिसके बाद प्रत्येक घर को एक उपभोक्ता क्रमांक दिया जाएगा एवं शिकायत के लिए ऑन लाइन पोर्टल भी दिया जाएगा।

जेएनएसी के द्वारा सर्वप्रथम 100 रुपया शुल्क निर्धारित किया गया था, मगर विधायक मंगल कालिंदी के प्रयास से प्रत्येक घर से 80 रुपया एवं दुकानों से 100 रुपया शुल्क लेने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर मुखिया गिरी बाला लोहारा, पंचायत समिति सतवीर सिंह बग्गा, समीर दास,वार्ड सदस्य पिंकी कुमार, राजेश सिंह, विमलेश कुमार,जमी भास्कर, अशोक सिंह, श्याम किशोर सिंह, रमन सिंह, रवि चौधरी,कुंदन गुप्ता, ऐश नंदन सिंह,सत्यजीत बनर्जी, हजारी लाल,टी एन सिंह, अमरेंद्र सिंह, कलानंद सिंह, प्रकाश दुबे, अरविंद साहू, नरेश गौडा, चंदन पांडे, रजनी दास,शिव लाल लोहारा, विजय कुमार, हरे राम दुबे, संतोष कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म लॉकडाउन के मया का पोस्टर हुआ लॉन्च

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म लॉकडाउन के मया का पोस्टर लॉन्च बुधवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

फिल्म निर्माता डॉ जेके देवांगन ने बताया कि लॉकडाउन के मया आगामी 21 मार्च 2025 को जमशेदपुर के मिराज सिनेमा हॉल (गोलमुरी) में रिलीज होगी। फिल्म के सह-निमार्ता डॉ. प्रतिमा देवांगन, निर्देशक एवं लेखक एम.डी. हबीब, तथा प्रोडक्शन मैनेजर उदय साहू हैं। फिल्म में ज्यादातर कलाकार छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि कुछ जमशेदपुर के भी हैं। मुख्य भूमिकाओं में अभिनेता शीवा साहू, नितिन ग्वाला और अभिनेत्री स्नेहा देवांगन नजर आएंगी, जो इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं।

## जल की महत्ता को समझें, संरक्षण के प्रति जागरूक बनें : सांसद जोबा माझी

- जल संवाद नेटवर्क और गठबंधन विषय पर प्रदान का सेमिनार संपन्न
- हितधारकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सांसद जोबा माझी ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** प्रदान संस्था के तत्वावधान में बुधवार को नगर परिषद कार्यालय स्थित विवाह भवन में जल संवाद नेटवर्क और गठबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। सांसद ने जल की महत्ता और उसके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा मानव जीवन में जल की क्या अहमियत है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। जल के बिना जीवन अधूरा है। लेकिन प्रकृति के इस अनमोल वरदान के प्रति हम कितने गंभीर है इस पर चिंतन होनी चाहिए। सांसद ने कहा आये दिन गांव या शहर में जल की बबार्दी होते देखा जाता है। उन्होंने लोगों से जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील करते हुए कहा सुदूर इलाके के लोगों को शुद्ध जल नहीं मिल पाता है तो कहीं लोगों को पेयजल के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है।



सेमिनार को संबोधित करती जोबा माझी।

## यूसिल के लंच बॉक्स से गर्म खाना खायेंगे सरकारी स्कूल के विद्यार्थी

- उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकू के बच्चों के बीच यूसिल ने बाटी लंच बॉक्स समेत अन्य सामग्री

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**जादूगोड़ा।** सरकारी स्कूलों के बच्चों को अब ठंडा खाना से मुक्ति मिल जायेगा। इधर यूसिल की नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन ने आज बुधवार को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के नरवा पहाड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकू के स्कूली बच्चों के बीच आधुनिक 149 लंच बॉक्स, 147 स्टील बोतल, 40 योगा मेट, व 300 जुट बैग का वितरण किया। बच्चे आधुनिक लंच बॉक्स पाकर काफी उत्साहित है, हो भी क्यों नहीं। अब उन्हें ठंडा खाना से जो मुक्ति मिल जायेगा व यूसिल की आधुनिक लंच बॉक्स उसके खाने की मजा की दुगुना कर देगा।



उमपि हितकू के बच्चों को लंच बॉक्स व अन्य समान देते यूसिल अधिकारी समेत अन्य।

## टिनप्लेट काली मंदिर गोलचक्कर पर 23 को लगेगा जैम @ स्ट्रीट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा पावर, जोजोबेरा के सहयोग से जैम@स्ट्रीट कार्यक्रम के तीसरे संस्करण की घोषणा करते हुए उत्साहित है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम रविवार, 23 फरवरी 2025 को सुबह 6:30 बजे टिनप्लेट में शुरू होगा। यह कार्यक्रम टिनप्लेट काली मंदिर गोल चक्कर से नीलडीह ट्रैफिक सिग्नल तक फैला होगा। बैडमिंटन, जुम्बा वर्कआउट और कार्यक्रम में स्वादिष्ट स्वस्थ भोजन जैसी गतिविधियों से भरे दिन के लिए तैयार रहें। जैम@स्ट्रीट सिर्फ. एक कार्यक्रम नहीं है, यह एक उत्सव है जो अलग-अलग रुचियों के अनुरूप कई तरह की गतिविधियां प्रदान करता है। चाहे आप फि टनेस के शौकीन हों, कला प्रेमी हों या एक ऐसा परिवार जो मौज-मस्ती के लिए बाहर जाना चाहता हो, जैम@स्ट्रीट में सभी के लिए कुछ न कुछ है। लाइव संगीत प्रदर्शनों का आनंद लें, विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टालों का पता लगाएं, और रोमांचक बास्केटबॉल और कराटे प्रदर्शन देखें।

## मजदूरों और गरीबों के लिए ताउम्र समर्पित रहे कॉमरेड केदार दास : मंगल कालिंदी

- एटक ने पुण्य तिथि पर पूर्व विधायक कॉमरेड केदार दास को याद किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एटक कोल्हान प्रमंडल के नेतृत्व में विख्यात मजदूर नेता कॉमरेड केदार दास की पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति दिवस के रूप में साकची गोल चक्कर, जमशेदपुर में आयोजित किया गया।

इस स्मृति सभा के अध्यक्षता कोलहन प्रमंडल के संरक्षक वरिष्ठ साथी कामरेड बी सिंह ने की सभा के प्रारंभ में कॉम अंबुज ठाकुर के नेतृत्व में एटक एवं अन्य मजदूर संगठन के साथी पर्यटक के झंडे और नारे के साथ सरकार बिल्डिंग के नीचे स्थित शाहिद कॉम मंगल कालिंदी एवं पैट्रिक पोल के स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



श्रद्धा-सुमन अर्पित करते विधायव व उपस्थित अन्य।

इसके पश्चात स्मृति सभा का प्रारंभ कॉम बी एन सिंह की अध्यक्षता में हुआ। स्मृति सभा का संचालन राज्य एटक के कार्यकारिणी सदस्य कामरेड हीरा अरकने ने किया।

इस इस अवसर पर केदार दास कॉम के चित्र पर फूल माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई स्मृति सभा में वक्ताओं ने कॉम केदार दास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके मजदूरों के प्रति समर्पित जीवन पर प्रकाश डाला।

ज्ञात हो की कामरेड केदार दास पूर्वी सिंहभूम का नेतृत्व करते हुए बिहार विधानसभा में तीन बार विधायक रहे,उनके नेतृत्व में शहर के अंदर कई मजदूर आंदोलन हुए मजदूरों के हितों के प्रति अमृत केदार दास समर्पित थे वह 1981 में एक बड़ा आंदोलन टाटा कंपनी के खिलाफ ठेकेदार मजदूरों को लेकर उनके अगवाई में लड़ा गया इसमें हजारों की संख्या में ठेकेदार मजदूरों ने भाग लिया उसी क्रम में कॉम केदार दास जुलूस लेकर सर्किट हाउस की ओर जा रहे थे जिसे जिसे रोकने के लिए टाटा कंपनी के गुंडा पार्टी को लगाया गया था जिन्होंने अकारण लाठी चार्ज किया जिसमें कई एक मजदूर घायल हुए और मजदूरों को बचाने के क्रम में कांग्रेस केदार दास के सर में लाठी की मार पड़ी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई थी।

## एक नजर में

### दोमुहानी घाट पर स्वर्णरिखा महाआरती 26 को



**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अगुवाई में सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर स्वर्णरेखा महाआरती की जा रही है। आज आमंत्रण पत्र वितरण के कार्य का शुभारंभ करने से पहले रंकिणी मंदिर कदमा में कार्यकताओं ने पूजा अर्चना कर महादेव को प्रथम आमंत्रण पत्र समर्पित किया। इस दौरान मनोज झा,राजा मंडल, रोशन सिंह,किट्टू पाजी,आशीष मलिक सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कटे-फटे नोटों को बदलने का शिविर लगा



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा आज बिस्टुपुर बाजार में कटे फटे नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बिस्टुपुर बाजार के व्यपारियों के बीच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया। जहां काफी संख्या मे लोग लाइन लगा कर पुराने कटे एवं फटे नोटों के बदले नये नोट लिये। बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के वरीय प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देश पर यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर लगाया गया था। उक्त अवसर पर श्री तरुण कुमार दत्ता का भी सक्रिय योगदान रहा।

### सदस्यता शुल्क कम करने की मांग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के महासचिव राजेश रंजन को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल ने सदस्यता शुल्क को कम करने को लेकर ज्ञापन दिया, अधिवक्ताओं ने बताया कि बार एसोसिएशन के द्वारा 20000 रुपये शुल्क कर दिया गया जिसके कारण नए अधिवक्ता सदस्यता नहीं ले पा रहे हैं और स्टाइपेंड से भी वंचित हो रहे हैं,और जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी एनरोलमेंट फी को राहत के लिए घटाकर 750 रुपये कर दिया गया तो सदस्यता शुल्क को क्यों नही कम किया जाए । इस संबंध में बार को निर्णय लेने की जरूरत है और शुल्क को पहले की तरह 5000 करना चाहिए, ताकि स्टाइपेंड के लिए अधिवक्ता आवेदन दे सके। आस पास के बार मे सदस्यता शुल्क इतना नही है,और शुल्क को चार गुना करना सही नही है। इस पर महासचिव ने कहा कि इस संबंध में कमेटी से बात की जाएगी और निर्णय ली जाएगी। अधिकताओं में अमर तिवारी, विनोद कुमार, धनंजय मिश्रा पुष्पा कुमारी ,विनोद शाह ,पंकज कुमार एवं अन्य अधिवक्ता गण शामिल थे।

### बर्मामाइंस कमेटी ने किया ज्योति को सम्मानित



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मठारू को बुधवार को रांची में बमार्माइंस गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। सरदार सतबीर सिंह सोमु के अनुसार सरदार ज्योति सिंह मठारू झारखंड निर्माण आंदोलन में काफी सक्रिय रहे और उनकी भूमिका को हेमंत सरकार ने आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित कर पहचान दी है। झारखंड का सिख समाज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करता है और ज्योति सिंह को बधाई देता है। आंदोलन में भाग लेकर और जोखिम लेकर ज्योति सिंह मठारू ने सिखों को गौरवान्वित होने का मौका दिया है। अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष एवं कमेटी के सरदार रविंद्र सिंह खालसा एवं अन्य ने गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के सरदार सुखपाल सिंह, हरभजन सिंह, दलविंदर सिंह आदि भी उपस्थित थे।

### सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने कथा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में सूर्यधाम परिसर स्थित भव्य श्रीराम मंदिर की पंचम वर्षगांठ पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा, नगर भ्रमण सह शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां जोर–शोर से जारी हैं। बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने मंदिर परिसर के शंख मैदान में बनाये जा रहे कथा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन के उपसमिति के सदस्यों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। इससे पहले, उन्होंने सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और आयोजन उपसमिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस आयोजन के तहत 21 फरवरी को नगर भ्रमण सह भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सुगना कॉलोनी, बारीडीह मंदिर से सूर्यधाम तक पहुंचेगी। वहीं, 22 से 28 फरवरी तक संगीतमय श्रीराम कथा होगी, जिसमें श्रीधाम वृंदावन से आचार्य राजेंद्र जी महाराज श्रीरामचरितमानस की कथा का प्रवचन करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 :30 बजे तक चलेगी। इसके अलावा प्रतिदिन विशेष पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे।

## स्पीड न्यूज

### गुलाबचंद अग्रवाल इंटर और डिग्री कॉलेज में कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न



**छतरपुर।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो रही है। कालेज के केंद्राधीक्षक प्रो राजकिशोर लाल और इंटर कॉलेज के केंद्राधीक्षक स्वस्ति कुमारी ने परीक्षा केंद्र पर संचालित मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा हमलोग का दायित्व है। जैक के अनुसार, बुधवार को इंटर साइंस के गणित की परीक्षा थी। जिसमें 527 में 523 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।

### पोस्ता की अवैध खेती की गयी नष्ट



**मेदिनीनगर।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध अफीम/पोस्ता की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इसके तहत पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान छतरपुर थाना क्षेत्र के बैरगाय जंगल में लगभग 4 एकड़, पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के गिडी-कुंदा बॉर्डर पर वन भूमि में लगी 10 कट्ठा, पांकी थाना क्षेत्र के जांजो एवं पोरसम में 5 एकड़ भूमि पर लगी पोस्ता खेती नष्ट की गयी।

### समस्याओं के समाधान का आश्वासन पर राजीव रंजन का अनशन समाप्त



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड, अंचल तथा नपं क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं का समाधान के आश्वासन पर प्रखंड परिसर में भाजपा नेता राजीव रंजन का 11 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिनों से जारी आमरण अनशन बुधवार की देर शाम समाप्त हो गया। बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने राजीव तथा जेपी गुप्ता को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। इससे पहले पदाधिकारियों ने अनशन स्थल पर आकर आवास योजना में आवेदन वसूली की जांच के लिए कमेटी बनाने, नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं की स्वीकृति दिलाने, जन्म, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में सरलीकरण करने, शहरी स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने, कचरा का निस्तारण कराने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अनशन के समर्थन में शहर के व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। मौके पर विपुल गुप्ता, ज्योति पांडे, प्रदीप सिंह, अखिलेश मेहता, सतेंद्र मेहता, मृत्युंजय सिंह, विश्वदीप कुमार, अजय सिंह, विजय शौंडिक, शंभू यादव, मुकेश मेहता आदि भी थे।

### शिक्षा विभाग की उदासीनता से बंजारी राजकीय उमवि में मध्याह्न भोजन बंद

**पाटन पलामू (मनीष दूबे)।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजारी में एक फरवरी से मध्याह्न भोजन बंद है। जिस कारण सैकड़ों बच्चे मध्याह्न भोजन से वंचित हैं। इसकी जानकारी लेने पर प्रधानाध्यापक सतेंद्र बैठा ने कहा कि कुछ दिनों तक वैकल्पिक व्यवस्था से मध्याह्न भोजन चलाया गया लेकिन विभाग राशन दे रहा है और न ही राशि। इस कारण एमडीएम चलाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में शिक्षा विभाग की बीपीएम जरीना प्रवीण से जानकारी लेने पर उन्होंने फोन काट दिया। प्रखंड के दर्जनों विद्यालय में वैकल्पिक व्यवस्था से मध्याह्न भोजन चल रहा है।

### शिक्षित बच्चा लिखेगा देश की तकदीर



**मेदिनीनगर/नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसके अतिथि मेदिनीनगर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव थे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर और माल्यार्पण कर किया। कुंदरी विद्यालय के निदेशक ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री देव ने कहा कि दुनिया में रोजगार के लिए बहुत कार्य है किंतु जो विद्यालय संचालन करता है निश्चित ही वह राष्ट्र को मजबूत करता है। आजादी के प्लैटिनम जुबली के बाद भी शिक्षा का स्तर प्लैटिनम के पार नहीं किया। यही शिक्षित बच्चे एक दिन देश की तकदीर लिखेंगे। मौके पर निदेशक दिलीप साहू, प्रिंसिपल अनुप्रिया, शिक्षक पूजा कुमारी, चंचल कुमारी, आकृति कुमारी, मोनम कुमारी थे।

### राशि देने के बाद भी निशित केशरी कंस्ट्रक्शन ने नहीं किया फ्लैट एग्रीमेंट



**मेदिनीनगर।** सुनील कुमार गुप्ता ने रांची अरगोड़ा में बन रहे फ्लैट लेने के लिए निशित केशरी कंस्ट्रक्शन पीवीटी को ओकेवाई इंटेलिजेंट्स फ्लैट का बुकिंग कराया था। फ्लैट लेने के लिए 15.12.2018 से लेकर 06.08.2022 तक करीब 17,61,000 रुपये दे चुका है। राशि देने के बाद भी निशित केशरी कंस्ट्रक्शन ने फ्लैट नंबर 11 डी (1550 स्कायर फीट) का एग्रीमेंट्स नहीं किया। सुनील के कंस्ट्रक्शन कंपनी से बार-बार आग्रह पर भी एग्रीमेंट्स नहीं किया। जो रेट तय था उससे ज्यादा पैसे मांगने लगा और अंत में फ्लैट कैंसिल करने का आदेश जारी कर दिया। इसे लेकर सुनील ने न्यायलय से इंसाफ की गुहार लगायी और निशित केशरी कंस्ट्रक्शन पर केस दर्ज कराया। जिसमें न्यायालय ने 11.12.2024 को निशित केशरी कंस्ट्रक्शन द्वारा फ्लैट कैंसिल करने को गलत ठहराया और न्यायलय ने सुनील के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। न्यायालय में कंपनी को आदेश दिया है कि सुनील को फ्लैट दिया जाए या उस फ्लैट को बेच दिया गया है तो ब्याज के साथ पैसा वापस किया जाये। सुनील कुमार गुप्ता का कहना है कि वह अपना फ्लैट लेना चाहता है। उन्होंने कहा कि मुझे पैसा नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि निशित केशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी से फ्लैट लेने के लिए वह फिर से न्यायालय की शरण में जायेगा।

# जिलाधिकारी जनता से छल व शोषण न करें, नहीं तो कार्रवाई : नेहा तिर्की

- कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण ने शिवाजी मैदान में लगायी प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी
- कृषि मंत्री व वित्त मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन
- प्रमंडल के लाभुकों के बीच पशु धन समेत कृषि, मत्स्य उपकरण वितरित स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी
- पलामू में सरकारी कोल्ड स्टोरेज व प्रोसेसिंग यूनिट प्लांट खाले जाने का प्रस्ताव उपायुक्त से मांगा गया
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर ही आधारित है : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण ने शिवाजी मैदान में प्रमंडलस्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी आयोजित किया। इसका उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह व अन्य ने किया। मौके पर प्रमंडल के लाभुकों के बीच कृषि यंत्र, पशुधन व अन्य सामग्री बांटी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार राज्य की उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य के विकास की गति को तेज करने के लिए सरकार के साथ अमजनों की सहयोग आवश्यक है।




दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं कृषि मंत्री, वित्त मंत्री, पूर्व मंत्री व उपस्थित अन्य।

उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों का भरोसा बिखरने नहीं देंगे। मेरे शरीर का एक-एक कण जनसेवा के लिए समर्पित है। पूर्व में विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को नहीं दी जाती थी, इसलिए वर्तमान सरकार प्रमंडलस्तरीय किसान मेला से किसानों को जानकारी देने में लगी है। मंत्री ने किसानों को आह्वान करते हुए कहा कि समय के साथ अपने आप के तौर तरीके बदलते हुए नये तकनीक की खेती को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि किसान अपने आप को मजदूर न समझें।

### 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी के मौके पर माननीय मंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। पलामू के दो किसानों को किसान समृद्धि योजनाअंतर्गत चलंत सोलर पंप वितरण किया गया। वहीं एनएफएसएम अंतर्गत एक किसान को रोटावेटर एवं एक किसान को विद्युत पंप सेट दिया गया। पशुपालन विभाग के द्वारा लाभूकों को बकरी का वितरण किया गया। मौके पर आपूर्तिकर्ता सलीम अंसारी व अखिलेश राम ने दो दो यूनिट अच्छे नक्सल के बकरा व बकरी का वितरण किया। जिला गव्य पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने लाभुकों के बीच चार गाय का वितरण किया।

**किसान गोष्ठी में किसान पुरस्कृत :** प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी के दूसरे पहर में आयोजन स्थल शिवाजी मैदान में वैज्ञानिक किसान अंतरमिलन-सह-किसान गोष्ठी भी हुई। इसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि के संबंध में जानकारी दी। साथ ही किसानों ने भी अपनी उन्नत खेती के बारे में अनुभव साझा किया। किसान मेला में किसानों के विभिन्न कृषि उत्पाद को 30 फसलों को अलग-अलग कैटेगराइज कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 100 से अधिक किसानों को पुरस्कृत किया गया।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर जिप अध्यक्ष प्रतिमा देवी, निदेशक समेति विकास कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, डीडीसी शब्बीर अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, राजद जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, प्रो बच्चन ठाकुर, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, भीष्म चौरसिया समेत गाढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी एवं लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी सहित प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के कृषि विभाग से जुड़े पदाधिकारी एवं तीनों जिलों की बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित थे।

### उपायुक्त की पहल से अनुमंडल स्तर पर अधिष्ठापित होगा कैंप कार्यालय

# विभागीय कार्य होंगे निष्पादित

- कैंप कार्यालय के कार्यों से लाभान्वित होंगे आमजन : उपायुक्त
- प्रत्येक माह के द्वितीय वृहस्पतिवार को छतरपुर एवं चतुर्थ वृहस्पतिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में रहेगा कैंप कार्यालय




शशि रंजन, पलामू डीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल एवं सकारात्मक सोच से आमजनों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उनके नजदीकी अनुमंडल में ही मिलेगा। जनता को छोटे कार्यों के लिए भी जिला में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि प्रशासनिक पदाधिकारी उनके नजदीक पहुंचेंगे। इसे लेकर अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय अधिष्ठापित कर विभिन्न विभागीय कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। इसके लिए उपायुक्त शशि रंजन ने निदेश जारी कर दिया है।

इसकी व्यापक तैयारी भी की जाने लगी है। प्रत्येक माह के द्वितीय वृहस्पतिवार को छतरपुर एवं चतुर्थ वृहस्पतिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जायेगा। इसमें सभी जिला स्तरीय, संबंधित अनुमंडल स्तरीय तथा संबंधित अनुमंडल के सभी प्रखंड स्तरीय, असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी निर्धारित दिवस को कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने संबंधित एसडीओ को अपने-अपने अनुमंडल में निधारित दिवस के लिए कैंप कार्यालय अधिष्ठापन संबंधी सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी योजनाओं एवं गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन और आम लोगों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए कैंप कार्यालय अधिष्ठापित कर विभिन्न विभागीय कार्यों का निष्पादन किए जाने की परिकल्पना की गई है। योजनाओं का लाभ लेकर लोग अपने जीवन स्तर को बेहतर बनायेंगे।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रही है। प्रशासन की ओर से लोगों की मांगों और समस्याओं के समाधान का क्रम निरंतर जारी है।

# अनुकंपा पर आठ को मिलेगी नौकरी

- उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की हुई बैठक
- विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवक के आश्रितों की अनुकंपा पर नियुक्ति का लिया गया निर्णय
- एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ देने के लिए 16 आवेदन स्वीकृत



अनुकंपा समिति की बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवक के आश्रितों की अनुकंपा पर नियुक्ति के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष उपस्थापित आवेदकों के सभी 10 आवेदनों की विस्तृत रूप से जांच की गई। इस दौरान आवेदकों द्वारा दिए गए आवेदनों के साथ -साथ अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, विभागीय निदेश एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के उपरांत अहर्ता पूर्ण कर रहे 8 आवेदन स्वीकृत करते हुए अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु समिति ने अनुशंसा की। इस दौरान एक मामला को समिति ने अस्वीकृत कर दिया। वहीं एक मामला पर निर्णय स्थकित (लंबित) रख जरूरी दस्तावेज पूर्ण करने एवं कुछ दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने संबंधित विभागों में रिक्त पदों की जानकारी ली। साथ ही समिति द्वारा अनुशंसित 8 आवेदनों पर जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश स्थापना उपसमाहर्ता को दिया। इधर, कर्मचारियों को एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ देने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए प्राप्त 21 आवेदनों की जांचोपरांत 16 आवेदन स्वीकृत किए गए। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, स्थापना उप समाहर्ता आदि उपस्थित थे।

# पाटन : कस्तूरबा विद्यालय की एकाउंटेंट ने विद्यालय परिसर में की खुदकुशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एकाउंटेंट प्रियंका कुमारी 28 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रियंका लगभग छः महीने से पाटन कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत थी। उन्होंने दिन के दस बजे प्रतिदिन की भांति स्कूल में आकर अपना एटेंडेंस बनायी तथा स्कूल के शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ बातचीत कर अपने सरकारी विद्यालय के कमरे में चली गयी। उसी क्रम में प्रियंका कुमारी के पति का



खुदकुशी मामले की जानकारी लेते पदाधिकारी।

फोन आने लगा लेकिन प्रियंका कुमारी ने नहीं उठाया जिसके बाद प्रियंका कुमारी के पति ने कस्तूरबा विद्यालय के गार्ड को फोन लगाकर प्रियंका के द्वारा फोन नहीं उठाये जाने का कारण पूछा। गार्ड एवं विद्यालय के शिक्षकों ने प्रियंका कुमारी के आवास पर जाकर आवाज लगायी लेकिन कोई जबाब नहीं मिला। जिसके बाद बंद दरवाजा को तोड़ा गया तो लोगों ने पाया कि एकाउंटेंट फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, डीएसई संदीप कुमार ने घटना की जानकारी ली।

**मुख्य बातें :** जानकारी मिलने पर पाटन थाना के एसआई संतोष कुमार घटनास्थल पहुंच प्रियंका को फांसी के फंदे से उतार मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका खेलारी की रहने वाली थी। उसके एक तीन साल की बच्ची है। छतरपुर में उसका ससुराल है। पति रांची में नौकरी करते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि वार्डन एवं बीइओ में तनाव चल रही थी जिससे यह घटना घटी है। मामले की जांच होगी। बताया कि बीइओ चार दिन पहले प्रियंका से स्पष्टीकरण मांगे थे। यह भी एक कारण हो सकता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने वार्डन को सेवामुक्त करने एवं बीइओ पर कार्रवाई के लिए पलामू उपायुक्त को लिखने के लिए कहा। विद्यालय की शिक्षिका अराधना सिंह ने बताया कि वार्डन सुषमा को बराबर परेशान करती थी। जिप सदस्य संग्राम सिंह ने बताया कि विद्यालय में वार्डन बड़े पैमाने पर धांधली कर रही थी। इसकी शिकायत कई बार की गयी थी, लेकिन वार्डन पर कार्रवाई नहीं की गयी। परिणाम आज एक जान चली गयी। वार्डन बिना कारण प्रियंका को परेशान कर रही थी। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि एक बार प्रियंका ने चैनपुर में भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पारिवारिक विवाद भी हो सकता है यह जांच के बाद ही पता चल पायेगा। पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि विद्यालय में आपसी गुटबंदी से आहत प्रियंका ने आत्म हत्या की है। वार्डन उसे परेशान करती थी, जिस कारण वह आत्म हत्या की। घटना की जांच होनी चाहिए। मौके पर पाटन चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण मेहता, बीपीएम शशि कांत कुमार भी मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर से तेल रिसाव के बाद खेत में लगी आग, अरहर की फसल जलकर हुई खाक



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा में सड़क किनारे पत्थर पर रखे ट्रांसफार्मर से हो रहे तेल रिसाव के बाद मंगलवार की रात अचानक शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लग गयी। आग की लपटें बगल के खेतों में लगे अरहर तक पहुंच गया जिससे गोदरमा के अनिल तिवारी के खेत में लगी अरहर जल कर खाक हो गयी। अनिल ने बताया कि गोदरमा में सड़क किनारे पत्थर पर रखे ट्रांसफार्मर में हमेशा आग लग जाती है जिससे खेतों में लगी फसल भी जल जाती है। दावा है कि इस घटना में 20 हजार से भी अधिक का नुकसान हुआ है।

### नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ने पर दिया गया बल



**नीलांबर पितांबरपुर।** झामुमो के प्रखंड सदस्यता अभियान की समीक्षा एवं पंचायत की कमेटी गठित की गयी। लेस्लीगंज बाजार के बहुउद्देशीय भवन में झामुमो नीलांबर पितांबरपुर कमेटी की एक बैठक हुई, जिसके मुख्य अतिथि पलामू जिला के सदस्यता अभियान के मुख्य संयोजक जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा थे। मौके पर सभी पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं उपसचिव का गठन किया गया। साथ ही नवलेश मेहता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव आया, जिसे प्रस्ताव कुलदीप यादव एवं समर्थन अनुज कुशवाहा ने किया। श्री सिन्हा ने कहा कि पार्टी ग्रामीणों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने एवं उनके हक की सम्मान दिलाने का काम करेगी। मौके पर जिला सचिव बबलू सिंह, दीपू चौरसिया, सोनू सोनी, चंद्र प्रकाश दुबे, अखिलेश चंद्रवंशी, मनोज राम छोटू अंसारी सहित झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने पीड़ितों को दिलाया मदद का आश्वासन

शिवशंकर पासवान

**पांकी पालामू।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह के निर्देश पर बुधवार को पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने पांकी बाजार स्थित राजीव फैंसी मॉल अग्निकांड की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

इस दौरान ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, जिला कार्य समिति सदस्य साधु मांझी, भाजपा नेता सतीश सिंह, वीरेंद्र प्रसाद चौरसिया, सत्य प्रकाश पांडेय, सुधीर कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

पांकी बाजार अग्निकांड



### बिजली विभाग ने चलाया विशेष छापेमारी अभियान

**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र में बुधवार को बिजली विभाग ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान छह लोगों को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया। इस दौरान गोराडीह के रुद्र प्रताप सिंह, आजादनगर के अजहर खान, बटऊवा की हुस्नआरा खातून, बडंडा की रौशन बीबी, सबनवा के असगर अंसारी और डाली के जावेद इकबाल के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया।

### एसडीएम ने अवैध खनन को ले की टास्क फोर्स की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में बुधवार को प्रभारी एसडीओ गौरांग महतो की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि उपयुक्त पलामू के निर्देश पर अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने हेतु सभी बालू घाटों पर जाने वाले रास्ते पर ट्रेंच कटिंग एवं ब्रेकेटिंग करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित खनन ट्रांसपोर्ट की बैठक में सभी नदियों से अवैध बालू के खनन पर रोक लगाने हेतु नदी की ओर जाने वाले सभी रास्ते में यथासंभव ट्रेंच कटिंग कर अनिवार्य रूप से ब्रेकेटिंग करके चौकीदार की प्रतिनियुक्ति करने हेतु निर्देश दिया गया।

### हदहदवा पहाड़ के जंगल से नरकंकाल बरामद



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के हदहदवा पहाड़ के जंगल से 24 दिनों से लापता हर्ष कुमार का नरकंकाल बरामद किया गया। हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद ग्राम महुलिया का अपहरण अज्ञात लोगों ने कर लिया था। परिजनों ने नावाजयपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस लगातार हर्ष की बरामदगी को लेकर छापामारी कर रही थी, किंतु कोई सफलता नहीं मिल पायी थी। परिजनों ने कई बार हर्ष की बरामदगी को लेकर नावा जयपुर पुलिस को दबाव दिया था। हर्ष अपने घर का एकलौता चिराग था। बुधवार को जंगल में लकड़ी काटने के दौरान हर्ष के नरकंकाल को देखा, इसकी सूचना उसने परिवारवालों को दी। परिवारवालों ने नरकंकाल जंगल में होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पाटन एवं नावा जयपुर पुलिस ने जंगल से नरकंकाल को बरामद कर लिया है। फोरेंसिक की टीम एवं डॉग स्क्वायर्ड के साथ जांच में जुट गयी है।

# सीओ के नेतृत्व में खामडीह पूर्णाटोला में चिमनी ईंट भट्ठा किया गया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बारी पंचायत के खामडीह गांव के पूणार्डीह टोला में चिमनी ईट भट्ठा को सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में बुधवार को जेसीबी मशीन से नष्ट कर दिया गया। चिमनी ईंट भट्ठा ध्वस्त करने की कार्रवाई लगभग ढाई घंटे तक चली। बताया जाता है कि ईंट भट्ठा संचालक से बार-बार कागजात की मांग की जा रही थी, मगर नहीं दिये जाने पर कार्रवाई की गयी। इस बुलडोजर कार्रवाई में संचालक को लाखों का





ईंट भट्ठा को नष्ट करती जेसीबी और मौके पर उपस्थित पुलिस व अन्य।

नुकसान का अनुमान है। इस दौरान ईंट भट्ठा में करीब 40 परिवार के मजदूरों ने ईंट भट्ठा पर कच्चे पड़े ईंटों को ध्वस्त नहीं करने की अपील करते नजर आये। मजदूरों के आग्रह पर प्रशासन कच्चे ईंटों को छोड़ दिया। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि जिला प्रशासन गैर कानूनी काम करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्णाडीह स्थित एआरबी नामक ईट भट्ठा के संचालक राजन कुमार सिंह से चार बार कागजात मांगी गयी थी। कागजात नहीं देने के बाद नोटिस निर्गत किया गया। उसका भी जवाब समय अवधि के अंदर नहीं दिया। कहा कि अवैध रूप से काम होने के कारण सरकार को लाखों राजस्व की हानि हो रही है। अवैध रूप से कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच के उपरांत कार्रवाई की जायेगी। सीओ के साथ अंचल निरीक्षक अनीश सिंह, राजस्व उप निरीक्षक श्रीकांत दास, विकास मिंज, सतबरवा थाना के एसआई विश्वनाथ राणा के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# पलामू एनएचएआई अंडर पास के अतिरिक्त छह पाया बढ़ाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो एवं भरदुल कुमार सिंह के नेतृत्व में महासंघ झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महासंघ के पदाधिकारियों राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला परिसर दुबियाखाड़ पलामू में एनएचएआई अंडर पास के अतिरिक्त छह पाया बढ़ाने के लिए आग्रह किया गया। मंत्री ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान ले कर डीडीसी को टेलीफोनिक बात कर एनएचएआई के साथ बैठक कर अतिरिक्त छह पाया बढ़ाने का निर्देश दिया।

साथ ही शांतिपूर्वक राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला सम्पन्न होने के खुशी में अंग वस्त्र एवं दुबियाखाड़ मेला का प्रसिद्ध मिठाई लकठो, भेंट कर मंत्री को सम्मानित किया गया। डीडीसी के निर्देश पर



वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपते महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, उपाध्या सिंह, भरदूल सिंह समेत अन्य।

दुबियाखांड मेला स्थल पर एनएचएआई अंडर पास के अतिरिक्त छह पाया बढ़ाया जायेगा। मेला स्थल पर सुविधा बढ़ाये जाने से मेला की खुबसूरती बढ़ेगी। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस कार्य के लिए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बधाई दी है। वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपने वालों में जनजातीय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह, पलामू जिलाध्यक्ष उपाध्या सिंह, गुडु सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्र की 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना एक अत्यंत पुण्य कार्य: योगेंद्र महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में बुधवार को दानरो नदी छठ घाट पर 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो थे। विवाह यात्रा संस्था के सचिव विकास माली के आवास टंडवा से निकली, जो आशीर्वाद मैरिज हॉल पहुंची। इसके बाद सचिव समेत अन्य लोग



वर के साथ मंत्री व संस्था के सचिव।

बारात के साथ विवाह स्थल की ओर पैदल रवाना हुए। इस दौरान मंत्री योगेंद्र महतो स्वयं बारात में शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

मौके पर मंत्री श्री महतो ने कहा कि 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना एक अत्यंत पुण्य कार्य है। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने समाज से इस नेक पहल में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। संस्था के सचिव श्री माली ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे खुशी भरा दिन है जब वे 351 बहनों की डोली सजाकर उनका विवाह करा सके। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही यह भव्य आयोजन संभव हुआ और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस समारोह में हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया। इस पहल ने सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। झामुमो नेत्री अंजली गुप्ता ने इस पहल को फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक समरसता बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया। इसके बाद विवाह स्थल पर द्वार पूजा की रस्म पूरी कर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर कंचन जायसवाल, मेराल प्रमुख दीपमाला, विभूति पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रंका : सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका।** थाना क्षेत्र के चुटिया पंचायत में बुधवार को स्कार्पिओ पेड़ से टकरा गयी। जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों का रंका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ गोरखनाथ पांडेय इलाज कर रहे हैं। जहां प्राथमिक उपचार कर चार लोगों को गढ़वा रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सभी लोग शादी समारोह से रामानुजगंज लौट रहे थे। इसी दौरान स्कार्पिओ अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरायी।

## नगर में आज

### राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत बुधवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र में राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, गढ़वा नगर परिषद, जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पीएलवी ने तंबाकू सेवन से दुष्प्रभाव के बारे जानकारी दी। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, कृष्णा नंद दुबे, रामा शंकर चौबे, सुधीर चौबे, संगीता सिन्हा, अमरेंद्र कुमार, तृप्ता भानु सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### सोशल वर्कर संस्था ने कराया रक्तदान




**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा ने सदर अस्पताल गढ़वा परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान किया गया। समाजसेवी मंटू मालाकार ने एक यूनिट रक्तदान किया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने बताया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों से सूचना मिली थी कि भवनाथपुर निवासी दिव्यांशु चंद्रवंशी (17) जॉन्डिस से पीड़ित है। उनके शरीर मे मात्र 6 ग्राम रक्त है। उन्हे एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्कता थी। तभी समाजसेवी मंटू मालाकार जिनका रक्त समूह एबी पॉजिटिव है उन्हे रक्तदान को करने को राजी कर रक्तदान करवाया। मंटू मालाकार ने बताया कि उनके जीवनकाल के यह 23वां रक्तदान है। रक्तदान कर काफी मन प्रफुल्लित होता है। मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य शुभम केशरी, विजय केशरी, मीडिया प्रभारी अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

### पिता को मृत दिखा जमीन हड़पने के मामले में बेटों ने खुद को कहा निर्दोष

**मझिआंव।** प्रखंड के सोनपुरवा पंचायत के गोगेया गांव में पुत्रों के अपने पिता को मृत दिखाकर भूमि हड़पने के मामले में एक नया मोड़ आया है। आरोपी पुत्र हल्लाद हुसैन खान ने मझिआंव थाना प्रभारी सुनील तिवारी को आवेदन देकर मामले में खुद को निर्दोष बताया है। कहा है कि मेरे पिता शमशाद खान मेरी मां के मरने के बाद दूसरी शादी कर लिये हैं। वहां भी 6 एकड़ जमीन खरीद लिये हैं। मेरे सहयोग से जेसीबी तथा ट्रैक्टर भी खरीदे हैं। हम दोनों भाइयों को छत्तीसगढ़ से भगाकर पूरी संपत्ति मेरे सौतेले भाइयों को दे दिये हैं। साथ ही मेरा गोगेया की पुश्तैनी जमीन भी जबरन बेच रहे थे। जिसे मेरे दादा ने हम दोनों भाइयों को चार एकड़ भूमि लिख दी। बाकी बचा 01 एकड़ 45 डिसमिल भूमि जिसे हम लोगों ने भय व मजबूरी में उन्हें मृत बताकर रजिस्ट्री करवा लिया।

### थाना प्रभारी ने की शादी में सहयोग



**धुरकी।** गरीब एवं असहाय परिवार की लड़कियों की शादी के लिए फरिश्ता बनने वाले धुरकी थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की इस समय क्षेत्र में काफी सराहनीय प्रशंसा की जा रही है। थाना क्षेत्र के खाला निवासी महेंद्र राम की पुत्री की शादी होनी थी। लेकिन परिवार के पास पैसे का अभाव था। जिससे परिवार वाले शादी में असमर्थता जता रहे थे। इसकी जानकारी थाना प्रभारी को मिली। उन्होंने परिजनों को अपने कार्यालय में बुलाया और सहयोग राशि दी। थाना प्रभारी ने बताया कि ड्यूटी के दौरान उन्हें यह मालूम हुआ था।

# अबुआ आवास में हेरा फेरी को ले बीडीसी का डीसी को आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के करमडीह पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मशरून खातून ने उपायुक्त शेखर जमुआर को आवेदन देकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में जनसेवक सह पंचायत सचिव श्रीकांत उपाध्याय एवं मुखिया मोसरत जहां के मिली भगत से हेरा फेरी करने का आरोप लगाया है।

दिये गये आवेदन में कहा गया कि पंचायत सचिव एवं पंचायत मुखिया के मिलीभगत से जरूरतमंदों को न देकर सक्षम व्यक्तियों को आबुआ आवास दिया गया है। साथ ही जाती बदलकर भी आवास दिया गया है, जो जांच का विषय है। कहा गया है कि पंचायत क्षेत्र के ही शिवपतिया देवी पति 80 वर्षीय सुदेश चौहान जो कोलियरी में सर्विस करते थे, इनका पक्का का मकान है। साथ ही इनका पुत्र फिलहाल ओजी में सर्विस कर रहा है। को भी अबुआ आवास दिया गया है। पूजा देवी पति छोटन कुमार सिंह जो जनरल कैटेगरी में आते हैं का एससी कैटेगरी बदलकर अबूआ आवास का लाभ दिया गया है। वहीं संयुक्ता ठाकुर पति सुनील कुमार ठाकुर ओबीसी कैटेगरी में आते हैं लेकिन इनका भी एससी कैटेगरी में जाति बदलकर अबुआ आवास का लाभ दिया गया है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

इधर ग्रामीणों से पूछे जाने पर ग्रामीणों ने बताया कि जन सेवक सह पंचायत सचिव श्रीकांत उपाध्याय असहाय लोगों को अबुआ-आवास नहीं देकर सक्षम लोगों को आवास में चयन कर रहे हैं। यहां तक की कुछ लोगों का पहले से भी पक्का का बना हुआ मकान है उसे भी दिया जा रहा है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि जिला द्वारा पहले भी पत्र जारी किया गया था कि किसी भी जनसेवक (भीएलडब्ल्यू) को पंचायत में नहीं लगाना है लेकिन किसी कारणवश जनसेवक श्रीकांत उपाध्याय करमडीह पंचायत सचिव को रखा गया है यह समझ से परे है। उपायुक्त के आदेश पर बीडीओ ने तत्काल चार सदस्य टीम गठित कर दो दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है। चार सदस्यीय जांच टीम में सहायक अभियंता चिन्मय दुबे, सहायक अभियंता मनरेगा यशवंत सिंह, पीएमवाई प्रखंड समन्वयक राशीद अंसारी एवं कनीय अभियंता 15वें वित्त अमर कुमार का नाम शामिल है।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवरी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास पंचायत समिति सदस्य बीडीसी देवंती कुमारी ने फीता काटकर किया। गौरतलब हो कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र भवन का अपना सेविका नहीं होने से धात्री महिलाओं को परेशानी होती थी व समय पर पोषाहार व टीकाकरण नहीं होने से काफी परेशानी होती थी। जो बाल विकास परियोजना पदाधिकारी धुरकी के निर्देश पर पंचायत समिति सदस्य की मौजूदगी में उक्त भवन



शिलान्यास करती पंसस बीडीसी देवंती कुमारी।

का शिलान्यास किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य देवंती कुमारी, उप मुखिया प्रतिनिधि हनीफ अंसारी, ग्रामीण अजय चंद्रवंशी, मुंद्रिका यादव, ललन राम, इंदु देवी, रीता देवी, राजकुमारी देवी, बिंदा देवी, रिंकी देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, संगीता देवी, कमला देवी, सीमा देवी, पूनम देवी, सीता राम, निरंजन कुमार, प्रगास राम, रंजीत कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, छठु राम, दशरथ राम, बीडीसी प्रतिनिधि राजकुमार राम, जगरनाथ कुमार, लक्षु राम, लालमन राम आदि थे।

### खाद्य सुरक्षा उल्लंघन

## आठ प्रतिष्ठानों पर लगा 2.65 लाख रुपये का जुर्माना

**मेदिनीनगर।** जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाये रखने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के मद्देनजर न्याय निर्णयन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने खाद्य सुरक्षा उल्लघंन को लेकर जनवरी माह से अबतक कुल 8 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध 2 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अपर समाहर्ता ने बताया कि घटिया और मिलावटी (अवमानक) खाद्य पदार्थ बिक्री करने व भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमों का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं पर जुर्माना लगाया गया है।

# कॉफी विद एसडीएम में दिहाड़ी मजदूर समुदाय के कई लोगों ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के कॉफी विद एसडीएम में आमंत्रित समूह के रूप में क्षेत्र के असंगठित क्षेत्र के दिहाड़ी मजदूर समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा क्षेत्र के श्रमिकों के साथ अपने सभाकक्ष में कॉफी के दौरान संवाद किया। श्रमिकों में




एसडीएम के साथ मजदूर।

महिला एवं पुरुष दोनों का प्रतिनिधित्व रहा। इस दौरान आमंत्रित लोगों ने अपनी निजी समस्याओं के अलावा मजदूर कल्याण से जुड़े कुछ सामूहिक विषयों को रखा। एसडीओ श्री कुमार ने उपस्थित सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और शिकायतों का यथासंभव निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में पहुंचे श्रमिकों को एसडीओ ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया। इस पर आमंत्रित लोगों ने प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें पहली बार इस प्रकार सम्मान दिया जा रहा है। कॉफी विद एसडीएम की इस कड़ी में मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप में डीटीओ सह जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश एवं श्रम अधीक्षक संजय आनंद भी मौजूद थे।

# मानस मंडली ने आयोजित किया 529वां सुंदरकांड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा प्रस्तावित श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में बुढ़ीखांड़ पहाड़ी पर अवस्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार की देर शाम मानस मंडली जिला टीम द्वारा 529वां श्री रामचरितमानस पर आधारित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान राम और उनके परम भक्त हनुमान जी की पूजा अर्चना किया गया।

इसके पश्चात मानस मंडली संरक्षक द्वारिका पांडेय एवं



सुंदरकांड का पाठ करते लोग।

एसडीएम संजय पाण्डेय के नेतृत्व में मानस व्यास अरुण दुबे एवं सहायक व्यास बृजेश पांडे, अशोक पटवा, अमरेंद्र मिश्रा, आत्मा पांडेय के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति की गई। इस दौरान सुंदरकांड के पाठ कर रहे व्यासों द्वारा लंका में डंका बजाई दियो रे......... सहित एक से बढ़कर एक संगीतमय की प्रस्तुति की गई। संगीतमय सुंदरकांड के बाद पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में प्रसाद एवं महाप्रसाद भी वितरण किया गया। बताते चलें कि श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ के मानस मंडली में हारमोनियम पर मार्कंडेय तिवारी, नाल वादक सीएस दुबे, रघुपति सिंह, मनोज दुबे, अरविंद तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, अजय सिंह, विजय पांडेय, गोपाल सोनी, उदय गुप्ता, शेखर श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, मुकेश पांडेय, छोटन सोनी, सच्चिदानंद पांडेय, अलख पाठक, रमन केषरी, राकेश तिवारी आदि के द्वारा सुंदरकांड की प्रस्तुति की गई। सभी मानस मंडली के व्यासों एवं प्रशासनिक मुख्य अतिथियों को मंदिर के पुजारी बाबा केशव नारायण दास ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

मौके पर सदर एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने कहा कि इस एक बार मैं इस स्थान पर आया तो मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं सोचा कि यहां मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड हो और इस बात को मैं बाबा केशव नारायण दास के बीच रखा। बाबा की देखभाल में जो कार्यक्रम हुआ वो बहुत ही अच्छा रहा। एसडीओ ने मानस मंडली को अंग वस्त्र एवं अन्य उपहार से सम्मानित कर विदाई की। मौके पर बीडीओ कनक, सीओ प्रमोद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील तिवारी, मुखिया रीता देवी, हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, बीडीसी प्रतिनिधि अशोक यादव भी थे।



## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

**नगर परिषद्, रामगढ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

**अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/23/2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक : 20.02.2025 |
| 3 | परिमाण विपत्र विक्रय की तिथि | :– | दिनांक : 21.02.2025 से 28.02.2025 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 01.03.2025 पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | दिनांक :03.03.2025 अपराहन, 12:00 बजे से। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | नगर परिषद्, रामगढ़ । |
| 7 | मद का नाम | :– | नागरिक सुविधा |
| 8 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 9430333198, 8651204505 |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Pcc Road With Cross Drain in Ward No:-01,From H/O Santosh Paswan (existing Pcc) to H/O Kuber Singh. | 935269.00 | 18705.00 | 5000 | 60 दिन |
| 2 | 05 | Beutification of Community Place in Ward No -05 | 454494.00 | 9090.00 | 1000 | 45 दिन |
| 3 | 05 | Construction of Paver block Road in Pochra ,Ward No-05 From (A) H/O Mathura Yadav to well (B) H/O jaggu yadav to H/O Binod yadav (C) H/O Jhagru yadav to H/O Ramprasad Yadav (D) Chhotan Giri To Pawan Yadav (E) Prachin Shiv Mandir To H/O Kameshwar Yadav | 734426.00 | 14689.00 | 5000 | 60 दिन |
| 4 | 06 | Boundry Wall Arround Shiv mandir (Painki) in Ward no :-06 | 710450.00 | 14209.00 | 5000 | 60 दिन |
| 5 | 07 | Laying of paver block road from H/O Triloki Saw To H/O Dr. Pankaj Kumar In Ward no 07 | 991500.00 | 19830.00 | 5000 | 60 दिन |
| 6 | 07 | Construction of PCC Road From H/O Lambu D singh To H/O Santosh singh in Ward no 07 | 405600.00 | 8112.00 | 1000 | 60 दिन |
| 7 | 08 | Construction of Paver block Road in Ward no : -08 (Sewta) From (A) H/O Jageshwar saw to Karma mian Road ( Bitumen Road ) (B) H/O Meghnath Mahto to H/O Bidyasagar Misra & H/O Dilip Singh to H/O Gudu Singh (C) H/O Prasad Ji to H/O Dineshwar Prasad | 750067.00 | 15001.00 | 5000 | 60 दिन |
| 8 | 08 | Construction of Pcc Road in Ward No: -08, ( BRL, Dam Colony ) From Ravindra Singh to Upendra Singh | 784343.00 | 15687.001 | 5000 | 60 दिन |
| 9 | 09 | Construction of Rcc Culvert in between H/O Manoj Saw to H/O Abhishek Saw in Munda Tola in ward no. 9 | 781073.00 | 15621.00 | 5000 | 60 दिन |
| 10 | 09 | Construction of Ghat at Marar Talab in Ward No -09 | 937100.00 | 18742.00 | 5000 | 60 दिन |
| 11 | 09 | Laying Of paver Block road from a) H/O Virenedra singh to H/O paras sagar in Jhopdi patti B) H/O Niranjan karmali To H/O Ramesh karmali In ward no.-09 | 857768.00 | 17155.00 | 5000 | 60 दिन |
| 12 | 09 | Laying Of paver Block road from a) H/O Bharat singh to H/O Pawan saw B) H/O Vijendra karmali To H/O Ganesh karmali In ward no.-09 | 865543.00 | 17311.00 | 5000 | 60 दिन |
| 13 | 12 | Laying of Pavers Block from Argadda Checkpost Black top road to H/O Ram Karmali and H/O Indrajeet Prasad to H/O Kagu Munda via H/O Akhtar Khan in ward no.12 | 892351.00 | 17847.00 | 5000 | 60 दिन |
| 14 | 12 | Laying of Pavers Block from Mahua tand Akhara to Old Baari(bablu) in ward no. 12 | 361146.00 | 7223.00 | 1000 | 45 दिन |
| 15 | 12 | Construction of Drain from H/O Hipiya Munda to Drain beyond H/O Dilip Paswan in ward no. 12(New Colony near Kabristan) | 780000.00 | 15600.00 | 5000 | 60 दिन |
| 16 | 13 | Laying of Pavers Block from a) H/O Chitranjan Mahto to Quarter No. D-3 b) Quarter no. D-2 to PCC road in ward no. 13 | 913592.00 | 18272.00 | 5000 | 60 दिन |
| 17 | 14 | Laying of Pavers Block from H/O Sameer Dey to Argadda Panchayat Bhawan in ward no. 14 | 983704.00 | 19674.00 | 5000 | 60 दिन |
| 18 | 14 | Laying of Pavers Block from a) H/O Shyam Sundar Paswan to H/O Bicky Satnami b) H/O Chandu Satnami to Krishna Kr. at Bilaspuria Mohalla in ward no. 14 | 600154.00 | 12003.00 | 5000 | 60 दिन |
| 19 | 14 | Construction of Drain and laying of pavers block from H/O Suraj singh to H/O Kalim master and beautification at Argadda bakadiya Bajar in ward no. 14 | 787800.00 | 15756.00 | 5000 | 60 दिन |
| 20 | 15 | Construction of Mini Water Supply Scheme infront of road near H/O Jagnarayan Karmali and laying of Paver Block around this HYDT in ward no. 15 | 999800.00 | 19996.00 | 5000 | 60 दिन |
| 21 | 15 | Laying of Pavers Block from Gate of old Rajkiya madhya vidyalaya to H/O Shobhra Singh in ward no. 15 | 665346.00 | 13307.00 | 5000 | 60 दिन |
| 22 | 16 | Laying of Pavers Block from Kabristan road to the front of H/O Chandan Mahto in ward 16 | 775935.00 | 15519.00 | 5000 | 60 दिन |
| 23 | 16 | Laying of Pavers Block 1) At Sirka Bazar 2) From Mustaqin shop to H/O Maulana Wuhab 3) H/O Mustaqim to H/O Naushad in ward no. 16 | 848848.00 | 16977.00 | 5000 | 60 दिन |
| 24 | 17 | Laying of paver block road from H/O Ravi Prajapati to Toofan Prajaapti at kowa tola, parsa beda in ward 17. | 973214.00 | 19464.00 | 5000 | 60 दिन |
| 25 | 17 | Laying of paver block road from (a) H/O Sahdev prajapati to H/O vikki (b) H/O Kallu Prajapati to H/O Shiva Prajapati in ward 17. | 907034.00 | 18141.00 | 5000 | 60 दिन |
| 26 | 17 | Laying of paver block road from H/O laladev Prajapati to near anganbadi at kowa tola, parsa beda in ward 17. | 962012.00 | 19240.00 | 5000 | 60 दिन |
| 27 | 18 | Laying of paver block road from (a) H/O Avid ansari to H/O Niyaam (B) H/O Aftab to H/O jasir at Chaingadda in ward no.18 | 543840.00 | 10877.00 | 5000 | 60 दिन |
| 28 | 18 | Laying of paver block road from H/O Amanat alli to H/O Ahsaan Ansari at Chaingadda in ward no.18 | 713000.00 | 14260.00 | 5000 | 60 दिन |
| 29 | 18 | construction of PCC road from SH-2 H/O Kedar Mahto at Naya Tola at Chaingadda in ward no.18 | 286360.00 | 5727.00 | 1000 | 45 दिन |
| 30 | 19 | Construction of Samshan shed near Graveyard , Hehal In Ward No -19 | 902980.00 | 18060.00 | 5000 | 60 दिन |
| 31 | 20 | Laying of paver block at Ambwatand Eidgah and Aproach road in ward no 20 | 996955.00 | 19939.00 | 5000 | 60 दिन |
| 32 | 21 | Construction of Drain from Balvikash vidyalaya to H/O pachu bediya at ghutuwa in ward no 21 | 570200.00 | 11404.00 | 5000 | 60 दिन |
| 33 | 21 | Construction of Mini Water Supply Scheme Ma hto tola ghutuwa in Ward No. 21 | 646300.00 | 12926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 34 | 23 | Construction of Mini Water Supply Scheme near H/O Tilka Munda at Barkakana, in Ward No. 23 | 646300.00 | 12926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 35 | 24 | Construction of Drain from H/O Tulsi Munda to pipal tree at Barkakana in ward no 24 | 988581.00 | 19772.00 | 5000 | 60 दिन |
| 36 | 24 | Construction of Drain from H/O Vinod Kant Misra to H/O Sidheswar yadav at Barkakana in ward no 24 | 570200.00 | 11404.00 | 5000 | 60 दिन |
| 37 | 24 | Construction of steel shed & laying of paver block at B.R Ambedkar park in ward no 24 | 412010.00 | 8240.00 | 1000 | 60 दिन |
| 38 | 26 | Laying of Pavers Block (A) From H/O D K Choudhary to H/O Krishna Mahto (B) From H/O Anil Nayak To pcc Road (c) Nh 33 From H/O Pancham Kushwaha to H/O Rajkeshri in ward no.26 | 780300.00 | 15606.00 | 5000 | 60 दिन |
| 39 | 26 | Laying Of paver block road Bharat mata chowk transformer to H/O Piyush Khandelwal in ward no 26 | 971700.00 | 19434.00 | 5000 | 60 दिन |
| 40 | 29 | Construction of Mini Water Supply Scheme at nea r H/O Gobardhan mahto in ward no 29 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 41 | 29 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near H/O Chhedi mahto in ward no 29 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 42 | 29 | Laying of paver block road from (A) H/O manoj karmali TO H/O Bikash pahan (B) at Bekhi Akhra in ward no 29 | 675050.00 | 13501.00 | 5000 | 60 दिन |
| 43 | 29 | Construction of pcc Road from NH 33 to Existing Pcc Road at Mandia tand in ward no 29 | 918900.00 | 18378.00 | 5000 | 60 दिन |
| 44 | 31 | Construction of Drain FromH/O Sohan mahto to H/O sapan mahto in ward no 31 | 891500.00 | 17830.00 | 5000 | 60 दिन |
| 45 | 32 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near Budhwa mahade in ward no 32 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 46 | 32 | Beutification of shiv Mandir near Chhatarmandu Chowk in Ward no 32 | 612900.00 | 12258.00 | 5000 | 60 दिन |

नोट:–

1. परिमाण विपत्र क्रय हेतु
2. निम्नलिखित शर्तो को पूरा करना होगा।
   (क) इस कार्य हेतु नगर परिषद्, रामगढ़/नगर विकास एवं आवास विभाग के समुचित श्रेणी या एक श्रेणी ऊपर के सम्वदेकों को निबंधित होना अनिवार्य होगा।
   (ख) परिमाण विपत्र का मूल्य (जो वापस नहीं किया जाएगा) बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़ (Executive officer, Nagar Parishad, Ramgarh) के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय होगा के रूप में स्वीकार्य होगा तथा परिमाण विपत्र क्रय के समय मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
   (ग) बैंक ड्राफ्ट (Bank Draft) की वैद्यता निविदा निर्गत की तिथि से कम से कम तीन माह का होना अनिवार्य है।
   निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा अभि तक नहीं किया गया है तो ऐसी परिस्थिति मे उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
5. वैसे सभी संवेदक जिन्होने इस कार्यालय के द्वारा निकाले गये पूर्व निविदाओं में L1 होने के पश्चात अभी तक एकरारनामा नहीं किया है अथवा एकरारनामा होने के पश्चात कार्य प्रगति दिये गये अवधि के अंदर कार्य शुरू नही किया है उन्हें इस NIT में प्राथमिकता नही दी जायेगी/साथ ही उनके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

PR 346779 (District) 24-25 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार. 20 फरवरी 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# स्मार्टफोन से नुकसान

निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नई शैक्षिक परिपाटी में मोबाइल की अपरिहार्यता को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं खड़ी कर रहा है। निस्संदेह, विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन के नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। जाहिरा तौर पर ये उनके भटकाव और मानसिक विचलन का कारण भी बन सकता है। आस्ट्रेलिया समेत तमाम विकसित देश स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर रोक लगा रहे हैं।अब तो यूनेस्को अर्थात संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की दुनिया में शैक्षिक स्थिति पर नजर रखने वाली टीम ने भी स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ कदमताल की दलील देकर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके निरंकुश प्रयोग का है। अनुचित सामग्री और उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जरूरी है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं के लिये बड़ा अवसर




**देश** के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए आदि को छोड़ कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।

युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देशभर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं।



\- वी अनंत

> जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।

12 महीनों के दौरान कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ ह्लप्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षणइ की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।

व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में ह्यरोजगार रहित प्रतिभाह्न के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।

जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।

इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**झारखंड** में गुटखा-पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध।

यह सिर्फ आदेश नहीं, आपकी जिंदगी बचाने का मेरा संकल्प है।

तंबाकू का जहर हमारे बच्चों और युवाओं को कैंसर की आग में झोंक रहा था।

अब ऐसा नहीं होगा!

जो कानून तोड़ेगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

\- मैं स्वास्थ्य मंत्री हूँ जनता की सेहत के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।

नशा मुक्त, स्वस्थ झारखंड बनाना मेरा वचन है।

आप सबका सहयोग चाहिए झ मिलकर तंबाकू और गुटखा माफिया को जड़ से खत्म करेंगे।

**-डॉ इरफान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड**

# वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं गुरुजी की शिक्षाएं

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

व्यक्तित्व

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें सभी लोग गुरुजी के नाम से पुकारते हैं, उनका दर्शन और विश्वदृष्टि, सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी, जिससे उनका दृष्टिकोण स्पष्ट और असंदिग्ध था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके विचार प्राचीन सिद्धांतों से अडिग रूप से बंधे हुए थे। सेमेटिक धर्मों के विपरीत, हिंदू धर्म ने लगातार लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया है। सनातन धर्म मौलिक और शाश्वत है, फिर भी हमारे ऋषियों ने समय के निरंतर बीतने के कारण परिवर्तन की अनिवार्यता को पहचाना। नतीजतन, सनातन धर्म के सिद्धांतों को आँख मूंदकर या कट्टरता से नहीं बल्कि सोच-समझकर और प्रासंगिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। गुरुजी ने इस अंतर को अच्छी तरह से समझा और तदनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया।

जीवों में एक सुखी, देखभाल करने वाला और शांतिपूर्ण जीवन जीने की एक अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे दुनिया ने पश्चिमीकरण को अपनाया है, विकसित भौतिकवादी मानसिकता ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे वे अपने आसपास की शांति, आनंद और सामंजस्य खो रहे हैं। अधिकांश लोग लालच, शत्रुता, विनाशकारी मानसिकता और अहंकारी रवैये जैसी कई नकारात्मक विशेषताओं के साथ एक यांत्रिक अस्तित्व जीते हैं, मानवता की भावना को खो रहे हैं और प्रकृति के विरुद्ध काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और उच्च जीवन स्तर के बावजूद, दुनिया भर के व्यक्ति दुखी, असंतुष्ट हैं और सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पश्चिमी उपभोक्तावाद की अवधारणा हानिकारक है, क्योंकि यह व्यक्तियों को केवल वस्तुओं और ग्राहकों के रूप में देखता है। इससे सभी उपलब्ध रास्तों का शोषण होता है, अक्सर मानवता और पर्यावरण अखंडता की कीमत पर। इसके अलावा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सामाजिक संबंध और कल्याण को बढ़ावा देने के बजाय उपभोक्तावाद पर ध्यान केंद्रित करके डिजाइन किया गया है। इसलिए गुरुजी की शिक्षाएँ आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों की पूरी जानकारी है। उनकी कुछ शिक्षाएँ हमारी बेहतर समझ के लिए प्रस्तुत हैं।

**गुरुजी के आर्थिक, राजनीतिक और स्वदेशी सिद्धांत**

किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है। वे अलगाववाद और बहिष्कार को बढ़ावा देते हैं। जो व्यक्ति केवल भौतिक वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उनमें एकता और एकीकरण की कमी हो सकती है। सहयोग पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। जब हम स्पष्ट मतभेदों से परे देखते हैं, तो हम एक सूक्ष्म एकता देख सकते हैं जो सभी स्थूल प्राणियों को एक सुसंगत पूल में जोड़ती है।

गुरुजी के अनुसार, भौतिकवादी मानते हैं कि हम सभी स्वतंत्र व्यक्ति हैं जिनका कोई सामान्य संबंध या लगाव नहीं है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद पर वर्गहीन समाज की जीत पर केंद्रित हैं। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि आपसी नापसंदगी और दुश्मनी सफलता की ओर ले जा सकती है। उन्हें लगा कि साम्यवाद वर्ग विभाजन और नफरत पैदा कर सकता है, जो अंततः वर्ग संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स की विचारधारा कटुता और आपसी दुश्मनी पर जोर देती है। उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए वर्ग शांति, सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया।

# बढ़ती उम्र में तलाशें खुशियों की वजह

**शिखर चंद जैन**

समाज

अक्सर 40 प्लस यानी प्रौढ़ अवस्था में पहुंचने के बाद हर जन्मदिन पर लोग खुश होने की बजाय चिंतित होने लगते हैं, कभी उनका ध्यान अपनी ढीली पड़ती स्किन की ओर जाता है, तो कभी सफेद बालों की ओरङ्ग बुढ़ापे का डर उनकी उमंग को कम कर देता है और वे हर वक्त हैरान-परेशान से रहने लगते हैं। लेकिन व्यवहार विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों और चिकित्सकों की मानें तो बढ़ती उम्र में खुश रहने के भी कई कारण हैं। कई चीजें उम्र के साथ बेहतर होती हैं।

### आत्मविश्वास

कोलकाता के फोर्टिस होस्पिटल के मनोविज्ञानी डॉ. संजय गर्ग कहते हैं कि ज्यों-ज्यों आपकी उम्र बढ़ती है, आप पहले से ज्यादा आत्मविश्वासी हो जाते हैं। इसकी मूल वजह यह है कि आप समस्याएं झेल चुके होते हैं, अच्छे-बुरे दौर से गुजर चुके होते हैं और तमाम लोगों से आपका साबका-सरोकार पड़ चुका होता है। ये चीजें आपको कड़वे-मीठे अनुभव देती हैं और परिपक्व बनाती हैं।

### अपनेपन का अहसास

कच्ची उम्र या जवानी का प्यार अक्सर काल्पनिक, अवास्तविक उम्मीदों का शिकार हो जाता है और कई बार परवान ही नहीं चढ़ पाता। लेकिन पार्टनर के साथ विश्वास, अंतरंगता, अपनापन और सुरक्षा का अहसास प्रौढ़ावस्था और उसके बाद ही मिलता है। ह्यसेप्टेम्बर सौंग्सः दी गुड न्यूज अबाउट मैरिज इन दी लैटर ईयर्सह्न की लेखिका मैगी स्कार्फ कहती हैं, ह्यउम्रदराज जोड़ों में स्नेह और प्यार बढ़ता है और वे जब भी आई लव यू कहते हैं, गंभीरता से कहते हैं।ह्न

### सोशल नेटवर्क

उम्र बढ़ने के साथ-साथ मित्रों, परिचितों और परिजनों की संख्या, उनके साथ आत्मीयता और सद्व्यवहार बढ़ जाता है। जिन लोगों के बुरे वक्त में आप साथ दे चुके हैं या जिनकी खुशी में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ा चुके हैं, वे दिल से आपके मुरीद हो जाते हैं और वक्त पड़ने पर आपका साथ देने के लिए तत्पर रहते हैं। इस प्रकार आपका एक अच्छा खासा सामाजिक सपोर्ट सिस्टम तैयार हो जाता है, जो किशोर या युवावस्था में कम लोगों के पास होता है।

### निर्णय क्षमता

प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी कोलकाता की समाजशास्त्री प्रो. सुमिता साहा कहती हैं, ह्यजब आप परिपक्व और उम्रदराज होने लगते हैं, तो आपकी निर्णय क्षमता बढ़ने लगती है। इससे आप ज्यादा अच्छे और सही निर्णय लेने लगते हैं। जबकि युवावस्था में लिए गए निर्णय अक्सर हड़बड़ी में लिए गए, अनुभवहीन और अधपके होते हैं। ऐसे कई निर्णय आगे चलकर गलत साबित होते हैं।

### सहानुभूति

यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के शोधकताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि 50-59 साल उम्र की महिलाएं दूसरों के प्रति ज्यादा सहानुभूति रखती हैं। इससे उनकी लोकप्रियता और समाज में सम्मान बढ़ता है। एरीजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख एलिजाबेथ ग्लिस्कली कहती हैं, ह्यअनुभव और उम्र के अलग-अलग पड़ाव हमें दूसरों के सुख-दुख और मनोभाव समझने की सूझबूझ देते हैं।

### शब्दावली

अध्ययन बताते हैं कि हमारी बोलचाल की शब्दावली उम्र के साथ-साथ इम्प्रूव होती जाती है। ऐसा ज्यादा लोगों से बातचीत के दौरान ग्रहण किए गए शब्दों के कारण होता है। जिन लोगों को पत्रिकाएं, किताबें और अखबार पढ़ने की आदत होती है, उन्हें और भी ज्यादा फायदा होता है। इससे आप अपने भावों की अभिव्यक्ति बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

### सहनशीलता

जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे रक्त का उबाल कम हो जाता है। युवावस्था में जहां आप बात-बात पर उत्तेजित हो जाते हैं, मारपीट या झगड़े पर उतारू हो जाते हैं, वहीं प्रौढ़ावस्था में कई बातों पर चुप्पी मारना भी सीख जाते हैं क्योंकि आप इन चीजों की व्यर्थता को देख चुके होते हैं। इस उम्र में आपकी सहनशीलता बढ़ जाती है और छोटी-मोटी चीजों को आप नजरअंदाज करना सीख जाते हैं।

### वर्क-लाइफ बैलेंस

युवावस्था में 20 से 30 के दौर में हम कम अनुभवी होते हैं और खुद को दुनिया और पैरेन्ट्स के सामने साबित करने की चुनौती होती है। हम खुद को हर वक्त परेशान पाते हैं। अक्सर एक काम करने के चक्कर में दूसरा छूट जाता है । लेकिन उम्र बढ़ने पर हम वर्क-लाइफ बैलेंस की कला बखूबी सीख जाते हैं। प्राथमिकताओं को तय करना आ जाता है और टाइम मैनेजमेंट की कला भी।

### एलर्जी

एलर्जी एंड अस्थमा मेडिकल ग्रुप एंड रिसर्च सेंटर सैन डियेगो के सह निदेशक माइकल जे. वेल्च कहते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ सीजनल एलर्जी की शिकायत काफी हद तक कम हो जाती है। साथ ही बुजुर्गों में फूड एलर्जी की समस्या भी काफी हद तक कम हो जाती है।

## सरबाहा में ग्रामीणों ने ट्रांसमिशन लाइन के विरोध में ग्राम सभा आयोजित

# वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव पारित

- प्रस्ताव में ट्रांसमिशन लाइन को बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए हथियारी मोड़ पर चिचिकला लाइन से जोड़ने की मांग रखी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के ग्राम सरबाहा में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा पतरातू-कोडरमा ट्रांसमिशन लाइन निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज की। इस मुद्दे पर अपर समाहर्ता हजारीबाग एवं चुरचू अंचलाधिकारी के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता चरही पंचायत की मुखिया संझली मुर्मू ने की।

ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ट्रांसमिशन लाइन को सरबाहा गांव से पांच किलोमीटर दूर डायवर्ट किया जाए। ग्रामीणों ने आदिवासी बहुल क्षेत्र से ट्रांसमिशन लाइन गुजरने पर अपनी चिंता जाहिर की। उनका कहना है कि यह खेती-बारी, घर, मवेशी, सरना स्थल, और जान-माल की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। सभा में वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव के अनुसार, ट्रांसमिशन लाइन को बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए रेलवे लाइन के दक्षिण-पश्चिम दिशा, बरतपिछरवा वॉटरफॉल के पश्चिम दिशा से होते हुए हथियारी मोड़ पर चिचिकला लाइन से जोड़ा जाए। ग्राम सभा में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष महालाल हांसदा, सचिव नीलकंठ महतो, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, पंसस निरंजन महतो, और वार्ड सदस्य प्रकाश टुडू समेत कई स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग की है।

## चुटुपालू घाटी में रौशनी और सुरक्षा का नया दौर


- सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से ब्लैक स्पॉट्स पर शुरू हुआ सुधार कार्य, जल्द मिटेगा 'मौत की घाटी' का कलंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी और अन्य खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स, जो अब तक सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के लिए कुख्यात थे, अब सुरक्षा और सुधार के नए अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल के प्रयासों ने इस गंभीर समस्या का समाधान खोजने में बड़ी भूमिका निभाई है।

चुटुपालू घाटी, जहां खराब स्ट्रीट लाइट्स और अंधेरा सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहा था, अब दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है। सांसद ने रामगढ़ जिले की दिशा बैठक में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाया। नतीजा यह है कि घाटी की 350 से अधिक खराब स्ट्रीट लाइट्स को मरम्मत कर चालू कर दिया गया है। घाटी के मुख्य दुर्घटना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें ट्रांसवर्स बार मार्किंग, सोलर स्टड्स, साइन बोर्ड, पीटीजेड कैमरे, और मेटल व बांस के क्रैश बैरियर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी तरह, मांडू के चरही क्षेत्र और अन्य ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क चौड़ीकरण और सुधार कार्य भी युद्धस्तर पर हो रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनके प्रयासों से ब्लैक स्पॉट्स पर काम शुरू होने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि लोगों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, 'हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार के ये कार्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।' जल्द ही हजारीबाग क्षेत्र की ये सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि सुरक्षा और विकास का प्रतीक बनेंगी।

**सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी**




## स्पीड न्यूज

### महुडर में चोरी की घटना, पीड़िता ने कार्रवाई की लगाई गुहार

कटकमदाग। हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के महुडर गांव में चोरी की घटनाओं से एक महिला विभा प्रसाद परेशान है। पीड़िता विभा प्रसाद, पिता रति भूषण प्रसाद ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत में घर में हुई चोरी की जानकारी दी है। शिकायत के अनुसार पहली चोरी दुर्गा पूजा के दौरान हुई, जब उनके पर्स से आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मेट्रो कार्ड और करीब 5000 रुपये चोरी हो गए। इस मामले में उन्होंने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवाई थी। हाल ही में दूसरी चोरी की घटना हुई, जिसमें उनके घर से एक महंगा जी-शॉक घड़ी चोरी हो गयी। विभा प्रसाद ने शक जताया है कि उनके घर में काम करने वाली महिला और उसके संबंधी चोरी में शामिल हो सकते हैं। उनके अनुसार, उन्होंने चोरी की घटना का सबूत सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड किया और संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने चोरी की बात को पहले नकारा लेकिन बाद में वीडियो दिखाने पर चोरी स्वीकार की और सामान वापस किया। हालांकि, सभी चोरी का सामान अब तक नहीं लौटाया गया है। पीड़िता ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए और न्याय दिलाया जाए। उन्होंने अपनी शिकायत के साथ संपर्क नंबर भी साझा किया है।

कुजू चौक में लगा मार्स्ट लाइट कई माह से है खराब

### अंधेरे के लाभ उठाकर चोर दे रहे हैं चोरी की घटनाओं को अंजाम



**कुजू।** कुजू कोयलांचल में चोरो मन इतना बढ़ गया है कि चौक-चौराहों के दुकानों को भी नहीं छोड़ रहे है। खास कर कुजू मैन चौक के कई दुकानों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को परेशान करने काम किया। वहीं कुजू चौक में लगा मार्स्ट लाईट पिछले कई माह से खराब पड़ा है। लाइट खराब होने का फायदा उठाकर चोर दुकानों को अपना निशाना बनाने में सफल हो रहे है। कुजू चौक में अगर मार्स्ट लाइट ठीक होता तो कम से कम चौक के दुकानों में चोरी नहीं होती। मार्स्ट लाइट ठीक करने के मामले को लेकर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मार्स्ट लाइट खराब है तो उसे जल्द ही दुरूस्त किया जायेगा। साथ ही सीसीएल क्षेत्र में आने वाले अन्य स्थानों में खराब पड़े लाइट को दुरूस्त कराया जायेगा।

### राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ने तीन सूत्री मांगों को लेकर पीओ के साथ की वार्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ने बुधवार को तीन सुत्री मांगो को लेकर भुरकुंडा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी के साथ वार्ता किया। वार्ता में संघ के नेताओं ने पीओ को भुरकुंडा छठ मंदिर से लेकर परियोजना कार्यालय तक सड़क पर पानी का छिडकाव करने, भुरकुंडा थाना से लेकर बैरेक तक सड़क को क्लियर कराने, भुरकुंडा थाना से लेकर शिव नगर कॉलोनी तक नाली की साफ सफाई कराने की मांग की। युनियन के मांगो पर पीओ ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वार्ता में युनियन के चमन लाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, मो इकबाल हुसैन, फिरदोस आलम, मो कलाम, इम्तियाज अहमद आदि शामिल थे।

## गधोनियां गरम कुंड : उपेक्षा के कारण जर्जर, पुनर्जीवन की दरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चरही।** इंद्रा पंचायत के 15 माइल स्थित ऐतिहासिक गधोनियां गरम कुंड अपनी उपेक्षा के चलते जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। चारों ओर जंगलों से घिरे इस कुंड का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यहां तीन कुंड मौजूद हैं– दो गरम कुंड और एक ठंडा कुंड। लेकिन इन कुंडों की स्थिति अब दयनीय हो गई है।

2014-15 में मांडू विधायक द्वारा दो गरम कुंडों का विस्तार कर चबूतरा निर्माण कराया गया था। ये कुंड कभी स्नान और पूजा-अर्चना के लिए प्रसिद्ध थे। लेकिन अब ये कुंड सूख चुके हैं और मिट्टी से भर गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन कुंडों से मिट्टी हटाई जाए, तो इन्हें पुनः जीवित किया जा सकता है।

गधोनियां गरम कुंड के पास मौजूद पीपल वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। दिसंबर और जनवरी के महीने में दूरदराज से लोग यहां स्नान कर वनभोज का आनंद लेते थे। हर साल 14 जनवरी को गधोनियां माता के नाम से तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता है, जिसमें पहले लोग गरम कुंड में स्नान कर मेले का आनंद लेते थे। दो गरम कुंडों के पास एक ठंडा कुंड भी मौजूद है, जिसमें सालभर ठंडा पानी रहता है। लेकिन यह घास-फूस से घिरा पड़ा है और इसका कभी विस्तार नहीं किया गया।

ग्रामीणों का मानना है कि यदि तीनों कुंडों का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया जाए, तो यह स्थान एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन सकता है। वे जिला प्रशासन और सरकार से इन कुंडों को पुनर्जीवित करने की अपील कर रहे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर को बचाने के लिए गधोनियां गरम कुंड का पुनर्विकास जरूरी है। अगर समय रहते इन कुंडों का संरक्षण नहीं किया गया, तो यह धरोहर केवल एक कहानी बनकर रह जाएगा।

## राहू पूजा में दिखा आस्था और शक्ति का अनूठा संगम

- तलवार पर करतब और अंगारों पर भक्ति का प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के पासवान समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राहू पूजा में आस्था और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलते श्रद्धालुओं ने भक्ति का परिचय दिया, वहीं शंभू भगत और उनके सहयोगियों ने तलवार पर करतब दिखाकर शक्ति का प्रदर्शन किया। चतरा के शीला गांव से आए शंभू भगत ने तलवार पर खड़े होकर अद्भुत करतब दिखाए। वहीं, भक्तों ने खौलते दूध से कौड़ी और सिक्के निकालकर अपनी आस्था व्यक्त की। यह आयोजन राहू पूजा की धार्मिक मान्यता और शक्ति की उपासना को समर्पित था। सोमवार को भगत के आगमन और नगर भ्रमण के साथ पूजा का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को सुबह अंगारों पर चलकर भक्तों ने अपनी भक्ति की परीक्षा दी। बुधवार को आयोजन के अंतिम दिन भंडारे का आयोजन होगा। पूजन में यजमान के रूप में तेजू पासवान सपत्नीक शामिल हुए। इस आयोजन में किशोरी पासवान, भुनेश्वर पासवान, चेतलाल पासवान, सूरज पासवान समेत समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन में भाग लिया। राहू पूजा में तलवार और अंगारों पर भक्ति प्रदर्शन ने कटकमदाग में भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। समाज के सक्रिय सहयोग और श्रद्धालुओं की भागीदारी ने इस आयोजन को विशेष बना दिया।

## लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें जरूर सफल होंगे : विजयंत कुमार

- ए'ला एंगलाइज विद्यालय के 12वीं का छात्र वैभव राज ने जेईई मेन्स में पाई सफलता
- विद्यालय परिवार में हर्ष, दी बधाई, उज्जवल भविष्य की कामना की



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए'ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा का मेधावी छात्र वैभव राज ने जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वैभव राज ने जेईई मेंस परीक्षा में 98.99 परसेंटाइल का स्कोर हासिल किया है। छात्र की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि वैभव ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। बच्चे लक्ष्य का निर्धारण कर गुरूओं के मार्ग-दर्शन में जैयारी करेंगे तो जरूर सफल होंगे। उन्होंने कहा कि वैभव राज की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना करना और उन पर विजय पाना ही सच्ची जीत है। शिक्षकों और माता-पिता ने भी उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। वैभव की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते विद्यालय परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन

- विधायक प्रदीप प्रसाद ने दिए सफलता के मन्त्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड के बड़वार स्थित छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए प्रेरक संदेश दिये। इस भव्य आयोजन में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य लोगों की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन करते हुए कहा, 'छत्रपति शिवाजी केवल महान योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी प्रशासक और प्रेरक नेतृत्वकर्ता थे। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेकर अपने लक्ष्य की ओर समर्पित रहना चाहिए।' उन्होंने विद्यालय प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में जिस तरह से विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण में जुटा है, वह अनुकरणीय है। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। गीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बच्चों की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'इनका आत्मविश्वास और ऊर्जा क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारते हैं, बल्कि उनके सपनों को नई दिशा भी देते हैं।' विद्यार्थियों और विद्यालय प्रशासन की मांग पर विधायक ने विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है, और संसाधनों की कमी से शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य और प्रबंधन समिति ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता सुरेश प्रसाद, महामंत्री संजय कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## योग : स्वस्थ व विकसित झारखंड के निर्माण में योगदान दें : सीपी चौधरी

- 'योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि' विषय पर कार्यशाला आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र द्वारा खनिकर्म से जुड़े कर्मियों की उत्पादकता एवं मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उदघाटन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के निदेशक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने भाग लिया। भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान से आचार्य अमरेश झा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में रजरप्पा, अरगड़ा, बरका-सयाल, कुजु, हजारीबाग एवं सीआरएस बरकाकाना से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र कल्याणजी प्रसाद ने सभी महानुभावों का पुष्पगुच्छ एवं शाल से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मियों को नियमित योग एवं ध्यान को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल तनाव प्रबंधन में सहायक होता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक उन्नति एवं सकारात्मक ऊर्जा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए, हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाएं और एक स्वस्थ झारखंड, विकसित झारखंड के निर्माण में अपना योगदान दें।

मुख्य प्रशिक्षक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के उपायों पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के दौरान कर्मियों को विभिन्न योग मुद्राओं एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (सीडी) आशीष झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी सुबोध कुमार चौधरी, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा श्रम संगठन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## कोयला तस्करों के बनाये गये तीन मुहानों को किया गया बंद

- कार्रवाई के बाद भी सक्रिय रूप से कार्य करते है कोयला चोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** अवैध कोयला चोरी रोकथाम को लेकर बुधवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र की सुरक्षा विभाग प्रभारी हेमंत सिंह के नेतृत्व में सीसीएल सुरक्षा कर्मी व क्षेत्र में प्रतिनियुक्त होमगार्ड के जवानों की गठित टीम ने सीसीएल पिंडरा कोलियरी हुआग मार्ग के निकट अवैध कोयला उत्खनन के लिए धंधेबाजों द्वारा खोले गए तीन मुहानों को डोजर की सहायता से बंद कराया।

ज्ञात हो कि पिछले एक माह से कोयला चोर सक्रिय होकर पूरी बेखौफ के साथ अवैध मुहाना बनाकर कोयला चोरी कर रहे है। सीसीएल सुरक्षा विभाग के कार्रवाई से कुछ हद तक अवैध कोयला कारोबार में बिराम लगेगा। डोजरिंग अभियान में पिंडरा कोलियरी के मैनेजर के मांझी, सीसीएल कुजू क्षेत्र के सुरक्षा विभाग प्रभारी हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, अजय कुमार, बिट्टू सिंह, रॉकेट मुर्मू, चंद्र प्रकाश, बाबूजी हेंब्रम सहित होमगार्ड के अनेक जवान शामिल थे।

## मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवा जी महाराज की जयंती मनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेल सेवा संघ पतरातु के तत्वाधान में बुधवार को हिंदू हृदय सम्राट मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवा जी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पटेल सेवा संघ के संयोजक सुजीत कुमार पटेल उनके चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सुजीत पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने ही देश को सबसे ज्यादा मुगलों के शासन से मुक्त कराया था। हालांकि शिवाजी महाराज खुद समावेशी सोच के राजा थे और उनकी सेना में प्रमुख पदों पर मुस्लिम समुदाय के भी सैनिक सेनापति थे। उन्होंने सबसे ज्यादा युद्ध मुगलों से ही किया था और बड़े बड़े मुगल साम्राज्य को युद्ध से ध्वस्त किया था। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज खासकर गोरिल्ला छापेमारी युद्ध कौशल नीति में माहिर थे। उनकी इस युद्ध नीति को आज भी याद किया जाता है। श्री पटेल ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल, मिथिलेश कुमार सिंह, रामयज्ञ सिंह, महेन्द्र महतो, देवनाथ चौधरी, रणधीर कपूर, वीरू सिंह, अनिल कुमार, संतोष, सुनील महतो, ऋषभ राज, धीरज पटेल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इस वर्ष गर्मी में अभियान मोड में किया जायेगा जलापूर्ति का कार्य : उपायुक्त

- उपायुक्त ने की जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा उपायुक्त के समक्ष कार्यालय में कर्मियों के कमी की बात को रखा गया जिस पर उपायुक्त ने आउटसोर्स के माध्यम से प्रखंड समन्वकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 74 वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जो गांव मॉडल घोषित हो गए हैं उनके सत्यापन का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू अंतर्गत बनाए जाने वाले शौचालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि गांव में कचरा प्रबंधन हेतु वर्तमान में 66 ई रिक्शा क्रय किया गया है जिनमें 8 वाहनों का संचालन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त में कार्यपालक अभियंता को सभी 66 वाहनों का संचालन शुरू करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू एवं गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र का निर्माण किया जाना है जिसमें मांडू प्रखंड में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत कनेक्शन होने के उपरांत केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करते हुए केंद्र का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी गोला के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।

जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन गांवों में 80 से 99% तक जलापूर्ति कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण हो गया है उन गांव में विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा पुलिस को मिली बड़ी सफलता
# 22 चोरी की बाइक के साथ तीन चोर गिरफ्तार

- तीनों अपराधियों पर विभिन्न थानों में दर्ज हैं कई मामले : एसपी अनुदीप सिंह





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मरकच्चो पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर डोमचांच थाना क्षेत्र के कुसाहन जंगल के एक झोपड़ीनुमा घर से चोरी की गई 22 मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी के मामले में चोर गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए एसपी अनुदीप सिंह ने विशेष अभियान चलाकर वाहन चेकिंग लगाने का आदेश दिए थे। जिले के सभी थाने में वाहन चेकिंग लगाया गया था। पुलिस ने मामले में तीन बाईक चोरों को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की कुल 22 बाइकों को भी बरामद किया है। गिरफ्तार किये लोगों में डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी रोहित कुमार स्वर्णकार, बगरीडीह निवासी मौला अंसारी तथा नावाडीह निवासी प्रकाश मेहता के नाम शामिल हैं। वहीं बुधवार को एसपी ने मरकच्चो थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ वाहन चोर जिला में भ्रमणशील हैं। जिसकी गिरफ्तारी के लिए जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान लगाया गया। इसी दौरान दो बाईक सवार व्यक्ति मरकच्चो थाना क्षेत्र से पार हो रहे थे। पुलिस चेकिंग को देखकर वे लोग यू-टर्न लेकर भागने लगे, जिससे पुलिस को संदेह हुआ एवं पुलिस ने उक्त बाइक सवार व्यक्तियों को पीछाकर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों से बाईक से संबंधित कागजात मांग करने पर उनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात् दोनों व्यक्तियों को थाना लाया गया एवं पूछताछ की गयी। पूछताछ के क्रम में दोनों ने स्वीकार किया कि ये मोटरसाईकिल चोरी की है एवं वे दोनों चोरी का काम करते हैं। मोटरसाईकिल चोरी की नियत से रेकी करने वे दोनों मरकच्चो थाना क्षेत्र आये थे। चोरी की गयीं मोटरसाईकिलों को डोमचांच थानान्तर्गत कुसाहन गांव के जंगल में झोपड़ीनुमा घर में इकट्ठा कर रखते थे। जैसे-जैसे ग्राहक मिलता था वैसे-वैसे बाईक को बेचने का काम करते थे। इनके साथ एक और साथी है, जिसका नाम प्रकाश मेहता है, जो बाईक की देखरेख करने का काम करता है। उक्त स्थल पर छापामारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत कुसाहन गांव के जंगल में छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में उक्त स्थल से 22 मोटरसाईकिलें बरामद की गयीं तथा इस घटना में शामिल अन्य अपराधी प्रकाश मेहता को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मरकच्चो थाना काण्ड संख्या 12/25 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

वहीं एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किये गए तीनों अभियुक्त पर विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। जिसमें रोहित कुमार स्वर्णकार पर डोमचांच थाना में चार, तिलैया, सरिया व राजधनवार थाना में एक एक काण्ड दर्ज है। वहीं मौला अंसारी पर चंदवारा, डोमचांच, कोडरमा व राजधनवार थाना में एक-एक कांड तथा प्रकाश मेहता पर भी डोमचांच थाना क्षेत्र में विभिन्न धाराओं के विरुद्ध मामला दर्ज है।

छापेमारी दल में मरकच्चो थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश कुमार, एसओजी प्रभारी अभिमन्यु पड़ीहारी तथा एसओजी व मरकच्चो थाना के जवान शामिल थे।

# चंदवारा प्रखंड में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रखंड में कमीशन खोरी व चढ़ावा के बिना कोई काम नहीं होता, चाहे वृद्धा पेंशन हो, मनरेगा हो, मंईयां सम्मान योजना हो, आबूआ आवास योजना हो, दाखिल खारिज हो, ब्लॉक में चाहे जो भी कुछ काम हो, लेकिन चढ़ावा के बिना कुछ नहीं होता है। वहीं बुधवार को धरना प्रदर्शन से बीडीओ व सीओ को प्रदर्शन से चेतावनी देते हुए सीपीआई एवं चंदवारा प्रखंड पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने अपनी संबोधन में कहा। वहीं डीवीसी के द्वारा पिपराडीह स्टेशन से हरली बिसोडीह चमगुदों होकर जो लाइन रेलवे को ले जाना चाह रहे है, उन्हें रद्द किया जाय, क्योंकि डीवीसी अपने वादे पर एक भी बात पर खरा नहीं उतरा है और न ही धरातल पर कोई काम किया। आज बंझेडीह पवार प्लांट में लगभग मजदूर यूपी, बिहार व बंगाल के लोग है और यहां के लोग सिर्फ प्रदूषण खाए और अपनी जमीन देकर भी लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। वहीं रमेश यादव ने कहा कि आज ऐसा हालत हो गया है कि हमारे प्रखंड में गरीब लोगों का राशन कार्ड में नाम नहीं जुड रहा है और अयोग्य लोग राशन ले रहे है। वहीं मनरेगा में लोग काम करने के बाद अपनी मजदूरी का भुगतान लेने के लिए महीनों चक्कर लगाते घूम रहे हैं। मौके पर रामचंद्र यादव, मनोज रविदास, गणपत यादव, पुरूषोतम यादव, रेखा देवी, लीलावती देवी, प्रियंका देवी, मनोज यादव, सुमित्रा देवी, संगम देवी, गुड़िया देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीएफओ ने दिए निर्देश



**कोडरमा।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक डीएफओ सौमित्र शुक्ला की अध्यक्षता में की गयी। बैठक के दौरान अवैध रूप से पत्थर और बालू समेत अन्य खनिज पदार्थों के खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम करने, वन क्षेत्रों में अवैध रूप से ढिबरा के खनन और परिवहन आदि पर विस्तृत चर्चा करते हुए डीएफओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी हाल में जिले में अवैध रूप से खनिज पदार्थों का खनन, परिवहन और भंडारण नही हो, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा सभी सीओ और थाना प्रभारी आपस में समन्वय बनाकर अवैध रूप से पत्थर, बालू, ब्लू स्टोन, ढिबरा आदि के खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों चिन्हित कर, सख्त कार्रवाई करें, साथ ही सभी वैध क्रेशरों के चारों ओर ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करें। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी आदि मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ
# प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने किया योग एवं मेडिटेशन

खबर मन्त्र संवाददाता




कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में लक्ष्य गीत गाकर शिखा एवं अण्णाश्री ने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार के योग एवं मेडिटेशन करवाया। तत्पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक भोजन किया। वहीं शिविर के दूसरे सत्र में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता सिंह, उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत, ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा आदि ने दीप प्रज्वलित एवं संत विनोबा भावे, गांधी जी, बिरसा मुंडा, सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने स्वागत भाषण, स्वयंसेवक रवीना कुमारी, दीप्ति कुमारी, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी एवं अन्ना श्री द्वारा स्वागत गीत, नैंसी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी एवं रवीना कुमारी द्वारा झारखंडी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने पीपीटी के माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रियाकलापों को प्रस्तुत किया।

## एक नजर में

### जिला मत्स्य संघ पलामू ने कृषि मंत्री को आठ किलोग्राम रेहु मछली भेंट किया



**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में प्रमंडलस्तरीय कृषि मिला सह प्रदर्शनी का आयोजन आत्मा द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के कृषि व पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थी। मौके पर जिला मत्स्य पलामू संघ के मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आठ किलोग्राम का रेहु मछली कृषि मंत्री को समर्पित किया गया। मौके पर श्री चौधरी ने मंत्री से मांग किया कि प्रति वर्ष 370 मत्स्य जीवियों को ही लाभ पहुंचाया जाता है। जबकि पलामू प्रमंडल के सभी प्रखंडों में 50-50 की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए 100 लोगों को मत्स्य बीज बनाने का अधिकार दिया जाये। जिससे कि पलामू मच्छली उत्पादन के क्षेत्र में स्वावलंबी होते हुए दूसरे राज्य व जिला को आपूर्ति कर सके। श्री चौधरी ने मंत्री से मांग करते हुए कहा कि पलामू जिले के सभी सरकारी तालाबों का गहरीकरण यदि कराया जाये तो मच्छली पालन में सहुलियत होगा। इस मौके पर पलामू जिला मत्स्य पदाधिकारी मो कमरू जमां, गढ़वा पदाधिकारी कश्यप कुमार, लातेहार के मधु लकड़ा, डीडीएफ के रविरंजन व अन्य मौजूद थे।

### आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत सिंगरौली - पटना एक्सप्रेस से भारी मात्रा में किया शराब बरामद




**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड पोस्ट के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मंगलवार की रात ऑपरेशन सतर्क के तहत सिंगरौली - पटना पलामू एक्सप्रेस से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। आरपीएफ निरीक्षक सह पोस्ट प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि गढवा रोड पोस्ट के क्षेत्राधिकार मे स्थित गढवा टाउन रेलवे स्टेशन पर सहायक उप निरीक्षक कृष्णानंद उपाध्याय के नेतृत्व में मंगलवार की रात को अप सिंगरौली-पटना पलामु एक्सप्रेस (ट्रेन नम्बर 13349) को पास कराने के लिए प्लेटफार्म नं0-02 व 03 पर गश्त चल रहा था। गाड़ी चेकिंग के क्रम में लावारिस हालत में पांच जुट के बोरियो में अवैध शराब बरामद हुआ। बोरा खोलने पर उसमें से जिसमें किंगफिशर का 82 केन वियर व ब्लू लाइन देशी शराब का 495 बोतल बरामद हुआ जिसका बाजार मूल्य 79 हजार 960 रुपया है। बरामद शराब पर किसी ने अपना दावा नही किया। श्री यादव ने बताया कि जब्त शराब को गढ़वा उत्पाद अधिक्षक को अग्रिम कार्यवाही वास्ते सुपुर्द किया गया। ऑपरेशन सतर्क के इस अभियान में आरक्षी रविशंकर यदुवंशी,आरक्षी विक्रम सिंह मीणा व आरक्षी देव कुमार पांडेय भी शामिल थे।

# दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाएगा सहायता यंत्र

- उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंडों में 20 फरवरी से लगाये जाएंगे शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायता यंत्र और उपकरण उपलब्ध करवाने को लेकर उपायुक्त ने निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि एडीआईपी, आरवीवाई भुवनेश्वर के द्वारा जिले के दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों के बीच उपकरण वितरण को लेकर योग्य लाभुकों का चयन किया जाना है, ऐसे में जिले के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन सुनिश्चित करें, साथ ही व्यापक प्रचार प्रसार करें, ताकि कैम्प में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिक शामिल हो सके और योजना का लाभ ले सकें। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में 20 फरवरी को प्रखंड परिसर डोमचांच में कैम्प लगाया जाएगा, वहीं 21 फरवरी को कोडरमा प्रखंड में, 22 फरवरी को चंदवारा में, 24 को मरकच्चो, 25 को जयनगर और 27 फरवरी को सतगावां प्रखंड परिसर में कैम्प लगाया जाएगा। वहीं उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन दिव्यांगजनों के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं है, वैसे लोगों के लिए प्रखंडों में आयोजित होने वाले कैम्पों में हड्डी, ईएनटी, डेंटल विशेषज्ञ डॉक्टर व ऑडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि कैम्प के दौरान ऐसे लोगों का प्रमाण-पत्र बन सके और योजना का लाभ उठा सकें।

उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने स्तर से सभी पंचायतों के मुखिया को उक्त कैम्प को लेकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दें, ताकि अधिक से अधिक लोग कैम्प में शामिल हो सकें। वहीं प्रखंडों के बीडीओ को कैम्प के लिए आवश्यक व्यवस्था करने, सभी सीडीपीओ और सेविकाओं के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार करवाने आदि का निर्देश दिया।

## चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट ने स्कूलों में बांटी बंगला किताबें, बच्चों के खिले चेहरे




**जादूगोड़ा ।** झारखंड के स्कूलों में विलुप्त होती बंगला भाषा की पढ़ाई को बढ़ावा देने व प्रचार_ प्रसार हेतु श्री श्री चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट आगे आई है।इधर आज बुधवार को नरवापहाड़ स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुखराडीह स्कूल के बच्चों के बीच बंग भाषी किताब का वितरण किया। इधर बंग भाषी किताबें पाकर स्कूली बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की मेजबानी चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट व झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति ने की। इस मौके पर श्री श्री चैतन्य वेलफेयर फंड के ट्रस्टी अध्यक्ष लक्खी दास, सचिव शंकर दास, कोषाध्यक्ष राहुल दास, सदस्य तापस कुमार दास, प्रभाकर दास, शुक्रा सिंह, धनु राज हेंब्रम बीरबल दास, मोटू सिंह, टेल्को तीयू एवं विद्यालय के प्रधानाध्यक अरूण कुमार, मनोज सिंह, बागुन पतर, मंजूषा केरकेट्टा, बेबी मार्डी, कल्पना भगत आदि उपस्थित थे।

## 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश शोभा यात्रा आज



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जन-जन में जागृति एवं आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करने हेतु 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 फरवरी को कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ किया जाएगा। उक्त बातों की जानकारी गायत्री यज्ञ समिति जामु के सदस्यों ने दी। वहीं उन्होंने बताया कि 20 फरवरी को सुबह 8 से मंगल कलश सब ग्रंथ शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 21 फरवरी को प्राप्त 6 बजे से ज्ञान साधन एवं प्रज्ञा योग, 8 बजे से देव् पूजन, गायत्री महायज्ञ, दोपहर 2 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी, सन्ध्या 6 बजे से शांति कुंज हरिद्वार की टोली द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जाएगा। 22 फरवरी को 6 बजे से ज्ञान साधन एवं प्रज्ञा योग, 8 बजे से विभिन्न संस्कार, 23 फरवरी को 6 बजे से ज्ञान साधन एवं प्रज्ञा योग व 8 बजे से विभिन्न संस्कार, 24 फरवरी को प्राप्त है। 6 बजे से ज्ञान साधन एवं प्रज्ञा योग प्रातः 8 बजे से गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा, गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार व पूर्णाहुति शांतिकुंज टोली की विदाई एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

## जीएस.पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान सह गायत्रीतीर्थ शान्तिकुंज के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में वर्ग पंचम से वर्ग दशम् के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त परीक्षार्थियों को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर, ब्रांच मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं निर्देशक नितेश कुमार के द्वारा कहा गया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का मकसद छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना और उनका सर्वांगीण विकास करना होता है। इससे उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिलता है। सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता का मापदंड होता है। यह तार्किक सोंच और विवेकशीलता को भी परिभाषित करता है। सामान्य ज्ञान, क्रिस्टलीकृत बुद्धिमत्ता का एक आवश्यक घटक है। विद्यालय के उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन तथा सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पर्यटन को बढ़ावा देगा राजकीय इटखोरी महोत्सव : डीसी



### सांसद-विधायकों के बिना इटखोरी महोत्सव, समर्थकों में नाराजगी

**इटखोरी (चतरा)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव इस बार विवादों में घिर गया है। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को लेकर समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है। उद्घाटन समारोह में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास और चतरा विधायक जनार्दन पासवान अनुपस्थित रहे, जिससे महोत्सव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। महोत्सव के होर्डिंग और पोस्टर में सांसद-विधायकों की तस्वीरें और नाम नहीं होने पर समर्थकों में नाराजगी है। पिछले दस वर्षों से चली आ रही परंपरा को तोड़ते हुए इस बार महोत्सव में स्थानीय सांसद की अध्यक्षता समाप्त कर उन्हें विशिष्ट अतिथि बना दिया गया। इसे लेकर उनके समर्थकों में असंतोष व्याप्त है। वहीं, महोत्सव के आमंत्रण पत्र में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार के विभाग का गलत उल्लेख होने से प्रशासनिक लापरवाही उजागर हो गई। युवा कार्य विभाग की जगह 'शुवा कार्य विभाग' लिखा गया, जिससे जिला प्रशासन की कड़ी आलोचना हो रही है। यह गलती सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे प्रशासन की लापरवाही करार दे रहे हैं। स्थानीय नेताओं के समर्थक इसे राजनीतिक साजिश मान रहे हैं और महोत्सव के आयोजकों पर पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव उद्घाटन समारोह में डीसी रमेश घोलप ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इटखोरी, जो अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है, यह महोत्सव श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। डीसी ने कहा कि इस महोत्सव से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि राजकीय इटखोरी महोत्सव अपनी भव्यता और संस्कृति की समृद्धि के कारण न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी। यहां स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल हैं। साथ ही, बॉलीवुड कलाकारों की प्रस्तुति से महोत्सव और भव्य बन गया है। प्रशासन ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की है, ताकि आगंतुकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

# झामुमो करमा जोन की बैठक में चार पंचायतों में कमेटी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** प्राचीन शिव मंदिर विवाह भवन करमा में झारखंड मुक्ति मोर्चा, करमा जोन की बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य भुवनेश्वर महतो और संचालन प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य सह प्रखंड पूर्व कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य राजकुमार महतो मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्रखंड स्तरीय सदस्यता अभियान तेज करने समेत संगठन की मजबूती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तत्पश्चात करमा जोन अंतर्गत करमा उत्तरी, करमा दक्षिणी, रतवे और छोटकीडुंडी पंचायत समिति का पुर्नगठन किया गया। जिसमें करमा उतरी का अध्यक्ष दुलारचंद महतो, सचिव नासिर हुसैन, कोषाध्यक्ष लच्छू मुंडा, करमा दक्षिणी का अध्यक्ष भुनेश्वर महतो उर्फ चंदन, सचिव सुखदेव राम मुंडा, कोषाध्यक्ष टुकेश्वर महतो, उपाध्यक्ष घनश्याम महतो, रतवे पंचायत का अध्यक्ष रामफल महतो, सचिव सुमन कुमार महतो, कोषाध्यक्ष रामजी मुंडा, उपाध्यक्ष पुष्पा महतो और छोटकीडुंडी पंचायत का अध्यक्ष बीरबल महतो, सचिव संतोष कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सोहराय करमाली, उपाध्यक्ष रामेश्वर मांझी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन की जिला कमिटी की बैठक संपन्न




गुमला। झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन की जिला कमिटी गुमला की बैठक कचहरी परिसर महासंघ कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जेक्शन उरांव ने की। बैठक में ऐक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर प्रतिनिधि चयन किया गया। बैठक में भाकपा माले के जिला सचिव कमरेड गजेंद्र सिंह की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूरी हुई। कामरेड महेंद्र, कामरेड दर्शन उरांव, कामरेड बिरसाई उरांव, कामरेड सविता कुमारी को राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया जो दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऐक्टू का राष्ट्रीय सम्मेलन 24 से 26 फरवरी प्रतिनिधि तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे। गुमला जिला से बाकी मजदूर खुला सत्र में 24 फरवरी को सैकड़ो मजदूर शामिल होंगे। सम्मेलन में श्रम कानून सहित तमाम मजदूर अधिकारों से संबंधित कार्यशाला में भाग लेंगे। बैठक गजेंद्र सिंह, सुषमा देवी, चिनगाड़े उरांव, ऐतरो उरांव व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या परिजनों ने जताया हत्या की आशंका


गुमला। सदर थाना क्षेत्र के करौंदी पंचायत के मटुकडीह गांव निवासी महिला ने गांव के समीप जंगल में आम के पेड़ में शॉल के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह 9 बजे ग्रामीणों को हुई। जिसके बाद घटना की जानकारी वृंदा पंचायत के मुखिया और गुमला पुलिस को भी दी गई। ग्रामीणों ने बताया महिला का सल्याटोली गांव में मायके है। ग्रामीणों ने मंगलवार की शाम महिला हिनो कुमारी को उसके पति अघन खड़िया के साथ बाईपास रोड में साइकिल से जाते हुए देखा था। लोगों ने बताया अक्सर पति-पत्नी में विवाद होते रहता था। दोनों ढोढरी टोली गांव मजदूरी का काम करने जाते थे। दोनों का एक बेटा व एक बेटी है। देखने से प्रतीत होता है की हत्या कर उसके शव को पेड़ में लटका दिया गया है। हालांकि घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं लोगों ने बताया की खेत में वापस लौटने के पैर के निशान भी पाए गए हैं। आम के पेड़ के नीचे ताजे पत्ते काफी संख्या में गिरे हुए थे। जिससे लोगों को संदेह पैदा हो रहा है। मटुकडीह गांव से 3 किलोमीटर दूर सुनसान जंगल में जाकर आत्महत्या करना भी लोगों में संदेह पैदा कर रहा है। वहीं सूचना के बाद कई घंटे बीतने के बाद भी पति घटनास्थल नहीं पहुंचा था।

### सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी ने पशु चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुरूमगढ़ में सशस्त्र सीमा बल 32 वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के मार्गदर्शन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुरूमगढ़ के ग्राउंड में आयोजित हुआ। जिसमें कुरूमगढ़, जिरमी, मनातू दरकाना, नवटोली और वहराटोली के ग्रामीणों ने अपने पशुओं का इलाज कराया। शिविर का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को पशुओं की देखभाल और उनकी बीमारियों के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान ग्रामीणों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कुल 58 पशुपालकों के 1386 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ग्रामीणों ने 32 वीं वाहिनी की सराहना की और नियमित रूप से इस तरह के शिविरों का आयोजन करने का अनुरोध किया। शिविर में चैनपुर प्रखंड के पशु चिकित्सक डॉ धर्म राक्षत विद्यार्थी, डी-समवाय कुरूमगढ़ के कंपनी प्रभारी अंकित कुमार और ग्रामीण उपस्थित थे।

### जेएससीए राज्यस्तरीय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से, तैयारी पूरी



गुमला। जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से जेएससीए अंतर जिला अंडर-23 क्रिकेट मुकाबले का शुभारम्भ होगा। टूर्नामेंट के पहले मैच में पलामू व सिमडेगा जिले की टीमें आमने-सामने होगी। गुमला को मिले राज्य स्तरीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी को लेकर जिला क्रिकेट संघ ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। वहीं राज्य स्तरीय क्रिकेट आयोजन को लेकर जे एस सी ए द्वारा गुमला में प्रतिनियुक्ति टीआरडीओ पूर्व रणजी खिलाड़ी अनवर मुस्तफा, अंपायर ओ पी राय, मनोरंजन कांजीलाल, स्कोरर संदीप रॉय व अनिकेतन राज के साथ एलओ अरुण राय गुमला पहुंच गये है। सेमीफाइनल तक गुमला में खेले जानेवाले क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग चरण में वेस्ट सिंहभूम, सिमडेगा, रामगढ़, दुमका, पलामू व खूंटी जिले की टीमें यहां खेलेंगी। तीन मार्च को क्वार्टर फाइनल व पांच मार्च को सेमीफाइनल गुमला में खेला जायेगा। सात मार्च को स्टेट लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल बोकारो में होगा।

### गुरदरी बॉक्साइट माइंस में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र आरंभ



गुमला। हिंडालको के सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत गुरदरी बॉक्साइट माइंस में महिलाओं के कौशल विकास हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उदघाटन कॉरपोरेट सीएसआर प्रमुख अभिजीत कुमार ने किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर सीएसआर प्रमुख श्वेता उपाध्याय और लोहरदगा-गुमला प्रमुख नीरज कुमार उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छह महीने तक चलेगा। जिसमें 40 महिलाओं एवं युवतियों को सिलाई के बुनियादी ज्ञान के साथ बच्चों के ड्रेस, पैंट आदि बनाने की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया जाएगा। जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। हिंडाल्को की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाना है।

# आरसी प्राथमिक विद्यालय अरमई में जमीनदाताओं ने सरकारी नौकरी की मांग को लेकर की तालाबंदी

**दो दिनों से लगातार ताला बंद रहने पर स्कूल प्रबंधन ने गुमला पुलिस के सहयोग से खुलवाया ताला पठन-पाठन हुआ आरंभ**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आरसी प्राथमिक विद्यालय अरमई में सरकारी नौकरी दिलाने की मांग को लेकर जमीन दाताओं ने दो दिनों से लगातार स्कूल में तालाबंदी कर दी। जिसे स्कूल में पठन-पाठन का कार्य पूरी तरह बंद हो गया। बुधवार को स्कूल बंद किये जाने के बाद फादर जेफरीन तिर्की ने पुलिस को बुलाया। पुलिस के हस्ताक्षेप के बाद स्कूल का ताला खुला और पठन पाठन कार्य आरंभ हुआ। फादर जेफरीन तिर्की ने बताया कि वर्ष 1936 में विद्यालय की स्थापना हुई थी और 1964 में स्कूल को अल्पसंख्यक स्कूल का दर्जा दिया गया। लगभग 80 साल से स्कूल संचालित है। स्कूल निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने जमीन दान दिया था। जिसके बाद जमीन दाताओं के बच्चों को स्कूल में निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। साथ ही नौकरी भी दिया गया है। लेकिन जमीनदाता स्कूल में सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। फादर जेफरीन ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक होगी। जिसमें पोस्ट खाली रहने पर वैंक्सी निकाली जाएगी और उसका परीक्षा लिया जाएगा। जिसके बाद किसी को सरकारी नौकरी मिल सकती है। जमीनदाता उनसे सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं वे कहां से देंगे। जब तक स्कूल में पोस्ट खाली नहीं होगा तब तक किसी को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को भी स्कूल बंद कर दिया गया था। उसके बाद 18 व 19 मार्च को भी ताला बंदी कर दिया गया। बच्चों का पढ़ाई बाधित होते देख स्थानीय अभिभावक भी जुटे और स्कूल खोलने की मांग करने लगे। जिसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद लेकर स्कूल को खोला गया।

# सांसद ने वीर बुधू भगत जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए जताया आभार



सुखदेव भगत (फाइल फोटो)।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद भगत की जयंती समारोह मैंना बगीचा में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जतरा एवं विकास मेला में हजारों लोगों के साथ-साथ सैकड़ो खोड़हा दल के नृत्य मंडली ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत एवं आयोजन समिति के सदस्यगण, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंत्री दीपिका पांडे सिंह, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, पूरे जिले एवं अन्य जिले से आए हुए पाहन पूजार, सभी खोड़हा दल के सदस्यगण, विकास मेला से संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण, लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा, गुमला, रांची, जमशेदपुर जिला से आए हुए अतिथि गण, भरनो से नृत्य मंडली, उर्सलाइन विद्यालय के बच्चियां, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के नृत्यमंडली के साथ-साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट करते हैं एवं अगले वर्ष होने वाले जयंती समारोह में इसी तरह का सहयोग का अपेक्षा रखते हैं।

# रायडीह के प्रसाद साहू की निर्मम हत्या के मामले का कोर्ट ने लिया संज्ञान

**डालस सचिव के निर्देश पर पीएलवी सदस्य पहुंचे मृतक के घर**

**मृतक के बच्चों को स्पॉनसरसिप योजना से जोड़ने की हुई बात**




खबर मन्त्र संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के पोगरा पंचायत के परसा गांव निवासी प्रसाद साहू के निर्मम हत्या मामले में न्यायालय ने संज्ञान लिया है। बुधवार को मृतक के घर पीएलवी सदस्य राजेश सिंह, प्रेम कुमार शाह एवं अशोक साहू पहुंचे तथा उनके परिजन से मिलकर उनके घर की स्थिति की जानकारी ली। मृतक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि उनके पति ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। घर में मृतक की बुढी मां समुद्री देवी, एक पुत्र एवं पांच पुत्री हैं। सभी पढ़ाई लिखाई करते हैं। मृतक की पत्नी को मंइया सम्मान योजना का लाभ मिलता है। मृतक की माता को वृद्धा पेंशन मिलता है। परिवार का राशन कार्ड है। जिससे परिवार को राशन मिलता है। डालसा सचिव ने बताया कि मृतक व्यक्ति के परिजनों को कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया गया है तथा मुआवजा के लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सभी तरह की सरकारी सहायता जिला प्रशासन के सहयोग से दिलायी जाएगी। जिनके वे हकदार हैं। उन्होंने बच्चों को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से बात कर स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की भी बात कही।

# गुमला: सहेली के घर गयी नाबालिग के साथ भाई ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**पिता ने डुमरी थाना में दर्ज करायी प्रथमिकी, अभियुक्त ने घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की नाबालिग को दी थी चेतावनी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने पुष्टि की है कि पीड़िता के पिता के आवेदन के आधार पर पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना को लेकर पिता ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी को अपनी सहेली के साथ महुआडंड मेला देखने गई थी। जब शाम को वह घर नहीं लौटी, तो परिवार ने चिंता जताई। 14 फरवरी को पिता और उनकी पत्नी ने महुआडंड जाकर अपनी बेटी को खोजने का प्रयास किया। वहां उन्हें अपनी बेटी और उसकी सहेली की बहन मिली। जिसने बताया कि रात होने के कारण वे वहीं रुक गए थे। घर लौटने के बाद पीड़िता काफी डरी हुई थी और किसी से बात नहीं कर रही थी। 16 फरवरी को उसने अपनी मां को बताया कि मुनि कुमारी के घर में सोने के दौरान उसकी सहेली का भाई रात में उसके बिस्तर में आ गया और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो उसके मुंह को दबा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने कहा कि यदि उसने किसी को बताया तो उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि समाज में सुरक्षा और नाबालिगों के खिलाफ अपराधों के प्रति जागरूकता का भी सवाल उठाती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी जल्द ही कानून के शिकंजे में होंगे। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है और परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है। पुलिस ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे मामले में सहयोग करें और किसी भी तरह की जानकारी साझा करें। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि मंगलवार देर शाम उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है। एक छापेमारी दल गठित किया गया है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक भूषण ने मनीष को बनाया गुमला जिला प्रतिनिधि



**गुमला।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मनीष कुमार को गुमला जिला विधायक प्रतिनिधि बनाया है। मनीष के विधायक प्रतिनिधि बनने पर कांग्रेसियों ने बधाई दी है। मौके पर मनीष ने कहा कि जो विश्वास विधायक ने जताया है उसपर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा। क्षेत्र की जनता के समस्याओं के समाधान व पार्टी को मजबूत करना उसका लक्ष्य होगा। बधाई देने वालों में बसंत गुप्ता, विकास गुप्ता, बबलू सिंह, ऋषिकांत साहु, मनु साहु, रोहित एक्का, सत्यनारायण केशरी, संजू साहु, सूरज व रोहित शामिल है।

## डीडीसी ने घोड़ाटांगर गांव का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** डीडीसी दिलेश्वर महतो ने बदरी पंचायत के घोड़ाटांगर गांव का भ्रमण कर कई योजना का निरीक्षण किया। इस क्रम में बिरसा हरित ग्राम योजना से लगे पौधारोपण, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, पशु शेड, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, आम बागवानी सहित कई योजनाओं को देखा और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही लाभुकों से भी योजना से संबंधित जानकारी लिया। इसके साथ ही 8 एकड़ में लगे आम बागवानी को देख खुशी जाहिर की। इसके साथ ही कई अधूरे अबुवा आवास को देखा लाभुकों से बात किया और जल्द से जल्द अधूरे पड़े अबुवा आवास को पूर्ण करने की बात कही। साथ ही मनरेगा कार्यो में मजदूरों को ससमय भुगतान करने, मनरेगा कार्यो में तेजी लाने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ को दिया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, मनरेगा एपीओ इरफान, बीपीओ बेबी कुमारी, जिला आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, अशोक कुमार, मुखिया फिरंगी उराव, पंचायत सचिव दिनेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



मनरेगा से हुए कूप निर्माण कार्य का निरीक्षण करते डीडीसी।

## पूर्व क्रिकेटर सूरज उर्फ सेंटी के निधन पर लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन ने दु:ख जताया



लोहरदगा। जिले के पूर्व क्रिकेटर 50 वर्षीय सूरज कुमार सिन्हा उर्फ सेंटी का 18 फरवरी को रांची में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन सहित जिले के खेल प्रेमियों ने दुख प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। सूरज उर्फ सेंटी लोहरदगा की ओर से पहला सेंचुरी मारने वाले खिलाड़ी थे। जिन्होंने हेमन ट्रॉफी प्रतियोगिता में सन 1988-89 में मोतिहारी में खेले गए मैच में टीम की ओर से शतक लगाए थे। उनके निधन पर दुख प्रकट करने वालों में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता, सचिव आलोक राय, कोषाध्यक्ष नेयाज मलिक, रंजीत दे, नयन रंजन दत्ता, सुकेश शर्मा, मुकेश दुबे, प्रवीण प्रसाद, विशाल महेंद्रू, किशोर कुमार वर्मा, दुर्गा प्रजापति, अभय भारती, सरोज कुमार, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार समेत जिले के क्रिकेट प्रेमी शामिल हैं।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

लोहरदगा। मंगलवार को शाम 5:30 बजे आसपास ईरगांव स्टेशन लोहरदगा से 1 किलोमीटर पहले सासाराम से रांची ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की उम्र लगभग 60 साल के आसपास है जिनको पोस्टमार्टम हेतु सदर सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है। फिलहाल इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। कुछ लोगों का कहना है कि ट्रेन में खिलौने बेचने का काम करता था।

### बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



लोहरदगा। बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा द्वारा 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक नितिन किशोर, डीएम जेएसएलपीस बीपीन चंद्र और आरसेटी निदेशक सुरेश भगत के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर नितिन किशोर ने कहा की बकरी पालन एक ऐसा स्वरोजगार है जिससे लोग अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत एवं स्वावलंबी बना सकतें है। बकरी पालन की अपार सम्भावनाएं व्यक्त की जा रही है, बस जरूरत उचित मार्गदर्शन में बकरी पालन करने की है। बकरी को बेचने में कभी भी कहीं भी कोई समस्या नहीं आती है। उन्होंने बैंक द्वारा हर संभव मदद दिलाने की बात भी कही। विपिन चंद्र ने कहा की बकरी पालन में शुरूआत का खर्च बहुत ही सामान्य होता है जिसे आर्थिक रूप से कमजोर तबका भी वहन कर सकता है। उन्होंने सभी को सीखे गए बातों को अपने बकरी पालन में अपनाने को कहा साथ ही सभी के उज्वल भविष्य की कामना की, आरसेटी निदेशक ने बकरी को गरीबों की गाय कहा, उन्होंने बैंक के बारे में विस्तृत जानकारियां दी साथ ही आरसेटी द्वारा दी जाने वाली निशुल्क प्रशिक्षण की जानकारियां भी दी। संस्थान के संकाय दीपक कुमार ने स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी मौके पर लोहरदगा जिला के 20 प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## निश्चल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के भौरो रोड स्थित निश्चल पब्लिक स्कूल में बुधवार वार्षिक उत्सव मनाया गया। बच्चों के द्वार संस्कृति कार्यक्रम एवं खेलकुद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य राजमणि उरांव, विद्यालय के निदेशक शमिल उरांव उपस्थित हुए। जिप सदस्य राजमनी ने कहा कि शिक्षा ही वह अमूल्य धन है जो कभी खतम नहीं होता है जितना उसको बांटते उतना बढ़ता ही चला जाता है। ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा का अलग जगना ही एकमात्रा उद्देश्य है। निश्चल पब्लिक स्कूल भंडरा का गरीब से गरीब लोगों को शिक्षा से जोड़ना विद्यालय परिवार का मकसद है। इस दौरान दिव्यांगों के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यक्ष राम उरांव, शिक्षक सहबीर उरांव, पवन महली कामेश्वर गोप करीना कुमारी कलेश्वरी गोप जूली उरांव रामजी प्रसाद गुप्ता रिजवाना खातून रुखसाना खातून राजकुमार कमल उरांव, शिला उरांव, राजेश यादव, विनोद उरांव, ईश्वर साहू, सुदामा साहू, कैसर अंसारी सहित अभिभावक गण उपस्थित हुए।

## लोहरदगा : उद्यानिकी प्रशिक्षण के लिये किसान पटना रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय उद्यान विकास मिशन योजना के तहत बुधवार को जिला उद्यान कार्यालय द्वारा उद्यानिकी प्रशिक्षण को लेकर पटना स्थित पूषा कृषि अनुसंधान केंद्र के लिए अग्रणी किसानों को रवाना किया गया। चयनित किसानों को जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। जिसको लेकर उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण व आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आज के समय में कृषि के साथ उद्यान से जुड़ना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। पटना जाने वाले किसानों में प्रखंड उद्यान मित्र मृत्युंजय तिवारी कैरो, जयराम उरांव, एतवा उरांव, किसान बहादुर उरांव, बरतु साहू, सुसेन महतो, बजरंगी यादव, सुकरा उरांव, सनिया टाना भगत, गुरमुख टाना भगत, राजेश यादव, नीरज यादव, कमल साहू, तिला उरांव, राम उरांव मौजूद थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# नवप्रोन्नत आईएएस सीता पुष्पा के संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के पद पर पदस्थापना से हर्ष व्याप्त

**जिले के पूर्व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के संयुक्त सचिव, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग बनने पर लोगों में खुशी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के पूर्व समाज कल्याण पदाधिकारी सह नवप्रोन्नत आईएएस सीता पुष्पा के संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के पद पर पदस्थापना से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, लोहरदगा इकाई में हर्ष व्याप्त है। कायस्थ महासभा लोहरदगा के अध्यक्ष देवाशीष कर ने सीता पुष्पा को चित्रांश परिवार, लोहरदगा की ओर से बधाइयां एवं शुभकामना प्रदान की एवं उनके उन्नत प्रशासनिक सेवा भविष्य हेतु कामना व्यक्त की। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक गणेश लाल ने सीता पुष्पा के नवपदस्थापना पर हर्ष और गर्व व्यक्त किया तथा कहा कि लोहरदगा में उनके कार्यकाल के दौरान उनका सान्निध्य बेहद आत्मीय एवं स्नेहपूर्ण रहा। उनके कार्य कुशलता एवं व्यवहार हमारे कर्तव्यों में हमेशा मार्गदर्शन करते रहेगी। इंस्पिरेशन कोचिंग के अश्विनी कुमार ने पुष्पा को बधाई दी और कहा कि गुड गवर्नेंस एवं डिजिटल शिक्षा के दौर में पुष्पा की प्रतिभा, लगन एवं कार्य शैली से झारखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रचार-प्रसार में मदद मिलेगी एवं शिक्षा जगत लाभान्वित होगा। लोहरदगा कायस्थ महासभा के महामंत्री, दिलीप पटनायक ने कहा कि पुष्पा कायस्थ समाज के गौरव का प्रतीक है और हमारे समाज के सदस्यों के लिए प्रेरणाप्रद भी हैं। लोहरदगा में उनका कार्यकाल बेहद प्रसंसनीय, सराहनीय एवं प्रेरक रहा। पूर्व पार्षद प्रतीक प्रकाश ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि इससे संपूर्ण समाज को लाभ मिलेगा तथा कायस्थ समाज में प्रेरणा का संचार होगा। इसके अतिरिक्त कायस्थ महासभा के कृष्णा प्रसाद, राकेश अखौरी, राकेश सिंहा, विकेश सिंहा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ प्रेम प्रकाश सहाय, नीरज सिन्हा, ललन सिन्हा, शशिकांत दास, विजय दास, प्रेम सिन्हा, राकेश रंजन अंबस्था, अमर कुमार सिन्हा, श्यामा प्रसाद, सुनील श्रीवास्तव, राम दास, भास्कर सिन्हा, डॉ एनके सिंहा, राज सिन्हा, पुरुषोत्तम सिंहा, रवि सिन्हा, अनुज कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, सुशील पटनायक, राजेश सहाय, राजीव सिन्हा इत्यादि ने बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

# सांता पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्द्धा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**प्रतियोगिता से बौद्धिक विकास होता है : हेमंत कुमार**



**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के पांचवें दिन स्कूल के खेल मैदान में विभिन्न प्रतियोगिता बच्चों के बीच कराया गया। खिलाड़ियों से परिचय करते हुए स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार, स्कूल के कोषाध्यक्ष जयमंती एक्का सहित स्कूल के अभिभावक स्नेह लता एक्का, सागर गोप, सुषमा देवी, नीमा कुमारी, जानकी देवी,, सोनी देवी, रजनी करकेरट्टा, बलूटी देवी, देव साहू, जितनी कुमारी ने खेल की शुरूआत की। मौके पर हेमंत कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता से बौद्धिक और शारीरिक दोनों विकास होते हैं। खेल को करियर के रूप में बच्चे लें। स्कूल में बच्चों के विकास के लिए सभी क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और मन लगाकर खेलकूद करें। पेरेंट्स स्नेह लता एक्का, नीलम देवी ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष ध्यान देती है जो सराहनीय कदम है। यहां पर फ्री एडमिशन होना तारीफ के काबिल है। प्रतियोगिता में अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। म्यूजिक चेयर गेम में पेरेंट्स नीलम देवी फर्स्ट, सोनी देवी सेकंड, वहीं अभिभावक मैथ रेस में स्नेह लता एक्का फर्स्ट, बबीता देवी सेकंड रही। बच्चों के बोरा रेस में सचिता कुमारी फर्स्ट, सेकंड जिया कुमारी व स्नेह लता टोप्पो, गिरगिट रेस में संजू उरांव फस्ट, मौसम गोसाई सेंकेड, अनिल मिंज तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो के फाइनल पटेल दल फर्स्ट, सेकंड सुभाष दल को मिला। जूनियर वर्ग के फ्रॉग जम्प में आरुष उरांव फर्स्ट, करण साहू सेकंड रहा।

### अधर में लटका ब्रह्मणी-रेन्ची पथ, दर्जनभर गांव के लोगो का प्रखंड मुख्यालय का पहुंचना हुआ मुश्किल

# दो पंचायत अंतर्गत एक दर्जन गांव के 25 हजार की आबादी हो रही है प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत ब्रह्मणी से रेन्ची तक लगभग 12 किमी तक पथ निर्माण के अधर में होने से बारी व बनहरदी पंचायत अंतर्गत आने वाले एक दर्जन गांव के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है व लगभग 25 हजार की आबादी पूरी तरह से प्रभावित हो गयी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में लगे संवेदक के मनमानी एवं कार्य में लापरवाही के कारण काम शुरू हुए लगभग एक बर्ष बीतने को है लेकिन काम को अधूरा छोड़ दिया है। जिसे देखने वाला न तो विभाग के अधिकारी व न ही कोई जन प्रतिनिधि है। युवा समाज सेवी मंटू कुमार ने बताया कि उक्त मार्ग होते हुचलु, छातासेमर, रेन्ची, सुरली, बनहरदी, डड़ैया समेत कई गांव के ग्रामीण व स्कूली विद्यार्थी व ग्रामीण सासंग बाजार, विभिन्न विद्यालय व चंदवा प्रखंड मुख्यालय आवागमन करते थे, जिनकी परेशानी काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण को अधूरा तो छोड़ ही दिया गया है, साथ ही साथ मार्ग पर कई स्थानों पर पुलिया निर्माण को लेकर गड्ढा भी खोद दिया गया है, वह भी अधर में है, जिस कारण दो पहिया व चार पहिया वाहन तो दूर की बात पैदल चलना भी दूभर हो गया है। विगत 10 दिनों से मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है ऐसे में विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने व सासंग बाजार पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

दूसरी ओर ऐसे में किसी ग्रामीण की तबियत बिगड़ जाए तो उसे अस्पताल पहुंचने के लिए काफी मुसीबतो का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि गत अगस्त 2024 में भी ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया है। इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर काम कर रहे पेटी संवेदक नीरज सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि एफडीआर मशीन की कमी के कारण देरी हो रही है। फरवरी माह के अंत तक मशीन व्यवस्था कर काम को शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

# किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने दूसरे जंगलों से नीलगाय छोड़ने का किया विरोध

## मामले पर संज्ञान लेने की जिला प्रशासन से मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने पलामू व गढ़वा जिले के जंगलों से नील गायों को महुआडांड़ के जंगल में छोड़ने का विरोध किया है। दिन बुधवार को श्री पासवान ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि पलामू और गढ़वा जिले के जंगलों से 1 हजार नील गायों को महुआडांड़ के जंगल में छोड़ने की घोषणा की गई है जो किसानों के साथ सरासर नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला अंतर्गत स्थित जंगलों के हाथी, सूअर व नीलगाय किसानों के गेहूं, चना, राय, मसूर, इत्यादि फसलों को लगातार बर्बाद करते आ रहे हैं,यहां के किसान अपनी फसलों का जंगली जानवरों से बचाव के लिए रात-रात भर जाग कर रखवाली करते हैं। साथ ही जंगली हाथी,सूअर व नीलगायों से पहले से ही परेशान हैं,ऐसे में दूसरे जिलों के जंगलों से नीलगायों को लाकर यहां के जंगलों में छोड़ने से किसानों के फसल पूरी तरह बर्बाद कर देंगे और किसान तबाह हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मनिका वन क्षेत्र अंतर्गत के जंगलों में देखा जाए तो पहले से ही नीलगायों का उत्पात ज्यादा है इसलिए दूसरे जिलों के जंगलों से लाकर हमारे यहां नीलगायों को बिल्कुल नहीं छोड़ा जाए, बल्कि हमारे यहां के नीलगायों को किसी और जंगल में ले जाकर छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि किसान हित को देखते हुए सभी किसानों की ओर से हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि मामले पर अभिलंब संज्ञान लिया जाए।

अगर जिला प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं किया जाता है तो हम सभी किसान सड़क पर उतरकर विरोध करने को विवश होंगे।

➲ लातेहार के किसान जंगली हाथी,सूअर व नीलगायों से पहले से परेशान:सुरेंद्र पासवान



फाइल फोटोः सुरेंद्र पासवान।

## न्यूज डायरी

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारियातू ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न लोहरा 23वर्ष पिता कोलेश्वर लोहरा ग्राम टोटी थाना बारियातु निवासी मोटरसाइकिल से बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान बरियातू ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां घायल युवक का प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया और बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

### बाईक दुर्घटना मे युवक घायलरिम्स रेफर



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारियातु डाढा मोड के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से शत्रुधन लोहरा (23) पिता कलेश्वर लोहरा ग्राम टोटी निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को देखकर स्थानीय लोगों के सहयोग से एम्बुलेंस बुलाकर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बालुमाथ पहुचाया गया। जहां डॉ. धुर्व सत्य महतो ने उसका प्राथमिक उपचार किया व स्थिति के गंभीरता को देखते हुए, बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### वाहन के धक्के से युवक घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हाई स्कूल के समीप एक अज्ञात वाहन ने पैदल सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में परिजनों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद सेराज अंसारी ग्राम गालिब कॉलोनी थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के पास सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। और फरार हो गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# स्पॉन्सरशिप योजना में अनाथ बच्चे को जोड़ने को लेकर शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को बाल कल्याण समिति एवं बाल संरक्षण इकाई लातेहार के संयुक्त तत्वधान में स्पोंसरशिप योजना का शिविर लगाया गया। शिविर में सरयू प्रखंड और गारू प्रखंड के 20 बच्चों को स्पोंसरशिप योजना से जोड़ने हेतु बाल कल्याण समिति के सदस्य कुंदन गोप के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस शिविर में सरयू प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू द्वारा बताया गया कि यह योजना उन बच्चों के लिए बहुत हितकारी है जो अनाथ या आवश्यकता वाले बच्चे है। सरयू प्रखंड में इस तरह के बच्चों की पहचान की जाएगी और उन्हें इस योजना से लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही सभी अभिभावको को यही बताया गया कि जो राशि मिलेगी उसे बच्चे के शिक्षा पोषण में ही खर्च करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त लातेहार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अध्यक्ष बाल कल्याण समिति के निदेर्शानुसार वैसे बच्चे जो बाल कल्याण समिति लातेहार के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थ होते हैं, उनकी सहूलियत के लिए बाल कल्याण समिति द्वारा प्रखंड मुख्यालय में शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेगी। शिविर में बाल कल्याण समिति के सदस्य कुंदन गोप, एम रजा, जियाउल हक, रामकुमार सिंह, उमेश प्रसाद मुखिया गण समेत बच्चे भी उपस्थित थे। बता दें कि उक्त पथ निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत लगभग 11 करोड़ की लागत से हो रही है। सड़क निर्माण कार्य स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के द्वारा कराया जा रहा है।

# मनरेगा योजनाओं में चल रहा है फजीवाड़े का खेल : सुशीला

## ठोस कारवाई नहीं होने से कर्मियों का बढ़ा हुआ है मनोबल

➲ प्रमुख व उप प्रमुख ने केचकी पंचायत में की मनरेगा योजनाओं की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मनरेगा में धांधली को लेकर आए दिन मामले उजागर हो रहे हैं। मनरेगा योजना को संचालित करने के लिए शासन-प्रशासन भले ही कितनी पारदर्शी व्यवस्था बनाए, लेकिन ब्लाक स्तर पर संबंधित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से फजीर्वाड़े का खेल चलता रहता है। ठोस कार्रवाई नहीं होने से फजीर्वाड़ा करने वालों का हौंसला बुलंद है। ताजा मामला बरवाडीह प्रखण्ड के केचकी पंचायत से प्रकाश में आया है। जहां स्थानीय लोगों की शिकायत पर प्रमुख सुशीला देवी और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने केचकी पंचायत में क्रियान्वित मनरेगा योजनाओं की जांच की। जांच के दौरान पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह तथा उप मुखिया हरेंद्र राम भी मौजूद रहे। जहां प्रमुख ने बताया कि जांच के दौरान मनरेगा में बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे है। यहां एक ही जमीन पर कई लाभुकों की योजनाएं क्रियान्वित हो रही है। जिसमें लाभुक भी एक ही परिवार के सदस्य है। वहीं एक एकड़ जमीन में टीसीबी, मेंढ़बंदी का काम हो रहा है, वह भी आधा अधूरा है। इसके अलावा जांच में यह पाया गया है कि रविन्द्र प्रसाद हरित बागवानी योजना महज बीस डिसमिल जमीन पर है। इसी तरह लगभग एक एकड़ जमीन पर पिता और पुत्र के नाम पर आम बागवानी की योजना चल रही है। वहीं सरईडीह ग्राम निवासी सूचबनी देवी के नाम से दो वित्तीय वर्ष में दीदी बाड़ी योजना का लाभ दिया गया है, जिसमें हजारों रुपए का भुगतान भी किया गया है। प्रमुख ने नाराजगी जाहिर करते हुए मनरेगा लोकपाल संतोष कु.पंडित को दूरभाष पर पूरे मामले से अवगत कराते हुए उचित जांच की मांग की। वहीं मामले को लेकर जिले के उपायुक्त से कारवाई की मांग की है।



मनरेगा योजनाओं की जांच करते जनप्रतिनिधि।

# धर्मपुर पथ स्थित केनरा बैंक ब्रांच का किया गया नवीकरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** स्थानीय धर्मपुर पथ स्थित केनरा बैंक ब्रांच का बुधवार को नवीकरण किया गया। उप विकास आयुक्त लातेहार, सुरजीत सिंह के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने इनॉग्रेशन के दौरान शाखा प्रबंधक को निर्देश दिया कि सभी प्रकार की सुविधा ग्राहकों के लिए बैंक में उपलब्ध रखें। इसके अलावे बैंक की सुविधाओं को देखकर विकास आयुक्त ने इसकी सराहना की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रमा रविदास, क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग के सहायक महाप्रबंधक जयकृषणा लिंगमपल्ली वेंकटा, शाखा प्रबंधक, लातेहार आनंद कुमार श्रीवास्तव समेत सभी बैंक कर्मी समेत कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर केनरा बैंक के सौजन्य से धर्मपुर स्थित बुनियादी विद्यालय में केनरा बैंक के सीएसआर मद के तहत वालीबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन समेत अन्य खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लातेहार जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष रंजीत पांडे सचिव प्रवीण मिश्रा कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सुमित कई लोगों उपस्थित थे।

### 26 फरवरी से 8 मार्च तक मनाई जाएगी माता भगवती की जन्म शताब्दी

# कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा गायत्री विश्व गायत्री परिवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड समेत लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में आगामी 26 फरवरी से लेकर 8 मार्च तक अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा माता भगवती की जन्म शताब्दी समारोह मनाई जाएगी। जिसको लेकर गायत्री परिवार के द्वारा तैयारी को अंतिम रूप देने का काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है। जानकारी देते हुए देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा 108 दीप ज्योति कलश रथ चलाया जा रहा है। रथ यात्रा के माध्यम से मां गायत्री की देव स्थापना कर घर-घर तक गायत्री मंत्र के महत्व तथा गुरुदेव के विचार क्रांति से अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है। उक्त रथ झारखंड भ्रमण करते हुए 26 फरवरी को लातेहार जिले के बरवाटोली ग्राम में प्रवेश करेगी, 27 फरवरी गुरुवार को चंदवा में दोपहर 12:00 बजे उक्त रथ पहुंचेगी जहां पर रथ का स्वागत किया जाएगा। संध्या 7:00 बजे से प्रवचन व दीप यज्ञ आयोजित की जाएगी। जिसके निमित्त अखिल विश्व गायत्री परिवार चंदवा के द्वारा तैयारी को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है।

# नेतरहाट छात्र की हत्या केस की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई: महेंद्र साहू



**चंदवा।** भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू ने नेतरहाट में हुए 10 वर्षीय क्षितिज शर्मा की हत्या पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से प्रतिदिन सुनवाई करने और उन्हें जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की है। श्री साहू ने कहा कि छात्र की नृशंस हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। एक मासूम की निर्मम हत्या के अपराधी का इस सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। दोषी को अविलम्ब कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए,जिसके कारण इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना चाहिये। महेंद्र साहू से सरकार से भी मांग की है कि प्रावधान के मुताबिक शोकाकुल परिजन को उचित मुआवजा प्रदान करते हुए दोषी को सजा दिलाने का काम करें ताकि आमजन अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

## एक नजर में

### जंगल से भाग कर कुएं में गिरा कोटरा, वनरक्षीयों ने सुरक्षित निकाल कर जंगल में छोड़ा



**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम हामी में वीरेंद्र कुजूर के सरकारी कुएं में गिरे एक कोटरा को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। जिसके उपचार के बाद वनरक्षी कुणाल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग के द्वारा उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। इस संबंध में वनरक्षी कुणाल कुमार ने बताया की जंगल से भाग कर कोटरा ग्राम हामी निवासी वीरेंद्र कुजूर के खेत में बने कुएं में गिर गया था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर कोटरा को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं विभाग के वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। कोटरा पूरी तरह स्वस्थ है इसे सुरक्षित वनों में छोड़ा जा रहा है। रेस्क्यू टीम में वनरक्षी राजेश उरांव, मेढ़ारी ट्रैक्टर विजय बड़ाइक, संजीव पाण्डे समेत ग्रामीण शामिल थे।

### पुलिस अधीक्षक लातेहार ने किया महुआडांड़ थाना का निरीक्षण



**महुआडांड़ (लातेहार)।** पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव ने बुधवार वार को महुआडांड़ थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में मासिक कार्य विवरणी, मलखाना चार्ज, स्टेशन डायरी समेत अभिलेखों की जांच की। साथ ही थाना क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अपराधों में अंकुश लगाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में अनुसंधानकताओं से बारी-बारी से कांड के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश भी दिए। वहीं पुलिस पदाधिकारी को कांड में फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी करने, पूर्व से लंबित मामलों का यथाशीघ्र निपटारा करने, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस रहने का निर्देश दिया ।इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी अवनीश कुमार, पुअनि बंधन तिर्की, पुअनि अरविंद होरेंग समेत एएसआई एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप एक वर्ष पूर्व स्थापित किये गए नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा को असमाजिक तत्वो ने छतिग्रस्त कर दिया है। जिससे भोगता समाज मे रोष ब्याप्त है। तत्कालीन शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम ने अपने कोटे से यह प्रतिमा बनवाई थी एवम भब्य कार्यक्रम कर इसका उद्घाटन किया गया था। लोगो ने जांच कर कारवाई की मांग की है। एवम क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक कराने की मांग की है।

# चंदवाः मदरसा गुलशन ए सैयदना में जलसा ए दस्तार बंदी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्रबाजार स्थित मदरसा गुलशन ए सैयदना के द्वारा मंगलवार की रात पैगाम ए इंसानियत कॉन्फ्रेंस सह जलसा ए दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, जिप सदस्य सरोज देवी, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, कांग्रेस नेता बाबर खान, पुअनि ललन सिंह के द्वारा सामुहिक रूप से फीता काटकर कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि मदरसा में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान दें और परिवार के साथ साथ समाज का भी नाम रौशन करें। वहीं जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से वातावरण सुद्ध होता है। उन्होंने जलसा में उपस्थित लोगों से कहा कि हम सभी को मिलकर समाज को शिक्षित बनाने का प्रयास करना है। जलसा की शुरूआत कुरान ए पाक की तिलावत से की गई। मौलाना ने अपने तकरीर में बताया कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है, कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। वहीं उन्होंने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल के बताएं मार्ग पर चलकर ही लोगों को कामयाबी मिल सकती है हमें दुनियावीं तालीम के साथ साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए जिससे दुनिया के साथ साथ आखिरत की भी तैयारी हो सके। वहीं मदरसे में कुरान शरीफ मुकम्मल कर चुके चार बच्चों की दस्तार बंदी की गई। जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में सैयद नोमान कलामी कादरी, गुलाम रब्बानी नश्तर इलाहाबादी, मौलाना अब्दुल हन्नान फैजी चतुवेर्दी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉंग्रेस नेता बाबर खान, मुफ्ती अब्दुल मन्नान कलामी, अब्दुल कलाम कादरी, मौलाना वसीम मिस्वाही, मो अब्दुल, मो बबलू, अफरोज अलाम, शाहरुख खान, मो शाहिद, अशरफ टेलर, मो खुर्शीद, मो काशीद ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

# दुमका : एसकेएमयू के पीजी में नामांकन के लिए मेधा सूची हुआ जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में गुरुवार को पीजी नामांकन के लिए मेधा सूची जारी हुआ। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय की ओर से 2 से 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया था। इस दौरान कुल 7248 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न 5 कॉलेजों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। कई विषय ऐसे हैं। जिनमें उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। जिसमें मुख्य रूप से भूगोल, हिंदी, इतिहास, संथाली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, जन्तु विज्ञान आदि विषय शामिल हैं। जिस विषय में उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। उसकी मेधा सूची बनेगी। शेष अन्य विषयों में उपलब्ध सीटों से कम छात्रों ने आवेदन किया है। उनमें सभी छात्र नामांकन ले सकेंगे। विवि परिसर के पीजी विभाग में नामांकन लेने के इच्छुक छात्रों का प्रमाण प्रत्र सत्यापन विवि के पीजी ऑफिस और मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। इसके लिए कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर डीएसडब्ल्यू ने विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के सहायक प्रोफेसर के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया। उक्त दस्तावेज सत्यापन टीम में डॉ अरिजीत, डॉ अनिता हेम्ब्रम, डॉ कमल शिवकांत हरि, डॉ गणेश, कृष्णा कुमारी, डॉ अमित मुर्मू, डॉ निर्मल मुर्मू, डॉ हिमाद्री दत्ता, डॉ सुनील यादव, डॉ ज्ञान चंद एवं विभिन्न विभागों के जेआरएफ शोधकर्ता शामिल थे। सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम ने कहा कि मेधा सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। कोई भी छात्र सूची में अपना नाम देखकर गुरुवार से दस्तावेज सत्यापन करा नामांकन ले सकतें है।

**पीजी सेमेस्टर-3 समेत 2 व अन्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि**

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी। जिसमें पीजी सेमेस्टर-3 के साथ बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं भी शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बुधवार को उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। पीजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 25 फरवरी से 4 मार्च तक भरे जायेंगे। जबकि 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 5 से 7 मार्च तक फार्म भरे जा सकेगे। विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ 8 से 10 मार्च तक परीक्षा फार्म भरे जायेंगे। बीबीए बीसीए सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 22 फरवरी से 1 मार्च तक निर्धारित है।

# बोकारो : जागरुकता कार्यक्रम में इस्पातकर्मियों ने ली सुरक्षा-शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 81 अधिकारियों-कर्मचारीगण तथा निविदा-कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग से जीएम विकास गुप्ता एजीएम शुकदेव महतो सहायक प्रबंधक विराट चौधरी तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से एजीएम दिलीप तिर्की उपस्थित थे। सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में जीएम विकास गुप्ता ने इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व की जानकारी दी एवं सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात ऊर्जा प्रबंधन विभाग के एजीएम दिलीप तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने किया।

कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था।

## एक नजर में

### एमजी कॉलेज में आपदा प्रबंधन को लेकर सेमिनार का हुआ आयोजन




रानेश्वर। मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में भूगोल विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर बुधवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन की जानकारी हर विद्यार्थियों को होनी चाहिए। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद रजा ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न उपायों पर चर्चा किया। भूगोल के विभाग अध्यक्ष प्रो हुमायूं कबीर में विश्व में घटित हो रहे हैं विभिन्न प्रकार के आपदाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन आपदाओं में कुछ प्राकृतिक जनक है। भूगोल विभाग के प्रो जय मंगल राय ने बताया कि आपदा प्रबंधन आज मनुष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसे ठीक से सीखने की जरूरत है। दर्शन विभाग के डॉ रूपम कुमारी ने आपदा प्रबंधन के लिए जागरूकता फैलाने का आवाह्न किया। मौके पर प्रशांत पातर आदि मौजूद थे।

### दुमका : झामुमों ने चलाया सदस्यता अभियान

दुमका। सिदो कान्हू चौक(पोखरा चौक) में झारखंड मुक्ति का सदस्यता अभियान बुधवार को चलाया गया। सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें शहर के लोगों ने सदस्यता रसीद कटवा कर सदस्यता प्राप्त की। जिसमें मुख्य रूप से जामा विधायिका डॉ लुइस मरांडी, जिला सचिव निश्चित बरन गोलदार, जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया, नगर प्रभारी रवि यादव, शिवेंदु चक्रवर्ती, सुमंत यादव,राजेश सिंह, पराक्रम शर्मा, गौरव झा, मृणाल झा, अमित रक्षित, सोनु शेख, इंदु चोबे, गीता देवी, कृष्णा देवी आदि समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बेरमो थाना परिसर में पेवर ब्लॉग के कार्य का विधायक कुमार जयमंगल ने किया शिलान्यास

बेरमो। बेरमो थाना परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने का शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने किया साथ ही बेरमो अनुमंडल के तूरियो भंडारी व चंद्रपुरा मैं करोड़ों की लागत पीसी सी पथ एवं फेबर ब्लॉक नाला का शुभ शिलान्यास किया साथी ही नगर परिषद में खड़े स्वीपर मशीन को जल्द से जल्द चालू करने के लिए नगर कार्यपालक को कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया क्षेत्र में जन समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

### पेटरवार प्रखंड के सदमा, ओरदाना और पतकी में विशेष राजस्व शिविर आयोजित

बेरमो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न अंचलों में चल रहे विशेष राजस्व शिविरों के तहत मंगलवार को पेटरवार अंचल के सदमा, ओरदाना और पतकी में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और खतियानी रैयत के उत्तराधिकार, आपसी बंटवारे एवं दाखिल-खारिज, जाति, आवासीय, आय से संबंधित आवेदन जमा किए। शिविर में पेटरवार सीओ अशोक राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं मौके पर ही हसीना खातून, आशीष मुण्डा का तुरंत ही आवेदन का सत्यापन भी किया गया। जबकि सुनीता मुण्डा का जाती प्रमाणपत्र निर्गत किया गया। साथ ही मौके पर कई मामलों का निपटारा किया। सीओ ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों का त्वरित समाधान करना है, जिससे लोगों को अनावश्यक दौड़भाग से राहत मिले। शिविर में हल्का कर्मचारी एवं अन्य अंचल कर्मियों ने भी भाग लिया और आमजन की समस्याओं को सुना। विशेष शिविर 3 मार्च तक जारी रहेंगे और जिले के विभिन्न हल्का क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

### जरीडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में अमन पैंथर ने तरुण डिफेंडर्स को हराकर जमाया कब्जा

बेरमो। जरीडीह बाजार ग्राउंड में चल रहे जरीडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच अमन पैंथर तथा तरुण डिफेंडर्स के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन पैंथर ने 129 रनों का लक्ष्य दिया वहीं तरुण डिफेंडर ने स्कोर का पीछा करते हुए 116 रण में ही सिमट गई। बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी तथा मेडल देकर सम्मानित किया मैन ऑफ द मैच अमन कुमार को दिया गया ।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : ट्रेन से कटकर युवक की गयी जान

**शिकारीपाड़ा।** दुमका शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पिनरगड़िया रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को दुमका रामपुरहाट रेलवे ट्रैक से एक युवक का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया। बरामद शव की पहचान पिनरगढ़िया गांव के ही इमाम अंसारी उम्र लगभग 18 वर्ष के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार इमाम अंसारी अपनी मां की बीमारी को लेकर काफी उद्वेलित रहता था। इमाम अंसारी की मां गोलेनूर बीवी किडनी की बीमारी से गंभीर रूप से बीमार चल रही हैं। इमाम अंसारी के पिता नहीं है और दोनों भाई मजदूरी कर घर चला रहे थे। घटना की सूचना पाकर पहुंची शिकारीपाड़ा पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण हेतु अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### बोकारो : जैक की 10वीं की परीक्षा में पकड़े गये मुन्ना भाई



बोकारो। बोकारो में जैक की ओर से संचालित मैट्रिक परीक्षा के दौरान किसी और परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा एक छात्र पकड़ा गया। उसे तत्काल परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। मामला चास प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद सेंटर का है। परीक्षा केंद्र में वीक्षक द्वारा छात्रों के एडमिट कार्ड का सत्यापन क्रम में पाया गया कि राज कुमार गुप्ता नामक एक छात्र एक अन्य छात्र दयाल कुमार बाउरी के नाम का एडमिट कार्ड लेकर बैठा है। वीक्षक द्वारा संदेह होने पर संबंधित छात्र के एडमिट कार्ड एवं उसके आधार कार्ड का मिलान किया गया, जिसमें अंतर पाया गया। इसके बाद वीक्षक ने पूरे मामले की जानकारी केंद्राधीक्षक को दी। केंद्राधीक्षक ने मामले से जिले के वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित छात्र को निष्कासित करते हुए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में जिला डीईओ जगरनाथ लोहरा ने बताया कि मामले से झारखंड अधिविद्य परिषद को अवगत करा दिया गया है।

### अंडर-23 क्रिकेट का पहला मैच लोहरदगा व गढ़वा के बीच होगा

दुमका। राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ एटीएम ग्राउंड में होगा। गुरुवार को पहला मुकाबला लोहरदगा और गढ़वा के बीच होगा। 28 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में लोहरदगा गढ़वा के अलावा रांची, धनबाद, गुमला और जामताड़ा की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में जिला क्रिकेट संघ द्वारा तैयारी की गई है। बुधवार को भी संघ के पदाधिकारी स्टेडियम में तैयारी का जायजा लेते रहे। जेएससीए के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अंडर 23 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम बुधवार को गुमला के लिए रवाना हुई। जहां उसका पहला मुकाबला 21 फरवरी को पश्चिमी सिंहभूम से होगा। 16 सदस्य टीम के कप्तान अंकुश रावत को बनाया गया है। इसके अलावा टीम में लक्ष्मण यादव, अंकित रावत, कुणाल यादव, सचिन मुंडा, प्रीत सिंह, विकास कुमार सिंह, देवराज गुप्ता, ऋषि शर्मा, रज्जाक अंसारी, उल्लास महतो, अभिषेक मंडल, रोनित कुमार, जयकांत मंडल, तुषार कुमार जयसवाल तथा आयुष कुमार सिंह को शामिल किया गया है। टीम के मैनेजर दिनेश कुमार दिनेश कुमार सिंह को बनाया गया है।

**सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर एसडीओ चास ने की बैठक, कहा**

# परिवहन नियमों की अनदेखी पर ट्रांसपोर्टर पर होगी सख्ती

- डीटीओ ने कहा कि वाहनों के साथ संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध भी नियम संगत कार्रवाई होगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर एसडीओ चास प्रांजल ढांडा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सीटीपीएस/बीटीपीएस प्रबंधन के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की गई।

मौके पर डीटीओ वंदना शेजवलकर एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। बैठक में डीटीओ ने बताया कि मालवाहक वाहनों का परिचालन खलासी द्वारा किए जाने व ओवरलोड एवं छाई/कोयले के ढुलाई क्रम में तिरपाल का इस्तेमाल नहीं करने से सड़क दुर्घटनाएं होती है।

मौके पर एसडीओ चास ने कहा कि पीएसयू अपने यहां संचालित वाहनों में सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों की अनदेखी नहीं हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में परिवहन विभाग एवं उनके द्वारा सघन वाहन जांच अभियान दिन व रात में चलाया जाएगा। अगर किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों/यातायात नियमों/मोटर वाहन अधिनियम आदि की अनदेखी पाई जाती है, तो कार्रवाई के साथ जुमार्ना वसूला जाएगा।

बैठक के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि वाहनों के साथ संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध भी नियम-संगत कार्रवाई होगी। इसलिए ट्रांसपोर्टर सुनिश्चित करेंगे कि उनके वाहन में सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध हो- वाहनों का बीमा व टैक्स आदि अपडेट हो।

# बीएसएल के सीओ एवं सीसी विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीओ एवं सीसी विभाग में जीएम भूषण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग के अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला का संचालन बीएसएल के राजभाषा अधिकारी डीजीएम आलोक कुमार तथा एजीएम मानस चंद्र रजवार द्वारा किया गया। कार्यशाला में राजभाषा विभाग की तरफ से प्रधानाचार्य डॉ एनके राय उपस्थित थे। कार्यशाला में उप प्रबंधक लखविंदर सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं तत्पश्चात बीएसएल के राजभाषा अधिकारी डीजीएम आलोक कुमार ने हिंदी का राजभाषा के रूप में महत्व व इसकी उपयोगिता तथा संविधान में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप हिंदी पत्राचार में यूनिकोड का अधिकाधिक प्रयोग करने की अपील की। कार्यशाला में हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन विभाग के उप प्रबंधक लखविंदर सिंह ने किया।

# बेरमो : याद किये गये छत्रपति शिवाजी, लगा रक्तदान शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर समर्पण एक नेक पहल की ओर से महिला मण्डल करगली में रक्तदान शिविर सह बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता संस्था के चंदन कुमार चौहान ने किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि बेरमो सीओ संजीत कुमार, विशिष्ठ अतिथि बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, संस्था के चंदन कुमार चौहान एवं अतिथियो ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि सीओ कुमार, थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि देश के महान सपूत वीर शिवाजी के कार्यों की सराहना की। हम सबों को आज पुण्य प्रतापी राजा वीर शिवाजी से प्रेरणा लेकर स्वंय को सशक्त, साहसी और भारत को अक्षुण्ण रखने में पूर्ण सक्षम बनाना ही होगा। साथ ही रक्तदान शिविर में हेल्थ प्वाइंट ब्लड सेंटर रांची के द्वारा किया गया। जिसमे प्रवीण कुमार, रामप्रवेश, साजिद अंसारी, उर्मिला कुमारी ने रक्त दाताओ से लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह किया। मौके पर महरुद्र सिंह, अध्यक्ष सत्येंद्र चौहान, अर्चना सिंह, कैलाश ठाकुर, भरत वर्मा, विनोद चौहान, बुक्कू दा, गुड्डू शर्मा, बबलू सिंह, शंभू पंडित, किशोर, परमानंद सिंह, जयंतिका, मंजू, परमिंदर, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# दुमका : फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका


छानबीन करने पहुंची पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के जरुआडीह इलाके में मो आर्यन नामक 22 वर्षीय युवक का शव मिला है। परिजनों का कहना है कि यह हत्या है और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात घर से मृतक आर्यन निकला था। बुधवार को शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक आर्यन के भाई मो सिद्दीकी ने बताया कि मंगलवार रात 8 बजे मेरी नजदीक के ही चौक पर मुलाकात हुई थी। उसे घर जाने को कहा। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो हमलोगों ने उसे फोन लगाया। काफी रिंग हुआ पर उसने फोन नहीं उठाया। सुबह पड़ोसी ने जानकारी दिया कि जरुवाडीह बस्ती के आगे सुनसान इलाके में आर्यन का शव है। सिद्दीकी ने बताया कि वह पांच भाई हैं। आर्यन सबसे छोटा था। आर्यन मेन रोड स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था। कुछ ही दिनों के बाद जो दुमका में हिजला मेला लगने वाला है। उसमें एक दुकान भी खोलने वाला था। सिद्दीकी ने जोर देकर कहा कि भाई आत्महत्या करने वाला इंसान नहीं था। निश्चित रूप से उसकी हत्या की गई है और घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। उसने दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ विजय कुमार महतो, नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद व फॉरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंची। स्वान दस्ता भी बुलाया गया। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। जब मृतक मो आर्यन के कपड़ों की तलाशी ली गई, तो एक मोबाइल और एक पर्स बरामद हुआ है। उसने कान में आईपॉड भी लगा रखा था। सभी सामान का पुलिस जांच कर रही है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ**

**घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ विजय कुमार महतो ने कहा कि 22 वर्षीय युवक का शव मिला है। इस मामले में अनुसंधान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।**

# कसमार : वन समितियों को सक्रिय करने को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री श्रीकीर्ति वर्धन सिंह के कसमार प्रखंड के भ्रमण के दौरान उत्तरी छोटानागपुर केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के संबंध में महतो ने बताया कि तत्कालीन बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के संकल्प संख्या 5244/व०प० दिनांक 08/11/1990 के कण्डिका 17-18 एवं 19 के तहत ग्राम वन प्रबन्धन सह संरक्षण समिति को वन से आधारित वनोपजों का विपणन में 90 प्रतिशत अधिकार वर्णित है तथा वनों की संरक्षण का दायित्व ग्रामीणों को दिया गया है। जिसके तहत समिति के अध्यक्ष तथा विभाग के वनपाल को संयुक्त खाता से वनों का विकास का कार्य करना है। आज झारखण्ड में दस हजार से अधिक समिति गठित है तथा वनों की सुरक्षा का कार्य किया जा रहा है। किन्तु विभाग की अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने तथा सरकार की संकल्प का अनुपालन नही होने से संयुक्त ग्राम वन प्रबन्धन समिति निष्क्रिय होते जा रही है। बोकारो वन प्रमण्डल के अंतर्गत सीसीएल कारो परियोजना का विस्तार हेतु 558 एकड वन भूमी का एनओसी दिया गया है। जिसमें समिति के द्वारा बचाया गया लाखों पेड़ कटेंगे। इस तरह से सरकार का संकल्प कहीं पर भी लागू होता नहीं दिखता है। इस पर राज्यमंत्री ने ज्ञापन को गंभीरता से लेकर निराकरण करने की बात कही है। प्रतिनिधिमंडल में आनंद महतो गंगाधर महतो व अन्य शामिल थे।

# बेरमो : 22 फरवरी को स्पेशल लोक अदालत आयोजित होगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निर्देशानुसार शनिवार 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में स्पेशल लोक अदालत लगाया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत में मेट्रोमोनियल के मामले और चेक बाउंस के मामले का निष्पादन किया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया है। इसकी पहले बेंच पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एव अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति व अधिवक्ता बिनोद गुप्ता रहेंगे। ये जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति की सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने देते हुए बताया कि अब तक कई मामलों का निष्पादन किया गया है। जिस भी मुवक्किल को अपने मामलों का समझौता के आधार पर मामले का निष्पादन कराना हो वह खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर मामले का निष्पादन करवा सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### डमरू और शंख ...

इसके बाद मंत्री और अन्य अतिथियों ने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया।**पारंपरिक नृत्य-संगीत :** उद्घाटन के दौरान उरांव नृत्य, नागपुरी नृत्य, कडसा नृत्य और मानभूम छऊ नृत्य के माध्यम से अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। महोत्सव के अवसर पर कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया गया। सनातन, बौद्ध और जैन धर्म के इस संगम स्थल पर अगले तीन दिनों तक देश-प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अलावा, पुरातत्वविद और इतिहासकार भी महोत्सव के दौरान आयोजित सेमिनार में भाग लेंगे। 21 फरवरी की रात्रि में इटखोरी महोत्सव का समापन होगा।

### गिरिडीह सड़क हादसे ...

**मृतकों की पहचान :** पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी रहने वाले 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा (40), गोपाल कुमार (21), गुलाब कुमार ( इसरी बाजार ) के तौर पर की गयी। एक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, बाइक पर सवार मृतकों में मधुबन थाना इलाके के छछंदो निवासी बबलू कुमार टुडू (26) तथा मधुबन थाना इलाके के धावाटांड निवासी हुसैनी मियां (55) के तौर पर हुई है।

### रेखा गुप्ता होंगी ...

अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद आतिशि ने दिल्ली की सीएम की कुर्सी संभाली थी। अब रेखा गुप्ता यह पद संभालेंगी। 27 साल बाद भाजपा को दिल्ली विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिला है।
**कौन हैं रेखा गुप्ता :** रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर आयी हैं। उन्होंने आप की वंदना कुमारी को हराया था। रेखा गुप्ता वर्तमान दौर में भाजपा की एकलौती महिला सीएम होंगी। दिल्ली भाजपा के एक बड़े नेता की मानें तो जिस दिन दिल्ली चुनाव के नतीजे आये थे, उसी दिन रेखा गुप्ता का नाम फाइनल कर दिया गया था। संघ से उनके कनेक्शन ने भी इसमें बड़ा रोल अदा किया। पार्टी आलाकमान ने संभावित सीएम और मंत्रियों को 90 दिन का रोडमैप प्लान तैयार कर देने को कहा था। इसमें खास बात यह है कि सिर्फ 48 विधायकों को ही यह रोडमैप बनाने के लिए कहा गया था। इनमें रेखा गुप्ता भी थीं। रेखा गुप्ता बनिया समुदाय से आती हैं, जिसका दिल्ली में बड़ा वोट शेयर है।

### इडी ने धनबाद ...

ईडी ने यह भी बताया कि एसीबी धनबाद द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर प्रमोद कुमार सिंह और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) फंड के दुरुपयोग के लिए जांच शुरू की गयी। प्रमोद कुमार सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के पद पर संविदा के आधार पर कार्यरत थे।

### नहीं मिला मैट्रिक का ...

इस कारण कई बार स्कूल समिति एवं शिक्षको के द्वारा छात्र व उनके परिजनों से संपर्क कर इस मामले को लेकर बात किया गया था लेकिन किसी प्रकार का सकारात्मक बात नहीं हो पाई थी। जिस कारण छात्र फॉर्म नहीं भर पाया था।

### पाकिस्तान आतंकवाद का ...

स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, लोगों की पसंद स्पष्ट और मुखर थी। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है, जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, गलत सूचना, झूठ तथा मिथ्या प्रचार का पाकिस्तानी अभियान जमीनी तथ्यों को नहीं बदलता। हरीश ने कहा, जैसा कि पाकिस्तान की आदत है कि वह संयुक्त राष्ट्र की किसी भी बैठक में कश्मीर मुद्दे को बिना किसी प्रासंगिकता के उठाता है। इस बार यह बहुपक्षवाद और वैश्विक शासन में सुधार पर परिषद के सत्र के दौरान हुआ।

# महाकुंभ में तीन लाख करोड़ के कारोबार का अनुमान : कैट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के जरिए बड़े कारोबार के होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा की विश्व के इस सबसे बड़े मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है और भारत में सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें काफी मजबूत है जो देश की मुख्य अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा भी है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रारम्भ होने से पूर्व एक अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के आगमन के आने की संभावना के साथ लगभग दो लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान था लेकिन पूरे देश में महाकुंभ को लेकर लोगों के अभूतपूर्व उत्साह के कारण उम्मीद की जा रही है कि 26 फरवरी तक लगभग 60 करोड़ लोग महाकुंभ में आयेंगे जिससे लगभग तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के बड़े व्यापार होने की संभावना है।

इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है तथा व्यापार के नए अवसरों का सृजन भी हुआ है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं और लगातार भारी मात्रा में प्रतिदिन लोगों का महाकुंभ में जाना जारी है। श्री खंडेलवाल ने महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करते हुए बताया कि अनुमान के अनुसार व्यापार के अनेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है, जिसमें प्रमुख रूप से अतिथि सत्कार एवं आवास, खाद्य एवं पेय पदार्थ, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, धार्मिक वस्त्र, पूजा सामग्री एवं हस्तशिल्प सहित अन्य अनेक वस्तुएं, कपड़ा, परिधान एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवाएं एवं वेलनेस सेक्टर, धार्मिक दान एवं अन्य धार्मिक आयोजन , मीडिया, विज्ञापन एवं मनोरंजन, बुनियादी ढांचा विकास एवं नागरिक सेवाएं, टेलीकॉम, मोबाइल, ए आई तकनीक, सीसीटीवी कैमरा और अन्य तकनीकी उपकरणों के उपयोग आदि में बड़ा व्यापार हो रहा है जिससे बड़ी मात्रा में लोगों को रोजगार भी मिला है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि प्रयागराज के अलावा 150 किलोमीटर के दायरे में स्थित अन्य शहरों और गांवों में भी महाकुंभ के कारण व्यापक व्यापारिक लाभ हुआ है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बढ़ावा मिला है।

## आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने संगम में लगाई डुबकी




**कुंभनगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हर दिन लाखों लोग डुबकी लगाने आ रहे हैं। इसी बीच साउथ सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण अपने परिवार के साथ महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगायी। साथ ही पूजा-अर्चना के बाद एक्टर ने मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि महाकुंभ में में आना उनका सपना रहा है। उन्होंने कहा, जब मैंने इस पल को अनुभव किया, मुझे केवल यही एहसास हुआ कि चाहे आप कितने भी मशहूर या अमीर क्यों न हों, इस विशेष अनुभव की भरपाई कभी नहीं की जा सकती। ऐसी शुभ स्थिति में करीब 50 करोड़ लोग एक स्थान पर एकत्र हुए हैं और मुझे खुशी है कि मैंने इसमें हिस्सा लिया।

यह मेरे लिए सबसे सुखद अनुभव है। मैं हमेशा देश और मानवता की भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। सुपरस्टार ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर इसकी जानकारी दी । तस्वीरों के कोलाज में पवन कल्याण को अपनी दूसरी पत्नी अन्ना लेज्नवा और बेटे अकीरा नंदन के साथ नजर आ रहे हैं। डुबकी लगाने के बाद पवन कल्याण अपनी पत्नी को सिंदूर लगाते दिख रहे हैं।

# खतरे में तालिबान की अखुंदजादा सरकार

## डिप्टी संग खटपट के बीच गृह मंत्रालय के बाहर गोलीबारी

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** तालिबान शासित अफगानिस्तान में हालिया हिंसा और नेताओं के बीच गहरे मतभेदों के चलते अखुंदजादा सरकार खतरे में है। बुधवार को राजधानी काबुल में गृह मंत्रालय के बाहर गोलीबारी की घटना ने इस अस्थिरता को और उजागर कर दिया। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब अखुंदजादा और डिप्टी हक्कानी के बीच गहरे मतभेद चल रहे हैं। तीन सीनियर तालिबानी नेता या तो देश से बाहर हैं या उन्हें निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, तालिबान के तीन सीनियर नेता उप प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर, गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी और उप विदेश मंत्री अब्बास स्तानिकजई झ्र हाल के हफ्तों में अफगानिस्तान से बाहर चले गए हैं। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि या तो वे निर्वासन में चले गए हैं या फिर उन्हें देश से बाहर भेजा गया है। सबसे चौंकाने वाली अनुपस्थिति हक्कानी की मानी जा रही है, जो तालिबान में एक बेहद प्रभावशाली नेता हैं और कुख्यात हक्कानी नेटवर्क का नेतृत्व करते हैं। उन्हें तालिबान के सर्वोच्च नेता शेख हैबतुल्लाह अखुंदजादा के बाद अफगानिस्तान का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता है। कुछ लोगों का मानना है कि हक्कानी अखुंदजादा के बराबर ताकतवर हैं। लंबे समय से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि अखुंदजादा और हक्कानी के बीच सत्ता को लेकर गहरी खींचतान चल रही है। अखुंदजादा ने अफगानिस्तान में कठोर नीतियां लागू की हैं, जिनके तहत महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार के सभी अवसर खत्म कर दिए गए हैं। दूसरी ओर, हक्कानी और उनके समर्थक अपेक्षाकृत नरम रुख अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। उप विदेश मंत्री अब्बास स्तानिकजई भी उन नेताओं में शामिल हैं जो तालिबान शासन की सख्त नीतियों का विरोध कर चुके हैं। जनवरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने तालिबान सरकार द्वारा लड़कियों की शिक्षा पर लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था, ₹इस प्रतिबंध के लिए कोई बहाना नहीं है झ्र न अब और न भविष्य में। हम 2 करोड़ लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं। पैगंबर मुहम्मद के समय में भी ज्ञान के द्वार पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुले थे। स्तानिकजई की इस टिप्पणी को अखुंदजादा के अधिकार को चुनौती देने के रूप में देखा गया और इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए गए। हालांकि, उन्होंने अफगान मीडिया के अनुसार अपनी जान बचाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (वअए) में शरण ले ली। इसी तरह, सिराजुद्दीन हक्कानी भी करीब एक महीने से अफगानिस्तान से बाहर हैं। पहले वह वअए गए और फिर सऊदी अरब की यात्रा पर चले गए। उप प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर भी इस महीने की शुरूआत से ही इलाज के नाम पर कतर में मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार, इन तीनों शीर्ष नेताओं की अनुपस्थिति से यह संकेत मिलता है कि तालिबान के भीतर कंधारी गुट और हक्कानी नेटवर्क के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ₹इन नेताओं की अनुपस्थिति यह दिखाती है कि तालिबान के भीतर सत्ता संघर्ष तेज हो गया है, विशेष रूप से अखुंदजादा के सत्ता-केंद्रित रवैये के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है। इन आंतरिक मतभेदों के अलावा, तालिबान सरकार और पाकिस्तान के बीच भी तनाव बढ़ता जा रहा है। हाल के दिनों में दोनों देशों के सैनिकों के बीच सीमा पर कई झड़पें हो चुकी हैं। पाकिस्तान लंबे समय से इस बात से नाराज है कि तालिबान सरकार तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को समर्थन दे रही है। यह संगठन पाकिस्तान में कई घातक हमलों को अंजाम दे चुका है और अफगानिस्तान में तालिबान शासन के तहत उसने अपनी गतिविधियां और अधिक बढ़ा ली हैं।

# सीएम ने रोहतास जिले को दी 1,378 करोड़ की सौगात

### 1220 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाड़ी परिसर से रोहतास जिला के लिये 1,378.46 करोड़ रुपये की कुल 1,220 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्?घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 1,110.23 करोड़ रुपये 1,971 योजनाओं का शिलान्यास और 268.22 करोड़ रुपये की 249 योजनाओं का उ?द्घाटन शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड में 4,973.33 लाख रुपये की लागत से करमचट इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब योजना, ग्राम बादलगढ़ में 271.16 लाख रुपये की लागत से बोट हाउस कैंप योजना एवं दिनारा प्रखंड में 1489.33 लाख रुपये की लागत से भलुनी धाम इको पार्क योजना का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने दुर्गावती इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हॉट एयर बैलून बैलून तथा आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा साल के पत्तों से दोना एवं प्लेट के निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड के मलहीपुर पंचायत में ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मनहीपुर ग्राम का भ्रमण कर कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मलहीपुर पंचायत में निर्मित कराए गए बैंडमिंटन कोर्ट का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मलहीपुर में पंचायत सरकार भवन के समीप 9.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिवा पशु पशु शेड, बैडमिंटन कोर्ट, 9.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान तथा 9.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब का रिमोट के माध्यम से उ?द्घाटन किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के 321 लाभार्थियों को डेयरी उद्यम के लिए 1.8 करोड़ रुपये के आर्थिक सहयोग का सांकेतिक चेक, देशी गौ पालन प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों द्वारा संचालित भी प्रसंस्करण इकाई का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने संझौली प्रखंड के ग्राम बाजितपुर में कॉव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम घुसियोंखुर्द में इंटीग्रेटेड फार्मिंग एवं उत्कर्ष बायोफ्यूल प्लांट का मुख्यमंत्री ने भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक विशा निर्देश दिए।

# संक्रमित व्यक्ति का इलाज हो सकता है, संक्रमित सोच का नहीं : योगी

एजेंसी



**लखनऊ।** महाकुंभ को लेकर विपक्षी नेताओं की भाषा शैली को सनातन संस्कृति पर सीधा हमला करार देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि संक्रमित व्यक्ति का इलाज तो हो सकता है मगर संक्रमित सोच लाइलाज है। विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब देते हुये कहा ह्ल विपक्ष ने महाकुम्भ को लेकर कई गलत तथ्य प्रस्तुत किए और इसे धन की बबार्दी तक करार दिया। राजद प्रमुख महाकुंभ को फालतू कहते हैं तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इसे पैसे की बबार्दी बताते हैं। सपा नेता जया बच्चन ने कहा कि मौनी अमावस्या भगदड़ में मृत लोगों के शवों को बहा दिया गया जिससे त्रिवेणी प्रदूषित हो गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहते हैं कि भगदड़ में हजारों लोगों की जान चली गयी। इनसे भी बढ़ कर एक नेता यह भी कहती है कि यह महाकुंभ नहीं बल्कि मृत्यु कुंभ है। उन्होने कहा कि सनातन संस्कृति का विरोध करना वास्तव में इन नेताओं की आदत बन चुकी है। वास्तव में संक्रमित व्यक्ति का इलाज तो किया जा सकता है मगर संक्रमित सोच का इलाज संभव नहीं है। विपक्ष निरंतर महाकुम्भ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि यह आयोजन सनातन संस्कृति का गौरव है और इसे भव्य रूप से मनाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। अगर किसी को लगता है कि यह अपराध है तो उनकी सरकार यह अपराध बार बार करना पसंद करेगी। सरकार महाकुम्भ को ऐतिहासिक बनाने के लिए कृतसंकल्प है। श्री योगी ने कहा कि विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्ष के कुछ नेता महाकुम्भ जैसे आयोजन की भव्यता पर सवाल उठाते हैं और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं।

## जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद : मल्लिकार्जुन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके। श्री खरगे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आज यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा,हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण।

श्री खरगे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा, ₹हमारे सामने एक नयी चुनौती खड़ी हो गई है।

# रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढायेंगे भारत और मलेशिया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालंपुर में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया।

यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा।

रक्षा सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता, विशेष रूप से मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।

स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में बस से उतार कर 7 यात्रियों की हत्या

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के बरखान जिले में एक बस पर हमलावरों ने गोलीबारी की और बस से उतार कर कम-से-कम 7 यात्रियों की हत्या कर दी। मारे गए सभी यात्री पंजाब के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे। हमला मंगलवार देर रात हुआ। बरखान सहायक आयुक्त (एसी) खादिम हुसैन ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। जियो न्यूज के मुताबिक हथियारबंद हमलावरों ने मंगलवार देर रात बलूचिस्तान के बरखान जिले में एक बस पर गोलीबारी की और बाद में बस से उतार कर 7 यात्रियों की हत्या कर दी। हमला रारकन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका और हवा में गोलियां चलाईं। इसके बाद बंदूकधारी बस में चढ़े, यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और 7 लोगों को जबरन पास के एक पहाड़ पर ले गए। कुछ ही देर बाद गोलियों की आवाज सुनाई दी। सुरक्षाबल के जवानों के घटनास्थल पर पहुंचने पर अपहृत यात्रियों के शव पहाड़ी इलाके से मिले।

### प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर उन्हें कमजोर कर रही है इसलिए पार्टी संविधान की रक्षा के लिए अगले एक साल तक देश भर में संविधान बचाओ राष्ट्रीय यात्रा आयोजित करेगी। पार्टी ने कहा है कि इस दिनों देश में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है और चुनाव आयोग पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहा है। श्री मोदी तथा श्री शाह से मिल रहे इशारे के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में हेरफेर किया जा रहा है।

### पनामा नहर टोल प्रणाली को बदलने का कोई मतलब नहीं:मोरेनो

**पनामा सिटी।** पनामा नहर के संचालन के उपाध्यक्ष बोरिस मोरेनो ने कहा है कि पनामा नहर में जहाजों से टोल एकत्र करने की प्रणाली ने 25 वर्षों के काम के दौरान अपनी प्रभावशीलता साबित की है और अब इसे बदलने का कोई मतलब नहीं है। श्री मोरेनो ने कहा,₹हमें लगता है कि इस प्रणाली को बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह 25 वर्षों से अच्छी तरह से काम कर रही है।

### म्यांमार में बारूदी सुरंग विस्फोट में 9 लोग घायल

**यांगून।** दक्षिणी म्यांमार के तनिनथारी क्षेत्र में मंगलवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में बच्चों सहित नौ लोग घायल हो गए। सरकारी दैनिक द मिरर ने बुधवार को यह खबर दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों द्वारा किया गया यह हमला स्थानीय समयानुसार मंगलवार को दोपहर करीब 2:10 बजे हुआ उस समय जब नागरिकों को ले जा रहा एक हल्का ट्रक तनिनथारी टाउनशिप के एक गांव के पास से गुजर रहा था।

### ओटीटी पर रिलीज हुई वरुण की 'बेबी जॉन'

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों से सजी फिल्म 'बेबी जॉन' बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। 180 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 39.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। हालांकि, अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है, जिससे इसे नया दर्शक वर्ग मिलने की उम्मीद है। अगर आपने सिनेमाघरों में यह एक्शन-थ्रिलर मिस कर दी थी, तो अब अमेजन प्राइम वीडियो पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं।

अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है।

